राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-307
लखनऊ, गुरुवार 27 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी विकल्प चुनने की खुली छूट 03

सीएम धामी के विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होंगे 17 ओपन जिम 12


## संक्षिप्त समाचार

### गोल्डी बराड़ व गैंगस्टर साथी पर 10 लाख का इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने घोषित आतंकी सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके एक गैंगस्टर साथी गुरुप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों पर 10 लाख के इनाम की घोषणा की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को बताया कि गोल्डी बराड़ और उसका गैंगस्टर साथी चण्डीगढ़ में एक व्यापारी से फिरौती और उसके आवास पर गोलीबारी के मामले में वांछित है। जांच एजेंसी का कहना है कि इनमें से किसी एक के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख का इनाम दिया जाएगा और उनकी पहचान छिपाई जाएगी। एनआईए ने में पता और फोन नम्बर भी जारी किये हैं।

### डोडा मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया

**डोडा।** डोडा जिले के गंदोह के वन क्षेत्र में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार को एक और आतंकवादी को मार गिराया है। आज सुबह इसी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया था। माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए है, इसलिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को पहाड़ी जिले में हुए दोहरे आतंकवादी हमलों के बाद से सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के साथ पुलिस का गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी था। इस दौरान बुधवार सुबह गंदोह क्षेत्र के बजाद गांव में अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देख गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

### कात्याल को स्वास्थ्य कारणों से छह हफ्ते की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में अमित कात्याल को स्वास्थ्य के आधार पर छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस धर्मेश शर्मा की वेकेशन बेंच ने अमित कात्याल को ढाई लाख रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान अमित कात्याल की ओर से पेश वकील ने कहा कि अमित कात्याल की बेरियाट्रिक सर्जरी हुई है और उनका वजन 10 किलो घट गया है। उनको आगे जिस आपरेशन की जरूरत है, वो तिहाड़ जेल में उपलब्ध नहीं है। तब कोर्ट ने पूछा कि जब उनकी सर्जरी पहले की गई थी तो आरोपित ने ग्रीष्मावकाश में अंतरिम जमानत की अर्जी क्यों दाखिल की है। तब सिब्बल ने कहा कि उनकी जमानत याचिका ट्रायल कोर्ट ने हाल ही में खारिज की है।

### हरियाणा विस चुनाव को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में आज कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ महासचिव वेणु गोपाल और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। बैठक में हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजभान सिंह और रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी शामिल हुए। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार 26 जून को यह जानकारी साझा की। बैठक हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरी बार आहूत हुई है। चूंकि, हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस काफी सक्रिय हो चुकी है।

# उत्तर प्रदेश में हैं पर्यटन की असीम संभावनाएं : योगी

### ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है। यहां पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी।

मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें।



### कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रारंभ किए प्रयास

सीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रयास प्रारंभ किए हैं। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने जा रहे हैं। पिछली बार इस क्षेत्र में होलीडे ट्रेन चलाने की व्यवस्था रेलवे के माध्यम से प्रारंभ की। इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है। स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करें। वहां बनने वाली सुविधाओं से जोड़ें तो ईको टूरिज्म को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि के जरिए हम सशक्त बनने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। यह अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन सकता है। यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज टूरिज्म के लिए भी कार्य हुए। बुंदेलखंड के किलों या जहां-तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को कहीं होटल के रूप में तो कहीं टूरिज्म डवलपमेंट की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास प्रारंभ किए हैं।

### नाइट सफारी बनाने से पहले कुकरैल नदी को करेंगे जीवित

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बना रहे हैं। इसके पहले कुकरैल नदी को जीवित करेंगे। कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। पीलीभीत से निकलकर वाराणसी में मां गंगा के साथ इसका मिलन होता है, लेकिन कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया। चार दशक में कब्जा इतना बढ़ गया कि न केवल यह नदी, बल्कि पर्यावरण के लिए चुनौती बन गया। हम लोगों ने कुकरैल को नदी बनाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी। आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटाया। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। ईको टूरिज्म डवलपमेंट बोर्ड आगाह कर रहा है कि मनोरंजन व ज्ञानवर्धन के लिए हम प्रकृति के उपहार का उपयोग करें।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने राहुल गांधी को दी विपक्ष के नेता की मान्यता



**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे दी है। लोकसभा सचिवालय से इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया कि श्री गांधी को सदन में विपक्ष के नेता की मान्यता दी गयी है और इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। श्री गांधी को हिंदी को भेजे पत्र में लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि उनका नेता प्रतिपक्ष का दर्जा इस माह नौ जून से प्रभावी रहेगा और उसी दिन से उन्हें इस पद से जुड़ी सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग़ौरतलब है कि इंडिया समूह के सदन के नेताओं की मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास में हुई बैठक में श्री गांधी को इस पद के लिए चुना गया था और इसकी सूचना तत्काल प्रोटेम स्पीकर को भेज दी गई थी। श्री बिरला ने अध्यक्ष का पद संभालने के बाद श्री गांधी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी।

## 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केन्द्र है संसद : पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला को बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके दूसरे कार्यकाल में संसद देश के नागरिकों को सपनों को पूरा करेगी और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नये नये कदमों से नये कीर्तिमान कायम होंगे।

श्री बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने और उन्हें आसन पर आरूढ़ कराये जाने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने भाषण में कहा, यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको मेरी और इस पूरे सदन की तरफ से बहुत शुभकामनाएं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है। हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के रूप में एक बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है। 18वीं लोकसभा में स्पीकर का कार्यभार दूसरी बार आपने संभाला है, ये अपने आप में एक नया रिकॉर्ड बनते हुए हम देख रहे हैं। बलराम जाखड़ ऐसे पहले अध्यक्ष थे, जिन्हें 5 साल का कार्यकाल पूरा करके, फिर दोबारा अध्यक्ष बनने का अवसर मिला था। उनके बाद आप (श्री बिरला) हैं, जिन्हें 5 साल पूर्ण करने के बाद दोबारा इस पद पर आसीन होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, हम सबको विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सब का मार्गदर्शन करेंगे और देश की आशाओं-अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए ये सदन जो दायित्व निभाएगा, उसमें आपकी बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। अध्यक्ष मुझे विश्वास है कि आप तो सफल होने ही वाले हैं। लेकिन आपकी अध्यक्षता में ये 18वीं लोकसभा भी सफलतापूर्वक देश के नागरिकों के सपनो को पूर्ण करेगी। उन्होंने कहा, हमारी ये संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। संसद की कार्यवाही, जवाबदेही और आचरण हमारे देशवासियों के मन में लोकतंत्र के प्रति निष्ठा को और अधिक मजबूत बनाते हैं।



## लोहा व्यापारियों के ठिकानों पर जीएसटी का छापा

समृद्धि न्यूज

**झांसी।** माल की खरीद के प्रपत्रों और स्टॉक में अंतर की गड़बड़ी की शिकायतों पर जीएसटी की टीम ने बुधवार शाम आंतिया तालाब स्थित तीन लोहा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। उनके प्रपत्रों और उनके स्टॉक में रखे माल का मिलान किया। अनियमितता मिलने पर संचालकों को जीएसटी कार्यालय बुलाकर अपना स्पष्टीकरण मांगा है। पेश न कर पाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जीएसटी की टीम पुलिस बल के साथ आंतिया तालाब स्थित गर्ग स्टील, बाहुबली और अमित ट्रेडर्स लोहा व्यापारियों के गोदाम और दुकानों पर पहुंची। जहां टीम ने जांच पड़ताल करते हुए बिक्री और खरीद फरोख्त के दस्तावेज की जांच पड़ताल करते हुए अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान छापेमारी कार्रवाई से अन्य लोहा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जीएसटी टीम के अधिकारी ने बताया कि खरीद फरोख्त और कागजों में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। इस पर टीम ने जांच पड़ताल की है, कुछ कमियां मिली है।

### जीएसटी टीम की अंबेडकर नगर में छापेमारी

**अंबेडकर नगर।** जीएसटी अधिकारियों की टीम ने बुधवार को अकबरपुर अंबेडकर नगर में तीन प्रतिष्ठानों में एक साथ छापेमारी शुरू की। छापेमारी जारी है। टीम ने भारी मात्रा में तम्बाकू उत्पाद पकड़े हैं। एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुमार के नेतृत्व में लगभग 20 जीएसटी अधिकारियों की टीम ने नदीम के कारखाने पर छापेमारी की। विभाग को इनके प्रतिष्ठान में अनियमितता की जानकारी प्राप्त हुई थी। सबूतों के आधार पर जीएसटी अधिकारियों ने छापेमारी की। आशंका के मुताबिक अधिकारियों को काफी गड़बड़ियां मिली हैं। लगभग 50 लाख रुपये के उत्पाद भी जब्त किए गए हैं। जीएसटी के उपायुक्त प्रशांत, श्रीप्रकाश, राम आशीष पांडेय के अलावा दयाशंकर और आरएस विद्यार्थी समेत अन्य अधिकारी इस कार्रवाई में शामिल रहे।

### एंटी करप्शन टीम ने तहसीलदार के लिपिक को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**बदायूं।** एंटी करप्शन टीम बरेली इकाई ने बुधवार को दातागंज तहसील में पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए तहसीलदार के सम्प्रति न्याय लिपिक राजीव कुमार शर्मा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम उसे मूसाझाग थाना लेकर पहुंची, जहां पूछताछ की जा रही है। एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि दातागंज तहसील के गांव केशवपुर के रहने वाले नंदकिशोर ने बरेली ऑफिस पहुंचकर शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया था कि नंदकिशोर के पिता की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी।

### काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत कुलपति तिवारी का निधन

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का बुधवार की शाम को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रवींद्रपुरी स्थित एक निजी अस्पताल में उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास से निकलेगी। 75 वर्षीय कुलपति तिवारी न्यूरो की बीमारी से जूझ रहे थे। 1954 में वाराणसी में ही उनका जन्म हुआ था। उधर, उनके शव को अस्पताल से टेढ़ी नीम स्थित उनके निजी आवास पर ले जाया गया।

## पचास हजार शिक्षकों को मिलेगी पुरानी पेंशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी कैबिनेट में 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापित और बाद में नियुक्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का विकल्प देने के फैसले से 50 हजार से अधिक शिक्षकों को लाभ होगा।

यूपी में विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच का विज्ञापन नई पेंशन योजना लागू होने से लगभग सवा साल पहले 14 जनवरी 2004 को जारी हुआ था लेकिन चयनित 45,660 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिसंबर 2005 और जनवरी 2006 में मिलने के कारण उन्हें अब तक पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल सका है। इन शिक्षकों ने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ी।

अब तक इसका लाभ नहीं मिल सका है। वहीं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक टीजीटी और प्रवक्ता पीजीटी के पद पर नियुक्त पांच हजार से अधिक शिक्षकों को इस घोषणा से सीधे लाभ होने जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि नवीन पेंशन योजना असफल है तथा सरकार को सरकार को सभी शिक्षकों-कर्मचारियों की बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाल करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव ने सरकार का आभार प्रकट हुए एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त सभीशिक्षकों कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित करने का अनुरोध किया है। जब तक पूरे प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा।



## रतन दुबे हत्याकांड में एनआईए ने ली छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर तलाशी

एजेंसी

**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। यह तलाशी सीपीआई (माओवादी) कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा नेता रतन दुबे की जघन्य हत्या की जांच के तहत की गई।

उल्लेखनीय है कि राज्य के नारायणपुर जिले के कौशलनार साप्ताहिक बाजार में 2023 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दुबे पर बेरहमी से हमला किया गया और कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। एनआईए की अब तक की जांच के अनुसार प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई के हथियारबंद हमलावरों ने उनकी हत्या की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सीपीआई के पूर्वी बस्तर डिवीजन के बयानार एरिया कमेटी के विभिन्न संदिग्धों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओडब्ल्यूजी)/समर्थकों से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई करते हुए एनआईए ने आज तोयनार, कौशलनार, बडेनहोद, धौदाई और कोंगेरा गांवों में 12 स्थानों पर विस्तृत तलाशी ली।

### मानहानि मामले में राहुल को पेश होने के आदेश

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर में सांसद-विधायक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने का आदेश बुधवार को जारी किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। यह मामला भाजपा के स्थानीय नेता विजय मिश्रा की ओर से दर्ज कराया गया है। वादी के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के घरहाकला डिहवा निवासी राम प्रताप ने एक प्रार्थनापत्र दाखिल कर पक्षकार बनाये जाने की मांग की थी।

## विशेष अदालत ने केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया।

राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने श्री केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद श्री केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ आज उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। इससे पहले श्री केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती थी।



### नीट पेपर लीक मामला : गुजरात के खेड़ा के स्कूल तक पहुंची सीबीआई जांच

**नडियाद।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और गड़बड़ी मामले की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की जांच आंच खेड़ा जिले तक पहुंच गई है। बुधवार को सीबीआई की टीम खेड़ा जिले के थर्मल स्थित जय जलाराम इंटरनेशनल स्कूल में जांच करने पहुंची। सीबीआई के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित केंद्र अधीक्षक परषोत्तम शर्मा की जमानत स्थानीय सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी है। दरअसल, नीट परीक्षा जय जलाराम स्कूल के गोधरा और थर्मल दोनों केन्द्र पर आयोजित की गई थी।

## बिजेंद्र ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक पर लगाया पेपर लीक का आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नीट परीक्षा में गड़बड़ी के बाद देश में परीक्षाओं की सुचिता को लेकर सवाल चारो तरफ बवाल मचा हुआ है। इसी बीच पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड बिजेंद्र गुप्ता ने एक चैनल को दिए गए इंटरव्यू में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम पर पेपर लीक का आरोप लगाया है।

बिजेंद्र गुप्ता ने बताया कि मैं असिस्टेंट हूं, असली पेपर लीक माफिया सुभासपा के विधायक बेदी राम हैं! आरोपी ने यह बताया कि उस समय पढ़ने लिखने की उम्र थी लेकिन बेदी राम ने नौकरी लगवाने का वादा किया फिर उनके साथ चले गए। उसके बाद पुलिस ने दबोच लिया। जेल जाना पड़ा, बेदी राम भी मेरे साथ जेल गए। बिजेंद्र गुप्ता ने न सिर्फ अपने काले कारनामे कैमरे के सामने कबूले बल्कि सुभासपा के नेता का नाम भी पेपर लीक मामले में जोड़ दिया। उसके बाद बिजेंद्र गुप्ता ने बताया कि बेदी राम के साथ ही पेपर लीक की दुनिया में कदम रखा। उसके बाद पेपर लीक का मास्टरमाइंड बन गया। आप को बता दें कि बिजेंद्र गुप्ता उड़ीसा में पेपर लीक का भी आरोपी है। उसका नाम बिहार के पेपर लीक जांच में उसका नाम सामने आया था। एमपीपीसीएस सहित कई परीक्षाओं के लीक मामले में अरोपी रहा है। नीट पेपर में गड़बड़ी के आरेपियों से भी बिजेंद्र गुप्ता की अच्छी पहचान है। आरोपी ने बताया कि पेपर लीक की दुनिया में बेदी राम के साथ ही शुरुआत की है। जोकि सुभासपा से विधायक हैं। हालांकि अभी तक विधायक की तरफसे किसी प्रकार की सफाई नहीं आई है। गौरतलब है कि नीट परीक्षा को लेकर सपा नेता विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में नौजवानों ने सपा कार्यालय से विधान सभा का रुख किया लेकिन पुलिस ने गौतमपल्ली थाने के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हे रोक लिया। विरोध में नौजवान धरने पर बैठ गए। मामूली नोकझोंक के बाद धरना दे रहे युवाओं को इको गार्डन ले जाया गया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा कि नौजवानों में नीट परीक्षा में धांधली को लेकर काफी आक्रोश है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी परीक्षा में धांधली पर विरोध जता चुके है। ज्ञापन में कहा गया है कि नीट परीक्षा से 24 लाख बच्चों का भविष्य जुड़ा हुआ है।

बयान

### राम मंदिर में बिजली वाटर प्रूफिंग व फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर

## गर्भगृह में एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका : चम्पत राय

### राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चम्पत राय ने जारी किया बयान

समृद्धिन्यूज

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में वर्षाकाल के दौरान छत से पानी टपकने के तथ्य पर बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चम्पत राय ने बयान जारी कर कहा कि गर्भगृह जहाँ भगवान रामलला विराजमान हैं, वहाँ एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। उन्होंने बताया कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है, इसे गूढ़मण्डप कहा जाता है। वहाँ मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊँचा) घुम्मट जुड़ेगा और मण्डप की छत बन्द हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है, जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढक कर दर्शन कराये जा रहे हैं। द्वितीय तल पर पिलर निर्माण कार्य चल रहा है। श्री राय ने बताया कि रंग मंडप एवं गुढ़ मंडप के बीच दोनों तरफ ( उत्तर एवं दक्षिण दिशा में) ऊपरी तलों पर जाने की सीढ़ियां हैं, जिनकी छत भी द्वितीय तल की छत के ऊपर जाकर ढँकेगी।वह कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि सामान्यतया पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स का कार्य पत्थर की छत के ऊपर होता है एवं कन्ड्युट को छत में छेद कर नीचे उतारा जाता है जिससे मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। ये कन्ड्युट एवं जंक्शन बाक्स ऊपर के फ्लोरिंग के दौरान वाटर टाइट कर सतह में छुपाई जाती है। चूंकि प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है ,अतः सभी जंक्शन बॉक्सेज़ में पानी ने प्रवेश किया,वही पानी कंड्यूट के सहारे भूतल पर गिरा। ऊपर देखने पर यह प्रतीत हो रहा था कि छत से पानी टपक रहा है। जबकि यथार्थ में पानी कंड्यूट पाइप के सहारे भूतल पर निकल रहा था। उपरोक्त सभी कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा,, प्रथम तल की फ्लोरिंग पूर्णतः वाटर टाइट हो जाएगी और किसी भी जंक्शन से पानी का प्रवेश नहीं होगा, फलस्वरूप कन्डयुट के जरिये पानी नीचे तल पर भी नहीं जाएग श्री राय ने बताया कि मन्दिर एवं परकोटा परिसर में बरसात के पानी की निकासी का सुनियोजित तरीक़े से उत्तम प्रबंध किया गया है जिसका कार्य भी प्रगति पर है। अतः मंदिर एवं परकोटा परिसर में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होगी। पूरे श्रीराम जन्मभूमि परिसर को बरसात के पानी के लिए बाहर शून्य वाटर डिस्चार्ज के लिए प्रबंधन किया गया है। श्री राम जन्म भूमि परिसर में बरसात के पानी को अन्दर ही पूर्ण रूप से रखने के लिये रिचार्ज पिटों का भी निर्माण कराया जा रहा है । उन्होंने बताया कि मन्दिर एवं परकोटा निर्माण कार्य तथा मन्दिर परिसर निर्माण/विकास कार्य भारत की दो अति प्रतिष्ठित कम्पनियों एल एंड टी तथा टाटा के इंजीनियरों एवं पत्थरों से मन्दिर निर्माण की अनेक पीढ़ियों की परम्परा के वर्तमान उत्तराधिकारी चन्द्रकान्त सोमपुरा के पुत्र आशीष सोमपुरा व अनुभवी शिल्पकारों की देखरेख में हो रहा है।



# तांत्रिक ने मासूम बच्ची के जलाए हाथ, तख्त पर पटका

- मासूम की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती
- परिजनों की तहरीर के आधार पर महिला तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गांव में बुखार से पीड़ित मासूम बच्ची को स्थानीय इलाज से आराम न मिलने पर परिजन उसे पास के गांव में महिला तांत्रिक के पास ले गए। जहां महिला तांत्रिक ने मासूम बच्ची पर शैतानों का शाया बताकर पहले तो उसकी हथेलियों को जला दिया फिर भी आराम न मिलने पर उसे कई बार तख्त पर पटक दिया। जिससे बच्ची गम्भीर रुप से घायल हो गई। बच्ची में कोई हरकत न होते देख महिला तांत्रिक ने परिजनों को बच्ची को घर ले जाने की सलाह दी। बच्ची की गम्भीर दशा देख परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां बच्ची का इलाज चल रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला तांत्रिक को हिरासत में ले लिया है।



पढ़ुआ थाना क्षेत्र के मिंझरिया गांव निवासी संदीप राज की तीन वर्षीय इकलौती पुत्री माही को कई दिनों से बुखार की शिकायत थी। परिजनों के कई डाक्टरों से इलाज करवाने के बाद भी माही की हालत में सुधार नहीं हुआ इसी बीच उसे झटके भी आने लगे। अपनी इकलौती पुत्री माही को परेशान देख परिजन ग्रामीणों के कहने पर मासूम को पड़ोसी गांव अभयपुर में स्थित एक मन्दिर को ले गए। जहां पर मौजूद महिला तांत्रिक ने मासूम माही पर तीन शैतानों का शाया बताकर झाड़-फूंक शुरू कर दी। झाड़-फूंक से आराम न मिलने पर महिला तांत्रिक ने बच्ची के हाथों को कण्डे की आग से जला दिया इससे भी जब नहीं सुधार हुआ तो मासूम को कई बार तख्त पर पटक दिया जिससे मासूम माही गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल हो जाने के बाद तांत्रिक ने बच्ची को घर ले जाने की सलाह दी। रास्ते में बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है।

> परिजनों की तहरीर के आधार पर महिला तांत्रिक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।
> **हरिकेश राय एसओ पढ़ुआ**

# 46 टावर की बैटरी, चार किलोग्राम कॉपर का तार 400 मी. अन्य तार के साथ पांच गिरफ्तार

**मतौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस द्वारा गस्त के दौरान एक शातिर चोरों के गिरोह बंद गैंग को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक परितोष पांडे एवं उपनिरीक्षक शिवकुमार अपने हमराही सिपाही रमाशंकर महिला कॉन्स्टेबल परवीन बाबी जसपाल के साथ थाना क्षेत्र में हुई अज्ञात चोरी की घटना की सुराग मे थाना क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। अचानक पुलिस को देखकर एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी व एक पिकअप तेजी से भागने लगी। पुलिस पार्टी ने दौड़कर पिकअप तथा कार को



अपने कब्जे में लेकर पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से 46 टावर की बैटरी तथा 4 किलोग्राम कॉपर का तार तथा 400 मी अन्य तार बरामद कर पांचो अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम अभिषेक वर्मा पुत्र त्रिभुवन लाल, अंकित उर्फ दुर्गेश पुत्र रामसागर निवासी ग्राम राखिया थाना खीरी, शौकीन पुत्र कुंडू ग्राम बघौली थाना खरखोदा जिला मेरठ, दीपेश पुत्र मनोहर निवासी ग्राम सेवाड़ा थाना कोतवाली सदर, दिलीप पुत्र मुरली ग्राम सिसौना थाना कोतवाली सदर बताया। पांचो अभियुक्तों को वांछित धाराओं में कोतवाली मितौली से जेल भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना युवक को पड़ा भारी, गिरफ्तार




**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैलानी पुलिस ने तमंचा लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। बीते दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही थी जिसमें चारपाई पर एक शख्स हुक्का पीते हुए तमंचा लहरा रहा था। स्थानीय पुलिस ने शख्स की पहचान अजय पाल सिंह पुत्र स्वामी दयाल के तौर पर की है। उप प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने बताया है कि अजय पाल सिंह पुत्र स्वामीदयाल निवासी ग्राम राजामंडी थाना मैलानी के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक मिस कारतूस बरामदगी पर गिरफ्तार किया है । इस संबंध में थाना मैलानी में धारा 9/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।।

### मलंग शाह बाबा की मजार पर होगा दो दिवसीय उर्स का आयोजन



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया स्थित मलंग शाह बाबा की मजार पर दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन 28 जून दिन शुक्रवार से होगा। निघासन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया स्थित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय उर्स का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उर्स कमेटी के संयोजक जिला पंचायत सदस्य ठाकुर दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय उर्स का आयोजन 28 जून से होगा। उर्स में शामिल होने वाले हजारों लोगों की भीड़ को देखते हुए कमेटी के द्वारा व्यापक इंतजाम किया गया है। दो दिनों तक दोनों समुदाय के मलंग शाह बाबा की मजार पर पहुंचकर चादर चढ़ाकर और माथा टेक कर मुराद मांगेंगे। उर्स को लेकर साफ सफाई और सजावट की जा रही है। उन्होंने कि मलंग शाह बाबा की मजार पर आयोजित ऐतिहासिक सालाना उर्स के मेले का आगाज शुक्रवार की सुबह में कुरानखवानी से होगा। उर्स में हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शामिल होंगे।

# तेंदुए के हमले में एक पालतू मवेशी की मौत दूसरा घायल

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

एक दर्जन से अधिक पालतू मवेशियों को अपना शिकार बना चुके तेंदुए ने फिर दो बकरियों पर हमला किया जिससे एक बकरी की हुई मौत दूसरी हुई घायल ग्रामीणों के हल्ला मचाने पर अधखाई बकरी को छोड़कर तेंदुआ पास ही गन्ने के खेत में छिप गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर मुआवजा देने की बात कही।



कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के किशन नगर फार्म पर विजय की मां वा चाची अपने पालतू मवेशियों को खेत में चरा रहे थे इसी बीच झाड़ियों से निकल कर एक बकरी पर हमला कर दिया हल्ला मचाने पर एक बकरी को छोड़ दूसरी बकरी को उठाकर लेकर झाड़ियों में चला जब तक गांव वाले पहुंचे तब तक तेंदुए ने बकरी का पेट फाड़ आधा खा गया। तेंदुए के हो रहे लगातार हमलों से इलाके में खौफ छाया हुआ है। दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन उत्तर निघासन रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया की तेंदुए के हमले में एक बकरी की मौत और दूसरी के घायल होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम में वन दरोगा हरिलाल वन्य जीव रक्षक श्याम सिंह वन कर्मी संदीप को मौके पर भेजा गया है इसके अलावा कैमरा भी लगाया जाएगा जिससे तेंदुए की सही लोकेशन मालूम हो सके श्री सिंह ने ग्रामीणों को सचेत करते हुए कहा कि बकरियों को खुले स्थान पर चराए झाड़ियों की तरफ जाने से बचें मुआवजे के बारे में बताया की एक पीड़ित प्रार्थना पत्र वन विभाग को दे दें जिससे हुए नुकसान का मुआवजा वन विभाग द्वारा दिलाया जा सके।

# मानसून की पहली बरसात लाई किसानों चेहरे पर मुस्कान, धान की रोपाई शुरू

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मानसून की पहली बारिश से बुधवार सुबह जहां गर्मी से लोगों को निजात मिली वहीं, खेतों में पानी भरने से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। किसान पिछले कई दिनों से बारिश की आस लगाए बैठे थे, बारिश न होने से खेतों में दरारें पड़ रहीं थीं। कुछ किसानों की धान की नर्सरी सूखने की कगार पर थी। कुछ किसान निजी संसाधनों का इस्तेमाल कर धान की नर्सरी बचाने में जुटे थे। बुधवार को सबसे ज्यादा बारिश होने से किसान खेतों में पानी भरने से धान की



रोपाई करने में जुट गए हैं। इस बरसात सबसे ज्यादा मक्का और धान को फायदा होगा। इन दिनों खेतों में मक्का के साथ ही धान फसल के लिए नर्सरी व रोपाई का काम चल रहा है। किसान बारिश होने के बाद नर्सरी से धान की बेल निकाल कर रोपाई में जुट गए हैं।

## पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु प्रकरण की होगी मजिस्ट्रीरियल जॉच

**28 जून से 05 जुलाई के मध्य उपस्थित होकर प्रश्नगत घटना की जानकारी रखने वाले प्रस्तुत करें साक्ष्य-अभिकथन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उप जिला मजिस्ट्रेट मितौली ने बताया कि आशाराम निवासी ग्राम पकरिया जलालपुर, तहसील मितौली, जनपद खीरी की 12 अप्रैल 2024 को पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जॉच उपलब्ध कराने के लिए पुलिस अधीक्षक, खीरी के पत्र दिनांक 15 अप्रैल 2024 के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने 23 अप्रैल द्वारा प्रश्नगत घटना की जाँच हेतु उन्हें जॉच अधिकारी नामित किया है। जिला मजिस्ट्रेट के उक्त आदेश के अनुपालन में उनके द्वारा प्रश्नगत घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच की जा रही है। प्रश्नगत घटना की जानकारी रखने वाले समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि वह 28 जून से 05 जुलाई के मध्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य / अभिकथन प्रस्तुत कर सकते है।

# आकाशीय बिजली ले बीती परिवार की खुशियां, दो बच्चों की मौत, दो घायल



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली चौकीक्षेत्र के अंतर्गत गांव पडरी में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत हो गयी एवं दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा चारो घायलों को निजी वाहन से मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सको ने दो बच्चों को मृतक घोषित कर दिया तथा दो बच्चों को शाहजहाँपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ग्राम पड़री निवासी तेजपाल के दो बच्चे आनंद उम्र 10 वर्ष पुत्र तेजपाल व अभय राज उम्र 6 वर्ष पुत्र तेजपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आते ही चिकित्सको ने छूते ही मृतक घोषित कर गम्भीर अवस्था मे विनीत उम्र 6 वर्ष पुत्र महेंद्र,नीरज उम्र 12 वर्ष पुत्र प्रेमपाल, को जिला अस्पताल शाहजहाँपुर रेफर कर दिया घटना की सूचना पाते ही पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह उपजिलाधिकारी डॉ0 अवनीश कुमार चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर जायजा लिया बच्चों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सांड़ों की लड़ाई से हाहाकार, आवागवन हुआ बंद

- एक नल सहित बाइक क्षतिग्रस्त

बिजुआ खीरी।

क्षेत्र की सड़कों पर घूम रहे छुट्टा सांड, गाय लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। इन छुट्टा पशुओं की चपेट में आने से कई लोग पहले भी घायल हो चुके है जिसके चलते लोगों द्वारा इन छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की गुहार भी कई बार लगाई जा चुकी है। लोगों ने बताया ये छुट्टा जानवर खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं कई बार जिम्मेदारों से कहा भी गया पकड़ाकर किसी गौशाला में पहुंचवा दे, लेकिन टालमटोल के कारण समस्या जस के तस बनी हुई है। रात दिन गांव के लोग खेतों को बचाया करते हैं फिर भी मौका पाते ही छुट्टा जानवर फसल को चट कर जाते हैं। हद तो तब हो गई जब ग्राम पंचायत पड़रिया तुला चौराहे पर दो सांडों की बीच भीषण लड़ाई से लोगों के दिल दहल उठे। कुछ लोगों का कहना है ऐसे में तो किसी की जान भी जा सकती हैं।



ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के गांव पड़रिया तुला के चौराहे पर मंगलवार की शाम दो सांड आपस में इस कद्र भिड़ गए कि आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया वहीं अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क पर आ जा रहे वाहन चालक व पैदल लोग अपनी अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागे ताकि सांडों की लड़ाई की चपेट में आने से कोई हादसा न हो जाए इसलिए आवागमन भी करीब 20 मिनट बंद रहा। चौराहे पर मौजूद लोग अपनी अपनी जान बचाकर भागने लगे जिसका विडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा। बता दें कि गांव में सैंकड़ों आवारा पशुओं के होने से लखीमपुर भीरा राज्यमार्ग पर हमेशा इन सांडों की टक्कर में अनेक बार वाहन चालक व आमजन घायल हो चुके है। करीब 20 मिनट दो सांडो के युद्ध में एक सार्वजनिक नल और पास में खड़ी एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अगर जिम्मेदारों ने समय रहते ध्यान नही दिया तो किसी दिन बहुत बड़ी दुर्घटना घट सकती है वही छुट्टा पशुओं को लेकर क्षेत्र के लोगो में भारी अक्रोश व्याप्त है।

# दशकों बाद भी गोला देहात पंचायत की नहीं बदली सूरत

- नरक जैसी दिखती है गोला देहात की जहानपुर सड़क

**गोला गोकर्णनाथ/लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में जैसे-जैसे नगरीय क्षेत्र का विकास होता चला गया वैसे-वैसे पूर्व में बसे गोला को गोला देहात पंचायत का नाम दे दिया गया। गोला में नगरीय क्षेत्र का तो विकास किया गया लेकिन गोला देहात उतना ही पिछड़ता चला गया। सरकार की योजनाओं के तहत सभी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी जैसी मूलभूत



आवश्यकताओं की सुविधाओं को प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों का बजट खर्च किया जाता है लेकिन गोला गोकर्णनाथ की गोला देहात ग्राम पंचायत में कई प्रधानों के बदलने के बावजूद भी विकास नहीं हो पाया। इस पंचायत के ग्रामीणों ने पूर्व के प्रधान की कार्यशैली से तंग आकर इस बार नए जनप्रतिनिधि को चुनने का फैसला किया था लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक अब उनका वह फैसला भी गलत साबित हो रहा है। पंचायत की मुख्य सड़के जैसे जहानपुर रोड और हाइडिल से जाती हुई सड़क जो पंचायत को सीधा नगर से जोड़ती है जिस पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पैदल, साइकिल, दो पहिया, चार पहिया वाहन से निकलते रहते हैं फिर भी सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि ग्रामीणों को पैदल भी निकलना दूभर हो जाता है।

जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने पर बताया गया कि मुख्यमंत्री त्वरित योजना के तहत जल्द ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### जर्जर सड़कों के साथ जल भराव एक विकराल समस्या

जाड़ा, गर्मी या बरसात कोई भी सीजन हो गोला पंचायत की जर्जर सड़कों के साथ साथ जल भराव प्रति माह बना रहता है जिससे ग्रामीणों को प्रति वर्ष कई बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है। दरअसल गोला देहात गोला नगर से सटा हुआ है जिसके कारण नगर का जल भी गोला देहात में बना रहता है जिसको लेकर आए दिन विवाद बना रहता है लेकिन पंचायत की सड़कों और नालियों की समुचित व्यवस्था न हो पाने के कारण सड़कों पर काफी गंदगी के साथ जल भराव बना रहता है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते गोला देहात पंचायत की सूरत दशकों पूर्व जैसी है। ग्रामीणों के मुताबिक आने वाली बरसात में गोला देहात पुनः तालाब में तब्दील होने को तैयार है लेकिन जिम्मेदारों ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है।

# नहर कटने से किसान परेशान, 20 एकड़ फसल जलमग्न

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बांकेगंज में खीरी ब्रांच से निकली सीतापुर ब्रांच छोटी नहर में ओवरफ्लो होने से मैकूपुर तथा बांकेपुर के पास नहर कट गई जिससे करीब 20 एकड़ गन्ने की व अन्य फसलें जल मग्न हो गई। जब बांकेपुर गांव और मैकूपुर के कुछ लोग जब सुबह अपने खेतों की तरफ गए तो उन्होंने देखा कि नहर का पानी उनके खेतों में भर रहा था जिसके बाद और नजदीक जाकर देखा तो नहर कटी हुई थी। नहर की दोनों तरफ से पानी निकल कर मैकूपुर गांव तथा बांकेपुर की तरफ भर रहा था इस पर उन्होंने नहर विभाग के स्थानीय जिम्मेदारों को सूचना दी। प्राप्त जानकारी अनुसार नहर विभाग के स्थानीय जिम्मेदारों को फोन किया गया उनका



फोन न उठने पर उन्होंने 176 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई। इससे नहर विभाग थोड़ी ही देर में सक्रिय हो गया। जे ई अभिषेक सिंह ने भी सुबह मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कटी हुई नहर को सही कराने के लिए जेसीबी बुलवाई गई। लेकिन तेज बारिश होने से कार्य देर से शुरू हो पाया। दोपहर तक नहर को सही कर दिया गया था।

सिंचाई विभाग के जे ई अभिषेक सिंह ने बताया कि नहर एक जगह कटी थी और दो जगह पानी ओवरफ्लो के कारण से निकल रहा था। किसको अब सही कर दिया गया है।

# 30 जून तक किसान जमा करें सहकारी देय : एआरसीएस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के 132 सहकारी समितियों (बी- पैक्स) के माध्यम से सक्रिय किसानों, सदस्यों को रबी एवं खरीफ अभियान के दौरान ऋण वितरण एवं बीज खाद नैनो यूरिया आदि का वितरण किया जाता है। 01 जुलाई 2023 से अब तक लगभग 99091.16 लाख रू0 सहकारी देयों की धनराशि वसूली हेतु बकाया है, जिसके सापेक्ष मु. 69549.99 लाख की वसूली की गयी, जो कुल बकाया का 70.19 प्रतिशत है, जबकि गतवर्ष बकाया की वसूली इसी अवधि में 69.94 प्रतिशत थी।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) रजनीश प्रताप सिंह ने विभागीय समीक्षा में सहकारी देयों की वसूली में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण सख्त रवैया अपनाते हुए विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड/तहसील में भ्रमण कर किसानों से वसूली कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं । वसूली हेतु सघन अभियान चलाने हेतु प्रत्येक तहसील में एक-एक वसूली वाहन चलायी जा रही है। उक्त वाहन अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं उप महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक लि0, लखीमपुर खीरी के निर्देशन में चलायी जा रही है।

इसी क्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने तहसील सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया मोहम्मदी, गोला एवं मितौली में वसूली

प्रगति में तेजी लाने हेतु तहसीलवार अधिकारियों की टीम गठित कर सहकारी देयों की वसूली की जा रही है। 30 जून तक सहकारी देयों/माँग को जमा करें, इस पर न्यूनतम ब्याज देय होगा। वहीं 30 जून के बाद सहकारी देयों पर दण्डात्मक ब्याज 12.70

प्रतिशत की दर से देय होगा साथ ही 5 प्रतिशत संग्रह शुल्क अतिरिक्त देय होगा। निर्धारित समय तक धनराशि जमा न करने वाले किसानों पर दण्डात्मक कार्यवाही यथा साइटेशन, वारन्ट, कुर्की व नीलामी आदि की कार्यवाही की तैयारी चल रही है। समस्त कृषकों/समिति सदस्यों से अपील करते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने

कहा कि अपने समस्त सहकारी देयों की धनराशि बैंक में ससमय जमा कर शासन द्वारा प्रदत्त ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त करें, जिससे अलावा ब्याज तथा दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। कृषकों/सदस्यों को वसूली के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिये कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) में हेल्प लाइन/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसके प्रभारी प्रतीक कुमार शुक्ला मोबाइल नं0 7007918909 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# फाइनल में फजलनगर की टीम ने जीता मैच

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। वसलीपुर ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह द्वारा कराए गए टूर्नामेंट का आयोजन 13 जून से हो रहा था। जिसका फाइनल मुकाबला गदियाना और फजल नगर ग्रंट की टीमों के बीच खेला गया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में फजल नगर टीम ने 51रनों से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए फजल नगर टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गदियाना की टीम 103 रनों पर सिमट गई। जिससे फजल नगर की टीम ने जीत दर्ज की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरी ने विजेता एवं उप विजेता टीम को रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी



खिलाड़ियों को बैच पहनाया।मैन ऑफ मैच खिलाड़ी दुष्यंत व मैन ऑफ़ द सीरीज इशांत गुप्ता रहे। विधायक अमन गिरी ने संबोधित करते हुए कहा की दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। खेल व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारा सदैव प्रयास रहेगा जिससे क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। इस मौके पर वसलीपुर ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह, बिजुआ खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर सिंह, राजेश गिरी प्रधान गोला देहात, पंकज गौतम, अवधेश मिश्रा, विनीत पांडे,मनीष वर्मा सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# एमएसएमई को ऋण देने में उदारता दिखाए बैंकिंग क्षेत्र : सुरेश खन्ना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैंकिंग क्षेत्र से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को ऋण देने में उदारता बरतने और सहयोगी रवैया अपनाने का आह्वान किया है। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा बुधवार को आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन में खन्ना ने यह बात कही।

वित्त मंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र से आह्वान किया कि वे एमएसएमई को ऋण देने में उदारता बरतें और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं। उन्होंने कहा, '' सभी बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं उनके द्वारा दिए जाने वाले कर्ज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही ऋण देने में उदारता भी बरतें।

कोशिश करें कि 'सीडी रेशियो (ऋण-जमा अनुपात) बढ़ायें। यह जितना बढ़ेगा हमारे एमएसएमई अपने उद्योगों को उतना ही बढ़ावा दे पाएंगे। उन्होंने कहा, ''मेरा विनम्र अनुरोध है कि अगर बैंकिंग क्षेत्र का रवैया सहयोगात्मक होगा तो चीजें बेहतर होंगी। हम क्रय शक्ति बढ़ाना चाहते हैं ताकि अर्थव्यवस्था बेहतर तरीके से चले। हमने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प किया है। हर भारतीय का सपना होना चाहिए कि हम हर तरह से आत्मनिर्भर बनें।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी विकल्प चुनने की खुली छूट

## राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया के निर्धारण में संशोधन, अभ्यर्थियों को आवंटित सीट को फ्रीज या फ्लोट करने की भी मिल सकेगी सुविधा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से योग्य बनाने के लिए योगी सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट प्रदान की है।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है।



इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे। पहले जो व्यवस्था थी, उसमें राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए अधिकतम 3 जनपदों, 6 संस्थानों और 10 व्यवसाय का विकल्प दे सकते थे, जबकि निजी आईटीआई के लिए यह सीमा 3 जनपदों के अधिकतम 25 संस्थानों तक थी। यदि ऐसा नहीं है तो उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिह्नित अगले जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के लिए यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी।

### वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट की जाएगी आवंटित

प्रदेश के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि संशोधित प्रवेश प्रक्रिया के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जो व्यवस्था निर्धारित की गई है उसके अनुसार अभ्यर्थी द्वारा स्वेच्छा से ग्रुप ए व बी राजकीय आईटीआई व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम का विकल्प जोड़ने की सुविधा प्राप्त होगी।

इसी तरह, निजी आईटीआई में प्रथम एवं द्वितीय चरण में रिक्त सीटों के विरुद्ध जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के उच्चीकृत विकल्प को दिए जाने के लिए फ्रीज/फ्लोट की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर सभी चार चरणों में ऑनलाइन सीटों के आवंटन की प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया है।

इसके तहत अब राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए उस ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा अंकित प्रथम वरीयता के अनुसार क्या उसकी मेरिट एवं आरक्षण वर्ग के आधार पर सीट आवंटित की जा सकती है या नहीं।

# खबरें एक नजर में

### नवयुग में कैडेट्स ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जीवन को कहे हां, ड्रग्स को ना –इस आवाहन के साथ आज अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के दिशा निर्देशन में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जारी शपथ को ऑनलाइन रूप से ग्रहण किया कि नशे से दूर रहेंगे तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करेंगे। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा 19 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अधिकारी कर्नल दीपक कुमार ने कैडेट्स के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें सदैव स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### हिंदू महासभा ने किया जय हिंदू राष्ट्र बोलने पर सांसद का समर्थन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संसद में शपथ लेने के बाद जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने समर्थन किया है। महासभा के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि सांसद का यह उद्बबोधन देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की हिन्दू महासभा की परिकल्पना को प्रदर्शित करती है। वह दिन दूर नहीं जब भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए संसद में प्रखर रूप से आवाज उठायी जायेगी। त्रिवेदी ने कहा कि संसद में जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार से सबक लेकर संसद में बैठे सभी दलों के हिन्दू सांसदों को अपने दिलों में झांककर देखना चाहिए कि जय हिन्दू राष्ट्र बोलना गलत था या सही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान बनने के बाद से ही भारत की संसद में जय हिन्दू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए थी। कांग्रेस की नीतियों का ही दुष्परिणाम है कि मुस्लिम समुदायों ने धार्मिक आधार पर पाकिस्तान के रूप में भारत का बंटवारा करवाया और आज मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक के लालच में विपक्षी दलों के लोग संसद में बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा जय हिन्दू राष्ट्र बोलने पर संविधान विरोधी बता रहे है।

### लापता युवक का शव सई नदी में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां के अहिनिवार गांव में तीन दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव गांव के बाहर से गुजरी सई नदी में उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शराब का आदी था। परिवारीजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया। अहिनिवार गांव निवासी सुरेश कुमार ने बताया की उसका बेटा प्रमोद यादव (32) सोमवार शाम घर से निकला था वहीं बुधवार सुबह उसका शव गांव के बाहर से गुजरी सईं नदी में उतराता देख ग्रामीणों ने उसे सूचना दी जिसके बाद उसने निगोहां पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता ने बताया कि बेटा शराब पीने का आदी था, पांच वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। शराब की लत के चलते कुछ ही महीनों में पत्नी छोड़कर चली गई थी। तभी से उसका बेटा 10-10 दिनों तक घर नही आता था। थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया की शव को पीएम के लिए भेज दिया गया परिवारीजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पेंशनरों ने मुख्यमंत्री से की बकाया एरियर भुगतान की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक देवरिया शलभ मणि त्रिपाठी से मिलकर मुख्यमंत्री से अपील की कि प्रदेश के ईपीएस-95 पेंशनरों को निगमों में छठे वेतनमान के लंबित एरियर्स का तथा राज्य सरकार द्वारा घोषित किए जाने के बावजूद कई निगमों में 5-6 वर्षो से रुकी हुई मंहगाई भत्ते की किश्तों का भुगतान कराया जाय। इसके अतिरिक्त ईपीएस-95 पेंशनरों को राज्य सरकार के पेंशनरों की भांति पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभार्थी बनाया जाय। न्यूनतम पेंशन 7500 रूपये मासिक करने हेतु केंद्र सरकार से सिफारिश की जाय। शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा इस सम्बंध में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखने तथा भेंट कराने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रान्तीय महामंत्री राजशेखर नागर, मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह विसेन, संयुक्त मंत्री आर एन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे एवं मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे शामिल रहे।

### पत्नी को मायके में छोड़ दूसरी महिला से रचाई शादी, केस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मडियांव कोतवाली अंतर्गत भिठौली निवासी निधि सिंह की शादी वर्ष 2009 में जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी राघवेन्द्र सिंह के साथ हुई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया मायके वालों ने शादी में करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे। बावजूद इसके ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। महिला का आरोप है कि पति राघवेंद्र परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर शहर में एक प्लॉट दिलवाने का दबाव बनाने लगा। इंकार करने पर कमरे में कैद कर उससे मारपीट की जाने लगी। मायके वालो ने जैसे-तैसे रुपयों की व्यवस्था कर दामाम राघवेंद्र के नाम पर एक प्लॉट खरीदकर दिया, फिर ससुराल पक्ष के लोग महिला से मायके से दस लाख रुपये मांग कर लाने का दबाव बनाने लगे। इस बीच महिला ने एक बेटी को जन्म दिया तब उसे तरह-तरह की यातानाएं दी जाने लगी। इसके बाद पति ने पीड़िता को मायके छोड़ चोरी-छिपे दूसरी महिला से शादी रचा ली। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष वालों ने उसका स्त्रीधन भी हड़प लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# झमाझम बारिश में सीएम ने की गोसेवा



समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद बुधवार सुबह झमाझम बारिश के बीच मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने भीगने की परवाह न करते हुए गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी

**▸ मुख्यमंत्री योगी ने गोशाला का भ्रमण कर जाना गोवंश का हाल**

जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। बुधवार सुबह मानसून की पहली झमाझम बारिश के बावजूद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा।

सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### लापरवाह मंडलायुक्तों की सीएम योगी ने तलब की रिपोर्ट, राजस्व मामलों में अनदेखी पर होगा एक्शन

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ गुड गवर्नेंस के लिए लगातार एक्शन ले रहे हैं। जिलावार समीक्षा के आधार पर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई जारी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी ने लापरवाह मंडलायुक्तों की रिपोर्ट तलब की है। लगातार समीक्षा के बाद यूपी के कई जिलों में राजस्व से जुड़ी मामलों में अनदेखी की शिकायत सामने आई है। जिसके बाद रिपोर्ट तलब कर अधिकारियों के खिलाफएक्शन लेने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार यूपी के अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, आगरा और विंध्याचल मंडल में राजस्व से बीते पांच साल में तकरीबन 8287 मामले पेंडिंग हैं। राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही पर रिपोर्ट तलब की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 18 मंडलों में 4619 राजस्ववाद के मामले विचाराधीन हैं, 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष से काम के 1633 मामले लंबित हैं, 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष से कम 1342 मामले लंबित हैं। इसमें अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल और आगरा मंडल में सबसे ज्यादा केस लंबित हैं। जबकि राजस्व वादों के निस्तारण की दिशा में मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, सहारनपुर, चित्रकूट धाम का प्रदर्शन बेहतर पाया गया है।

### नशा मुक्त होकर सुरक्षित और समृद्ध समाज का करें निर्माण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आमजन को जागरूक करते हुए उनसे नशा मुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित तथा समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से अवनति की ओर ले जाता है। उन्होंने इसी संदेश में आह्वान किया आइए, आज अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति के अभियान को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध हों और नशा मुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

# मनरेगा श्रमिकों के खातों में जल्द पहुंचेगा पारिश्रमिक : केशव मौर्य

**यूपी के मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान हेतु केंद्र से 1027 करोड़ जारी**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के श्रमिकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। इन लोगों का जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रयासों से केंद्र सरकार से करीब 1027 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है।

प्रदेश के मनरेगा मजदूरों की मजदूरी के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये केंद्रीय सहायता के प्रथम भाग की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। केंद्र से मिली सहायता से मनरेगा श्रमिकों के बकायेदारी भी दूर होगी। जल्द ही श्रमिकों के खाते में उनकी मजदूरी का भुगतान पहुंचेग।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में ससमय पहुंचे, इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। मनरेगा के लिए श्रमांश मद में जारी धनराशि के लिए केंद्र सरकार के प्रति श्रमिकों की ओर से उप मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश के लिए 26 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं, जिसके सापेक्ष अब तक प्रदेश द्वारा 8.30 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं।ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमांश मद के लिए केंद्र द्वारा करीब 1027 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है, इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। बहुत जल्द ही श्रमिकों के खाते में उनकी मजदूरी का भुगतान पहुंचेगा।

# सीएचसी जा रही महिला से गैंग रेप, पुलिस ने आरोपितों को पकड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अंतर्गत घर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने जा रही दलित महिला के साथ सात युवकों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। फिर मरणासन्न हालत में आरोपित महिला को बाग में छोड़कर भाग निकले। किसी तरह महिला वहां से निकल कर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में सात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए सामूहिक दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि, मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेते हुए उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक, गोसाईगंज क्षेत्र में रहने वाली महिला (30) मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने जा रही थी। लिखित शिकायत में महिला का आरोप है कि खुर्दही बाजार के नजदीक कटर बक्सा निवासी अनवर ने अपने छह साथियों की मदद से उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपित उसे जबरन बाग में लेकर पहुंचे। जहां आरोपितों ने उससे घिनौनी हरकत कर बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। चीखने-चिल्लाने व शोर मचाने पर उससे मारपीट की गई। जिसके बाद आरोपित उसका मोबाइल छीन मरणासन्न हालत में उसे छोड़कर वहां से भाग निकले। महिला का कहना है कि किसी तरह वह घर पहुंची। जिसके बाद उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला अपने परिजनों को लेकर थाने पहुंची। जहां अनवर और उसके छह साथियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिणी का कहना है कि पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति ऑटो चालक है। उसके तीन बच्चे हैं। शिकायत के आधार पर बुधवार को पुलिस ने महिला मेडिकल परीक्षण कराया है। फिलहाल, मेडिकल रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि होने और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि इस घटना के बाद से महिला और उसका परिवार सदमे में हैं। वहीं, आरोपियों के परिजनों व परिचितों से भी लगातार पूछताछ की जा रही है।

### प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशत्सव : प्रमुख सचिव

**लखनऊ ।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में प्रवेशत्सव मनाया जायेगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव बेसिक डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। इस बार बच्चों के स्वागत में कुछ अलग प्रकार से भी तैयारियां की गई हैं ताकि बच्चे जब विद्यालय पहुंचेगे तो उनको एक बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। राजधानी सहित प्रदेश भर में संचालित 1.33 लाख से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में प्रवेशत्सव मनाये जाने का आदेश दिया गया है। विद्यालयों का संचालन 28 जुलाई से होगा। जबकि बच्चों की पढ़ाई 1 जुलाई से शुरू हो जायेगी। इससे पहले तीन दिनों तक समर कैंप का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए प्रातरू 7.30 बजे से 10.30 बजे तक समय निर्धारित कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक एवं अनुकूल बनाने के लिए ये जरूरी है कि सभी शिक्षक इस पर ध्यान दें। उन्होंने कहाकि जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनको एक शैक्षिक वातावरण मिले और विद्यालय उनके लिए आकर्षण का केन्द्र के रूप में दिखे।


# जलाशय से क्षेत्रीय गांवों में हो रही जलापूर्ति

**▸ सोन पम्प नहर से डोंगिया जलाशय में 30 वर्ष बाद भरा गया पानी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि सोन नदी में बने सोन पम्प नहर से डोंगिया जलाशय में 30 वर्षो में पहली बार जलाशय पूरा भरा गया और क्षेत्रीय लोगों को इस जलाशय से पानी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोनभद्र में 1918 में गरई नदी पर डोगिया बांध का निर्माण किया गया था। जलाशय क्षमता 28.33 एमसीएम है। डोगिया जलाशय से लगभग 15 किमी दूरी पर मीरजापुर के लखनिया दरी लखनिया बियर पर पानी आता है।

लखनिया दरी के बांये तरफ से अहरौरा उच्च स्तरीय नहर निर्मित है जिसकी लम्बाई 07.700 किमी एवं डिस्चार्ज 125 क्यूसेक है। इस नहर से अहरौरा मुख्य नहर में पानी दिया जाता है। अहरौरा मुख्य नहर से 06 नहरें निकलती है जिसका सीसीए 3609 हेक्टेयर है। डोंगिया जलाशय से 2023 से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तालर ग्राम समूह योजना हेतु 6.07 एमसीएम प्रतिवर्ष पानी की



आपूर्ति की जा रही है। विगत वर्षो में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण डोंगिया जलाशय में पानी की उपलब्धता कम होने से जल जीवन मिशन हेतु डोगिया जलाशय से पानी देना सम्भव नहीं था।

डोंगिया जलाशय में पानी की आपूर्ति हेतु घाघर मुख्य नहर के किमी 38.500 के दायें बैंक से निकली डोंगिया फीडर जिसकी लम्बाई 3.200 किमी व शीर्ष क्षमता 200 क्यूसेक एवं कनेक्टिंग ड्रेन के माध्यम से डोंगिया जलाशय को पानी की आपूर्ति पर विचार किया गया। इसे लगभग 30 वर्ष पूर्व वर्ष 1995 में मीरजापुर में घाघर मुख्य नहर टेल से निकली मडिहान ब्रांच में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण घाघर मुख्य नहर से डोंगिया फीडर को पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। सोनभद्र के चोपन ब्लाक में सोन नदी पर पम्प नहर निर्मित है। सोन पम्प नहर का संचालन पम्पों द्वारा कुल चार चरण में पानी 166 मी उठाकर धंधरौल बांध के निकली घाघर मुख्य नहर के किमी 4.050 पर उपलब्ध कराया जाता है। घाघर मुख्य नहर के किमी 38.500 से निकली डोंगिया फीडर पर बनी दीवाल को हटाकर इसकी सफाई करायी गयी। 3.200 किमी लम्बी फीडर चौनेल के टेल से निकली ड्रेन लम्बाई लगभग 4 किमी के माध्यम से डोंगिया जलाशय में पानी भरने की कार्यवाही की गयी। सोन पम्प नहर से घाघर मुख्य नहर के द्वारा डोंगिया जलाशय में पानी लाया गया। श्री सिंह ने बताया कि हमारी सरकार के प्रयास से डोंगिया जलाशय में 03 अप्रैल को जलाशय स्तर 160.55 मी, धारित मात्रा 2.63 एमसीएम पर पानी भरना प्रारम्भ किया गया। 21 अप्रैल को जलाशय स्तर 161.86 मी, धारित मात्रा 4.53 एमसीएम तक 1.900 एमसीएम पानी जलाशय में भरा गया। उन्होंने बताया कि इस पानी के उपलब्ध हो जाने से जल जीवन मिशन हेतु सुगमता पूर्वक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त पानी की आपूर्ति किये जाने से किसानों को सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

# परिवहन निगम के बस स्टेशनों पर अब यात्रियों को 24 घंटे मिलेगा ठंडा पानी

**यूपी परिवहन निगम और भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य हुआ एमओयू**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यात्रियों को आरामदायक यात्रा के साथ ही बस अड्डों पर भी उन्हें सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में परिवहन निगम ने बुधवार को भारत पेट्रोलियम कंपनी के साथ एक एमओयू किया है।

इसके तहत परिवहन निगम के 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। वाटर कूलर लगने के बाद यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



दयाशंकर सिंह के निर्देश पर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाने हेतु होटल ताज मे एमओयू साइन किया गया। एमओयू हस्ताक्षरित करते समय परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद तथा सभी प्रधान प्रबंधक उपस्थित थे। भारत पैट्रोलियम की तरफ से राहुल टंडन, बिजनेस हेड मनोज मेनन उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक ने बताया कि बस स्टेशन पर 100 वाटर कूलर लगने के उपरांत यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। बीपीसीएल द्वारा यह कार्यवाही कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) उत्तरदायित्व के अंतर्गत की गई है। यह वाटर कूलर 80 लीटर पानी की क्षमता के होंगे। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी बीपीसीएल परिवहन निगम के साथ जुड़कर अन्य क्षेत्र में कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि मै. बीपीसीएल द्वारा परिवहन निगम में डीजल आपूर्ति का कार्य अन्य कंपनियों के साथ-साथ प्रारंभ किया गया है।

**सम्मेलन** | एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने दो दिवसीय यूपी एमएसएमई सम्मेलन का किया उद्घाटन

# एमएसएमई क्षेत्र का विकास बगैर देश की प्रगति सम्भव नहीं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री श्री राकेश सचान ने कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र को विकसित किये बगैर देश की प्रगति सम्भव नहीं है और राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का सपना भी इस क्षेत्र को बढ़ावा दिये बगैर पूरा नहीं किया जा सकता।

राकेश सचान उद्योग मंडल द एसोसिएटेड चैम्बर्स आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा बुधवार को आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की सरकारें




मिलकर एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिये काम कर रही है। वन ट्रिलियन डालर का सपना एमएसएमई की मदद के बगैर पूरा होना सम्भव नहीं है। इसके बिना देश की तरक्की नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिये सरकार अनेक कदम उठा रही है। राज्य सरकार हर तरह से इस क्षेत्र के साथ खड़ी है। उसकी कोशिश है कि उत्तर प्रदेश एक उद्यम प्रदेश के रूप में उभरे। श्री सचान ने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई नीति कई मायनों में अनोखी है। इसमें एक करोड़ तक के एमएसएमई को भी ब्याज में 50 प्रतिशत की सब्सिडी की व्यवस्था है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंडअप, क्रेडिट गारंटी योजना जैसी योजनाएं चलाकर एमएसएमई को मदद दी जा रही है।

### कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र एमएसएमई

कैबिनेट मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की पूर्व संध्या पर एसोचैम द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के आयोजन के लिये बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से जो भी सुझाव आएंगे, सरकार उन पर अमल करने का यथासम्भव प्रयास करेगी। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र एमएसएमई ही है। इसके माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में युवाओं को रोजार मिल सकता है। भारत की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान 30 प्रतिशत है। जबकि निर्यात में भी उसकी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत के आसपास है। सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिये प्रयास कर रही है। सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के जरिये स्थानीय उत्पादों को पूरी दुनिया में पहचान दिलायी है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे पूरे देश की योजना बनाया है। उत्तर प्रदेश में लैंड बैंक बनाने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसएमई को सस्ती जमीन दिलवाने के लिये प्लेज स्कीम शुरू की है।

# तीसरी लाइन निर्माण के चलते कई ट्रेनें निरस्त, यात्रियों की बढ़ी दुश्वारियां

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के वजह से गोंडा कचहरी-मैजापुर-कर्नलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण इस रूट की गाड़ियां निरस्त कर दी गई हैं। वहीं कई का मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग कर दिया गया है।

ट्रेनों के निरस्त होने से इस रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बुधवार को कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित समपार फाटक संख्या 282 पर लाइन बिछाने के चलते सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कर्नलगंज, मैजापुर,कचहरी आदि स्टेशनों पर ट्रेनें स्थगित रहीं। जिससे यात्रियों को जरवल रोड स्टेशन पर ही उतरना पड़ा।

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह के मुताबिक गोंडा कचहरी से लेकर कर्नलगंज के बीच पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों पर प्री नान इंटरलाकिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके चलते आगामी 29 जून तक कई गाड़ियां निरस्त कर दी गई हैं तथा कई का रूट परिवर्तित कर दिया गया है। बदले रूट के कारण यात्रियों को अपने गन्तव्य तक पहुंचने के लिए करीब 30 किलोमीटर का सफर तय करने के लिए चार पहिया वाहन टैक्सी का सहारा लेना पड़ रहा है।

### इन ट्रेनों का संचालन निरस्त

सीतापुर से 27 जून, 2024 को चलने वाली 05092 सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05031 गोरखपुर -गोण्डा सवारी गाड़ी 27 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। गोण्डा से चलने वाली गाड़ी संख्या 05453 गोण्डा – सीतापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। सीतापुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05454 सीतापुर – गोण्डा सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। सीतापुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05459 सीतापुर – शाहजहापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। शाहजहांपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05460 शाहजहांपुर – सीतापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। गोण्डा से चलने वाली गाड़ी संख्या 05032 गोण्डा – गोरखपुर सवारी गाड़ी 29 जून 2024 तक निरस्त रहेगी।

### परिवर्तित रूट से चलायी गयी ट्रेनें

छपरा से 26 जून को चलने वाली 22531 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई गई। मथुरा जं. से 26 जून को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते चलाई गई। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 26 जून को चलने वाली 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जंक्शन -मनकापुर के रास्ते चलाई गईं।



## विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिला महिला चिकित्सालय में नियमित टीकाकरण के अंतर्गत विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की डोज पिला कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवम अन्य सहयोगी संस्थाओं के जनपद स्तरीय प्रतिनिधि उपलब्ध रहे। यह कार्यक्रम आज 26 जून से आगामी एक माह तक प्रत्येक टीकाकरण दिवस के दिन आयोजित किया जाएगा। टीकाकरण के सत्र पर ही स्वास्थ्य एवं ICDS विभाग के संयुक्त प्रयास से 09 माह से 05 वर्ष के बच्चो को विटामिन ए की डोज से आच्छादित किया जाएगा। जनपद में लगभग 4 लाख 72 हज़ार बच्चों को आच्छादन किया जाना है।



# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई बाढ़ राहत व बचाव कार्य की समीक्षा

- कमी हो तो ग्राम पंचायत नई नाव की खरीदारी करे : विधायक
- जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाएगा मॉक ड्रिल : डीएम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्भावित बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य की तैयारी की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के सामने अभी तक की गई तैयारियों को रखा।

अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि जनपद में संभावित बाढ़ को लेकर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम बनाया गया है उसके माध्यम से 24 घंटे बाढ़ से सम्बन्धित निगरानी की जा रही है। बाढ़ राहत व बचाव हेतु 31 बाढ़ शरणालय व 334 नाव की व्यवस्था की गई है। एक फ्लड पीएसी टीम भी उपलब्ध है। बाढ़ खंड के एक्सईएन ने बताया कि जनपद के सभी तटबंधों पर सभी तैयारियां कर ली गई है। आसपास के गांव को भी सचेत कर दिया गया है। इस मौके पर तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने नाव की सूची उपलब्ध कराने को कहा साथ ही ग्राम पंचायत के माध्यम से आवश्यकतानुसार नई नाव खरीदने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय लोगों के आवागमन के लिए नाव मौजूद रहनी चाहिए। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने जिलाधिकारी से टेढ़ी नदी का सर्वे कराकर फ्लो बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए सुझाव व निर्देशों के अनुसार तैयारियों को और बेहतर बनाया जाएगा। समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में सभी विभागों के साथ तैयारी का पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि, समस्त उप जिलाधिकारी व समस्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ. अंजनी शुक्ला बने पुनः विभाग प्रमुख

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत का अभ्यास वर्ग 21 जून से 24 जून बाराबंकी में संपन्न हुआ। जिसमें अंतिम दिन प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नीतू सिंह द्वारा नवीन दायित्व की घोषणा की गई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री आदर्श शुक्ला ने बताया कि प्रांत अध्यक्ष द्वारा डॉक्टर अंजनी शुक्ला को पुनः विभाग प्रमुख डॉ राजेश चतुर्वेदी को पुनः जिला प्रमुख, आयुष श्रीवास्तव को जिला संयोजक अंकुर सिंह को जिला सहसंयोजक का दायित्व सौंपा गया। अंकुल राठौर को पुनः श्रावस्ती विभाग का विभाग संगठन मंत्री बनाया गया। नवीन दायित्व की घोषणा पर पूर्व जिला संयोजक मयंक अग्रवाल, पूर्व जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा, अभय तिवारी देवाशीष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# वन माफिया कर रहे हरे वृक्षों का कटान, जिम्मेदार बने अनजान

- सरकारी जमीन पर लगे इन हरे भरे वृक्षों को यदि सरकारी कर्मचारी नहीं बचाएंगे तो फिर कौन?





**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में हरियाली पर आये दिन आरा चलता है तो वहीं सरकार के वृक्षारोपण पर भी सवाल उठता है कि जब पुराने वृक्षों को नहीं बचाया जाएगा तो हरियाली आने में समय लगेगा।जबकि वनमाफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि सरकारी भूमि पर लगे प्रतिबन्धित वृक्षों को काटकर धाराशाई कर देते हैं वहीं जिम्मेदार केवल कार्यवाही के नाम पर कागजी खानापूर्ति करके सरकार की व्यवस्था में खानापूर्ति करतें हैं।

हाल में ही स्थानीय लोगों द्वारा लेखपाल, कानूनगो सहित वन विभाग के जिम्मेदार रखवालों को सूचना दी की ग्राम खमरिया हरिवंश में एक कब्रिस्तान है जहां पर कई वृक्ष आम के लगे हैं जो हरे भरे व फलदार है उस सरकारी जमीन पर लगे आम के वृक्ष को कुछ दबंग लोग काटकर उठाने के फिराक में है परन्तु राजस्व व वन विभाग के जिम्मेदारो के कान पर जूं तक न रेंगी और मौके से प्रतिबंधित आम के वृक्ष के बोटो को लेकर चले गये।वहीं तेजतर्रार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की हम लेखपाल को उपरोक्त कटान के विषय में जानकारी मिली है कार्यवाही होगी। जनचर्चा है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी राजस्व लेखपाल, कानून गो व वन विभाग के जिम्मेदार देखने तक नहीं आये।

ग्राम निवासी कई लोगों ने बताया कि सरकारी जमीन पर कटे प्रतिबंधित वृक्ष के विरुद्ध राजस्व विभाग व वनविभाग मुकदमा लिखवाने से कतरा रहा है क्योंकि सरकारी जमीन पर अवैध कटान करने वाले इन विभागों के दलाल ही बताए जा रहे हैं।सूत्रो से यह भी जानकारी मिली है कि रोड किनारे प्रा. वि. खमरिया हरिवंश के बगल सगरा तालाब पर भी सरकारी भूमि पर लगे सागौन सहित अन्य प्रजाति के वृक्ष कट गये है और जिम्मेदार अन्जान बने हुए हैं जबकि सरकारी भूमि पर लगे वृक्ष की देख रेख वन और राजस्व करता है।

क़ब्रिस्तान में कटे आम पर वन वीट प्रभारी से जानकारी करने पर बताया कि आम का वृक्ष कटा है जानकारी हुई है कार्यवाही की जाएगी,तो वहीं राजस्व कर्मियों द्वारा भी मामले में लीपापोती की जा रही है जबकि जानकारी स्थानीय लोगों ने राजस्व लेखपाल व कानून गो को भी दिया है।अब सवाल यह उठता है कि जब हरे-भरे प्रतिबंधित वृक्ष किसी किसान के द्वारा कटान किया जाता है तो सभी विभाग सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन वनमाफियाओ के आगे राजस्व व वन विभाग के सभी कानून घुटने टेक देते है जो अपने आप में एक यक्ष प्रश्न की तरह बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### छत्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को बहलोलपुर, पारासराय, बेलवा बहुता, रेहरा, एकडंगा , कुकरिहा आदि ग्राम सभाओं में छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम् पांडेय ने बताया कि हमने लक्ष्य लिया है कि एक लाख वृक्ष पूरे देश में लगाएंगे इसी के तहत आज विकासखंड इटियाथोक में गांव-गांव में जाकर वृक्षारोपण किया गया है तथा हर वृक्ष के लिए एक संयोजक भी बनाया गया है जो उसकी पूरी साल देखभाल करेगा इटियाथोक के संयोजक सतीश मिश्रा ने बताया कि विकासखंड इटियाथोक के अंतर्गत 5000 वृक्षारोपण हम लोग करेंगे और 5000 वृक्षों के पीछे हम 5000 संयोजक भी बनाएंगे और उसकी पूरी मॉनिटरिंग छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा की जाएगी उसी के तहत आज इटियाथोक में कार्यक्रम किया गया है इस अवसर पर डॉक्टर सूरज शुक्ला, शुभम तिवारी, रामवृक्ष कुमार, दीनानाथ वर्मा, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### मुखिया फर्जी मुकदमे में फंसाने की दे रहे धमकी




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोमरही निवासी अरुण कुमार जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। दिए गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ग्राम प्रधान कृपाराम सोनकर पीड़ित व उसके परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवाने की धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित अरुण कुमार जायसवाल काफी हद तक डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने पत्र में लिखा है कि 26 जून 2024 को ग्राम प्रधान कृपा शंकर सोनकर, राम शब्द उर्फ झुल्लन,अशोक, निरहू,अरुण निवासी सोमरही ने अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर धावा बोल दिया और जबरन उसके ईंट की दीवाल उजाड़ने लगे। पीड़ित के परिजनों ने दीवार उजाड़ने से रोका तो प्रधान व उनके साथी पीड़ित के परिजनों को मारने पीटने लगे। पीड़ित के परिजनों में जोतराम जायसवाल,नरेंद्र कुमार जायसवाल,मनीष कुमार जायसवाल,सरस्वती जायसवाल को लाठी-डंडे से मारा पीटा और जाते समय कहा कि तुम परिवार वालों को जान से मार देंगे और फर्जी मुकदमे में फंसवाकर जेल भेजवा देंगे। पीड़ित ने प्रधान द्वारा दी गई धमकी से काफी त्रस्त होकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# जनपद में विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ

- 9 माह से 5 वर्ष तक के 5.5 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक
- मिजल्स, डायरिया व रतौंधी से मिलेगी सुरक्षा
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ निमोनिया व डायरिया का खतरा होगा कम

**राहुल सोनी**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जनपद में विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलवार को नाजिरपुरा प्राइमरी स्कूल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने किया।


इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना और उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना है। यह अभियान आगामी एक माह तक चलेगा, जिसमें 556,353 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. राजेश कुमार ने बताया विटामिन ए बच्चों की दृष्टि, प्रतिरक्षा प्रणाली और समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विटामिन ए की कमी से बच्चों में रात का अंधापन, संक्रमण का खतरा और विकास में अवरोध जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन सभी समस्याओं की रोकथाम करना और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस मौके पर सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डबल्यूएचओ विपिन लिखोरे, अर्बन नोडल डॉ पी के वर्मा, सीडीपीओ अर्बन, यूएनडीपी के मनिज पाण्डेय व वीसीसीएम राजकुमार, यूनिसेफ से डीएमसी दिलीप मिश्रा व सतीश सहित एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### ऐसे चलेगा अभियान



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया यह अभियान प्रत्येक बुधवार और शनिवार को छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस के सत्र स्थल पर आयोजित किया जायेगा, इसमें नौ माह से पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसके साथ ही अभिभावकों और समुदाय को विटामिन ए के महत्व और इसके स्रोतों के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिससे वह अपने बच्चों के आहार में विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ शामिल कर सकें। इस अभियान में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इसके आलावा अभियान के दौरान बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाएगी ताकि विटामिन ए की कमी के लक्षणों की पहचान की जा सके और समय पर उपचार किया जा सके।

### विटामिन ए की खुराक के लाभ



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के सिंह ने बताया कि विटामिन ए बच्चों को कुपोषण, मिजल्स, डायरिया और रतौंधी से बचाती है। इसके सेवन से निमोनिया और डायरिया का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने बताया शरीर में विटामिन ए की कमी से रोग प्रतिरोधक क्षमता घटती है, जिससे आंख कमजोर होने की आशंका होती है और बच्चे के शारीरिक विकास में भी कमी आ सकती है।

### सभी का मिले सहयोग



इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने स्थानीय समुदाय और अभिभावकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि समुदाय की सहभागिता से ही इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है।

### बच्चों के स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा



विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम जनपद के बच्चों के स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अभियान के माध्यम से बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर किया जा सकेगा, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होगी और दृष्टि संबंधी समस्याओं की रोकथाम होगी। जनपद के स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से बच्चों का समग्र स्वास्थ्य बेहतर बनेगा और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा।

*-मोनिका रानी जिलाधिकारी*

# भारत-नेपाल सीमा पर कार से बरामद हुआ 1275 ग्राम चरस, आरोपित गिरफ्तार

- एसएसबी के डॉग स्क्वायड दल ने जांच के दौरान पकड़ा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मोतीपुर में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस टीम ने कार से 1275 ग्राम चरस बरामद की है। चरस तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस और कार सीज कर दिया गया है। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी 59वी वाहिनी के कमांडेंट कैलाश रमोला के नेतृत्व में जवानों द्वारा गश्त की जा रही थी। एसएसबी बलई गांव की टीम के साथ डॉग स्क्वायड दल भी जांच में लगा था।एसएसबी और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम ने मंगलवार शाम को बस्थनवा से बलईगाँव की तरफ वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सफेद रंग की अल्टो कार लौकाही बाजार से कुछ अवैध सामान की खरीद कर बलाईगांव जा रहा है। जवानों ने कार रोक कर जांच की तो जांच के दौरान कार से 1275 ग्राम चरस बरामद हुआ। कार सवार ने अपना नाम संतोष चौधरी पुत्र विश्राम थारू निवासी अचकवा बताया। जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर तस्कर को जेल भेज दिया है। जबकि बरामद चरस और कार को सीज कर दिया है।टीम में एसएसबी बलईगांव के इंस्पेक्टर विपिन कुमार,मुख्य आरक्षी जाधव दीपक, नयन मणि दास,आरक्षी मारुती पाटिल,योगेश कुमार तथा पुलिस दल के उपनिरीक्षक अश्विनी पाण्डेय,आरक्षी ललित कुमार शामिल रहे।

## चारागाह की भूमि पर बने अवैध निर्माण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, भू माफियाओं में हड़कंप

**अन्य भू माफियाओं को भी नोटिस देकर अवैध निर्माण हटाने को किया सचेत**

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम अमकोलवां में प्रशासन के बुलडोजर ने दहाड़ लगाई। ज्ञातव्य हो कि चारागाह की भूमि पर दौरान मुकदमा कुछ भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर नया निर्माण कर लिया था,जिसे राजस्व टीम तहसीलदार पयागपुर धर्मेंद्र कुमार,नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव ,राजस्व निरीक्षक ,हल्का लेखपाल ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर बुलडोजर चला कर ढहा दिया। अन्य भू माफियाओं को भी नोटिस देकर अवैध निर्माण हटाने को सचेत किया गया है। यदि नियत समय पर अवैध कब्जा नही हटाया जाता है तो प्रशासन बुलडोजर चलाने पर मजबूर होगा।तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चुनाव में व्यस्तता के कारण मौका पाकर कुछ भूमाफियाओं ने नया निर्माण कर लिया था,जिसे बुलडोजर चलाकर खाली करा लिया गया है।शेष को नोटिस देकर अवैध निर्माण हटाने के लिए सचेत किया गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से मासूम की मौत

- लेखपाल ने तहसील को सौंपी रिपोर्ट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित जनजातीय ग्राम फकीरपुरी के रहने वाले अजीत कुमार अपने 12 वर्षीय पुत्र रामनिवास के साथ खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान तेज कड़कड़ाहट के साथ चमकी आकाशीय बिजली खेत में गिरी जिसकी चपेट में आकर रामनिवास बुरी तरह से घायल हो गया। पिता अजीत की चीख सुनकर पड़ोस के खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे घायल मासूम को सभी इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर इलाज के दौरान मासूम रामनिवास की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस व लेखपाल मौके पर पहुंचे। लेखपाल ने बताया की प्राकृतिक आपदा में मासूम की मौत हुई है। रिपोर्ट तहसील को सौंप दी गई है। शीघ्र ही पीड़ित परिवार को अहेतुक सहायता दिलाई जाएगी।

# हत्या मामले में पुलिस नहीं दर्ज कर रही केस, परिजनों ने डीएम से की शिकायत

- 19 जून को हत्या कर सड़क किनारे फेंका था शव, पोस्टमार्टम के बाद भी पुलिस बनी शिथिल



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला नूरुद्दीन चक निवासी एक युवक का शव 19 जून को पड़ा मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाया। लेकिन हत्या का केस पुलिस नहीं दर्ज कर रही है न ही पीआरओ एसपी से मिलने दे रहे हैं। परेशान लोगों बुधवार को डीएम से शिकायत की। दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला नूरुद्दीन चक गांव निवासी मोहम्मद शमीम उर्फ गनन पुत्र अब्दुल हमीद बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने पहुंचे। साथ में भाभी शबा परिवार के साथ आई।महिला का कहना है कि उसके पति मोहम्मद अहमद दरगाह में हकीम का काम करते थे। 19 जून की रात उनकी मोहल्ला निवासी ताहिर, नौशाद, दिलशाद और राजा ने हत्या कर दी। शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। लेकिन नामजद तहरीर देने के बाद भी दरगाह पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही है।पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए सोमवार से चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन एसपी के पीआरओ मिलने नहीं दे रहे हैं। महिला का कहना है कि इसी तरह वर्ष 2017 में हुए जेठ की हत्या के मामले में भी पुलिस ने आरोपियों से मिलकर उसके पति को जेल भेज दिया था। महिला ने डीएम और मुख्यमंत्री आईजीआरएस कर केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

## बोलेरो में बैठी महिला को अपनी मां बता लॉक खोलने वाला चोर पुलिस के हवाले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राम गांव थाना क्षेत्र के गंभीरवा बाजार निवासी चांद मोहम्मद की मां मुन्नी देवी की तबीयत खराब है। जिस पर चांद मोहम्मद मंगलवार को अपने मां और पिता को बोलेरो वाहन से लेकर डॉक्टर के यहां आया। डॉक्टर को दिखाने के बाद चांद मोहम्मद घर के लिए रवाना हुआ। शहर के बाईपास मार्ग पर डॉक्टर एम मलिक के सामने स्थित गैराज में उसने एसी सही करवाने के लिए गाड़ी खड़ी कर दी। शाम सात बजे वाहन में महिला बैठी थी। इसके बाद पुत्र समान लेने के लिए आगे चला गया। इसी दौरान एक अनजान व्यक्ति आया उसने नकली चाबी से बोलेरो वाहन को स्टार्ट करने लगा। इसपर मुन्नी ने नाम और पता पूछा तो उसने बताया कि मैं तुम्हारा बेटा हूं। महिला के विरोध करने पर काफी संख्या में लोग आ गए। लोगों के सामने भी अज्ञात व्यक्ति ने महिला का बेटा कहते हुए बोलेरो वाहन ले जाने का प्रयास किया। इसी दौरान वाहन मालिक चांद मोहम्मद आ गया उसने वाकया देखा तो हतप्रभ रह गया। भीड़ ने अज्ञात युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि युवक मंदबुद्धि का है।

# बिना टैक्स जमा किए फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले भर में एक हजार से अधिक ई रिक्शा संचालित हैं। लेकिन ई रिक्शा मालिक टैक्स नहीं भर रहे हैं। जिसके चलते इनका दो साल का 30 लाख से अधिक का टैक्स बकाया है। कंप्यूटर में फीडिंग न हो पाने के चलते इनको नोटिस भी नहीं जारी की जा सकती है।शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका चलाने के लिए लोग ई रिक्शा की खरीदारी कर रहे हैं। बेधड़क चालक ई रिक्शा का संचालन सड़कों पर कर रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा बनवाये गए सड़क पर चलने का ही टैक्स सभी नहीं भर रहे हैं। बिना टैक्स के ही ई रिक्शा जिले भर में सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले के 1000 ई रिक्शा संचालक ऐसे हैं, जिनके द्वारा टैक्स नहीं जमा किया गया है। जिसके चलते सरकार के राजस्व के इजाफा नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया की ओटीटी का दो साल का टैक्स बकाया है। एआरटीओ ने बताया कि रिक्शा संचालकों का 30 लाख से अधिक का टैक्स बकाया है। उन्होंने सभी से टैक्स जमा करने की बात कहते हुए कार्यवाई की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर ई रिक्शा का टैक्स नहीं जमा हुआ तो वाहन को घर या सड़क से पकड़ कर सीज कर दिया जाएगा।

### दो साल का है बकाया



शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा संचालित है। ई रिक्शा पर 2 साल का टैक्स बकाया है। इनमें किसी का 2400 तो किसी का 5000 रूपये टैक्स बकाया है। शत-प्रतिशत वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा।

राजीव कुमार एआरटीओ

### नहीं भेजा जा सकता नोटिस

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि ई रिक्शा संचालकों को नोटिस नहीं भेजा जा सकता इसका मुख्य कारण इसका फीडिंग कंप्यूटर में नहीं उठा रहा है। जिसके चलते नोटिस नहीं भेजा जा सका है। उन्होंने बताया कि नोटिस भेजा भी नहीं जायेगा। लेकिन लोग हर हाल में ई रिक्शा का टैक्स बकाया जमा कर दें।

# पुरानी पेंशन का लाभ पाएंगे 50000 शिक्षक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के कई वर्षों के लगातार सुनियोजित प्रयास से राज्य के तकरीबन पचास हजार शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में पारित किया गया। पुरानी पेंशन को शिक्षकों के बुढ़ापे की लाठी बताते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने प्रदेश सरकार के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहाकि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठन इस हेतु लगातार प्रयासरत था। इसी क्रम में पिछले वर्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने राज्य के प्रभारी महेंद्र कुमार के नेतृत्व में गत 09/11/2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधिवत चर्चा की थी। वार्ता में मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष ही इस पर सार्थक निर्णय लेने के लिए महासंघ को आश्वस्त भी किया था। इसके बाद महासंघ के पत्र को तत्काल संज्ञान में लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दि.-10/11/2023 को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को दिनांक-01 अप्रैल 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्ति पाए विशिष्ट बी.टी.सी.-2004 बैच के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था में सम्मिलित किए जाने हेतु शीघ्र न्यायसंगत कार्यवाही करने के लिए पत्र जारी किया था। संगठन के मैराथन प्रयासों का सुखद सार्थक परिणाम कल कैबिनेट की बैठक में आया और लगभग 19 वर्ष बाद पुरानी पेंशन बहाल हुई, इस हेतु पुरानी पेंशन चुनने के विकल्प के प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गयी इस निर्णय से विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के सभी शिक्षक एवं शिक्षकों सहित 2004 के पूर्व विज्ञप्ति जारी हुए ऐसे सभी कर्मचारियों, अधिकारियों जिनकी नियुक्ति पुरानी पेंशन बंद होने के बाद हुई थी सबको अब पुरानी पेंशन व्यवस्था में सम्मिलित किया जाएगा।

# जनपद में शुरू हुआ विटामिन ए की दवा पिलाने का कार्यक्रम

- विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत साल में दो चरणों में पिलाई जाती है दवा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को साल में दो बार विटामिन ए की दवा पिलायी जाती है। बुधवार को कार्यक्रम का पहला चरण शुरू हुआ जिसका शुभारम्भ जिला महिला अपस्ताल के प्रसव पश्चात केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. निर्मला साहू ने बच्चे को दवा पिलाकर किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि नौ माह से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को छह-छह माह के अन्तराल पर विटामिन ए की दवा पिलायी जाती है। बच्चों को विटामिन ए की दवा जरूर पिलायें दवा बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त और निमोनिया जैसी परिस्थितियों से तो बचाती है साथ ही कुपोषण से भी बचाव करती है। इसके साथ ही रोगों से लड़ने के लिए प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि करती है।

### नौ माह से पांच साल के कुल 3.25 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि बुधवार से शुरू हुआ यह चरण 25 जुलाई तक चलेगा। अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान नौ माह से पांच साल तक के कुल 3.25 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिसमें नौ से 12 माह के 37,056 बच्चे, एक से दो साल के 70,114 बच्चे और दो से पाँच साल तक की आयु के 2.17 लाख बच्चे हैं। विटामिन ए की खुराक हर छह-छह माह पर अभियान चलाकर पिलाई जाती है। विटामिन ए की दवा पिलाने के साथ ही पीले, लाल और हरे फलों तथा सब्जियों का सेवन बच्चों को कराना सुनिश्चित करें क्योंकि इनमें प्राकृतिक रूप से विटामिन ए की दवा पिलाई जाती है।

### विटामिन ए की दवा रतौंधी, अन्धेपन व कुपोषण से बचाती है

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना ने बताया बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने से शरीर की एपिथीलियल लेयर मजबूत होती है। यह परत हर बच्चे के रेस्पेरेटरी ट्रैक यानि श्वसन तंत्र में भी होती है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे के रेस्पेरेटरी ट्रैक की एपिथीलियल लेयर मजबूत रहेगी तो इसमें संक्रमण की संभावना कम होती है। साथ ही बैक्टीरिया व वायरस के श्वसन तंत्र से भीतर जाने की गुंजाइश भी काफी कम हो जाती है। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएचसी का निरीक्षण भी किया। वह पीएचसी की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जो भी लाभार्थी स्वास्थ्य केंद्र पर आये उसे स्वास्थ्य सेवाएं देना सुनिश्चित करें एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं की जानकारी दें।

## सीएम योगी ने रायबरेली को दी सौगात



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री ने रायबरेली जिले को दी करोड़ों दी सौगात सदर विधायक आदिति सिंह के मुख्यमंत्री ने 10 सोलर संचालित आँटो चिलर प्लांट की मिली स्वीकृत, जिसमें तीन सोलर संचालित आँटो चिलर प्लांट का सदर विधायक अदिति सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन, सदर विधायक आदिति सिंह ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हो हुए कहा कि भीषण गर्मी में हीटवेव के चलते शहर वासियों को आज बड़ी सौगात मिली है अदिति सिंह ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत से बने आज शहर के त्रिपुला चौराहे के पास स्थित मढ़िया माता देवी मंदिर, शिवाजी नगर व अभय दाता मंदिर सहित तीन जगहों पर ऑटो चिलर प्लांट का उद्घाटन किया।

## खबरें एक नजर में

### दो डम्फरों में भिड़ंत, परिचालक की हालत गंभीर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे डंपर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा डंपर आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। हादसे में जहां डंपर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं, चालक व परिचालक घायल हो गए। परिचालक की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान के रेफर किया गया है। जनपद एटा कोतवाली बागवाला के ग्राम बरौली निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र अतवीर सिंह खाली डंपर एटा से लेकर हमीरपुर जा रहे थे। उनके साथ परिचालक निर्मल कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी धरौली थाना जैथरा जनपद एटा भी थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे डंपर के चालक ने किमी संख्या 203 छिरिया सलेमपुर के पास अचानक ब्रेक लगा दिए। आगे के चालक द्वारा ब्रेक लगाने के कारण पीछे चल रहे डंपर का चालक ब्रेक नहीं लगा सका। ब्रेक न लग पाने के कारण डंपर की आगे चल रहे डंपर से टक्कर हो गई। जिसमें डंपर का आगे का भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर का चालक शैलेन्द्र सिंह व परिचालक निर्मल कुमार घायल हो गए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा के माध्यम से घायलों को सीएचसी में लाया गया। जहां पर परिचालक निर्मल कुमार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची मलकपुरा चौकी पुलिस व एक्सप्रेस वे की टीम ने डंपर को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

### ओवरलोड डंफर पर लगा 13 हजार का जुर्माना

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चेकिंग के दौरान परिवहन अधिकारी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से बालू के ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। पकड़े गए ओवरलोड डंपर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर परिवहन अधिकारी ने डंपर पर जुर्माना भी लगाया गया है। परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय बंगरा रोड पर एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास से एक बालू के ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। पकड़े गए डंपर में ओवरलोड बालू भरी थी। परिवहन अधिकारी ने पकड़े गये डंपर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। परिवहन विभाग ने पकड़े गए डंपर के खिलाफजुर्माना की कार्यवाही भी की है। परिवहन विभाग ने पकड़े गये डंपर पर एक लाख 13 हजार का जुर्माना लगाया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि बालू का ओवरलोड डंपर पकड़ा गया है। जिस पर जुर्माना लगाया गया है।

### जनपदीय प्रतिभा सम्मान समारोह 30 को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** इस वर्ष भी जनपदीय प्रतिभा सम्मान समारोह 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विद्यालय के प्रबन्धक अशोक कुमार राठौर ने अवगत कराया कि हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 में, वे मेधावी छात्र–छात्राएं जिन्होंने इस वर्ष किसी भी बोर्ड (यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड या आईसीसी बोर्ड आदि) से 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है वह सभी समारोह में सम्मानित किए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के नगरीय विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु होंगे। कार्यक्रम में जनपद के सम्भ्रांत अतिथि गण आमंत्रित रहेंगे अतः मेधावी छात्र–छात्राओं अभिभावकों एवं शुभचिंतकों से अनुरोध है कि वह समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### नलकूप हुआ खराब, नगर में गहराया पानी का संकट

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था फिर गड़बड़ा गई है। 4 नम्बर नलकूप खराब होने के बाद कई मुहल्लों में पानी नहीं पहुंच रहा है। विदित हो कि नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था जल संस्थान के पास है जो एक दर्जन से अधिक नलकूपों के माध्यम से नगर की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराता है लेकिन गर्मी की शुरूआत के साथ नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ठीक नहीं है आलम यह है कि आये दिन कोई न कोई नलकूप खराब हो जा रहा है जिससे संबंधित क्षेत्र की जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को फिर 4 नम्बर नलकूप खराब हो गया है जिससे मनीगंज, इदिरानगर, महमूदपुरा, रामगंज आदि मुहल्लों के ज्यादातर घरों में जलापूर्ति ठप हो गई है। विभागीय सूत्रों की माने तो नलकूप संचालन और दुरूस्त कराने के लिए ठेकेदार जिम्मेदार है और वुधवार तक उसने उक्त नलकूप को दुरूस्त करने की कोशिश भी शुरू नही हुई है जिससे प्रभावित क्षेत्र में जलसंकट और बढ़ने के आसार है। जेई आलोक कुमार के अनुसार ठेकेदार को अतिशीघ्र नलकूप दुरूस्त कराने के निर्देश दिए गये हैं।

### शंकरपुर में विद्युत केबिल पर बंधे कपड़े, दुर्घटना की संभावना



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत शंकरपुर में मैन गली में लगी केबिल कई खम्बों में लगी केबिल में कपड़े बंधे हुए हैं जिससे बरसात के समय कभी भी हो सकती है बड़ी घटना इसलिए ग्राम शंकरपुर निवासी अतुल दुबे ने बताया कि वह अनेकों बार उक्त इस संबंध में विद्युत विभाग को कई बार सूचित कर चुके हैं लेकिन आज तक केबिल का शुद्धिकरण नहीं किया गया। शंकरपुर पुलिस चौकी के बगल वाले रास्ता में खम्बों में लगी केबिल जिसमें कपड़े बंधे नजर आ रहे हैं। बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है अब इसमें कभी भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि इस केबिल को जल्द से जल्द बदल जाए ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।

### डॉ. कलाम ट्रस्ट की ओर से टैलेंट हेट परीक्षा 30 को

**कालपी(जालौन), समृद्धि न्यूज।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन ट्रस्ट तथा अलीगढ़ कोचिंग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में टैलेंट हेट परीक्षा 2024 की आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगामी 30 जून को ग्रीन वैली इंटर कॉलेज कालपी के परिसर में आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी एवं शिक्षाविद नूर मोहम्मद मोनू खान ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 50 टॉपर बच्चों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी तथा जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी दिल्ली में कक्षा 9 तथा कक्षा 11 की कोचिंग के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से टैलेंट हेट परीक्षा में शामिल होने की अपील की है।

## पीडब्ल्यूडी नाबालिगों से करा रहा काम

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां लालगंज मार्ग पर डामरीकरण के कार्य में लोक निर्माण विभाग द्वारा नाबालिक बच्चों से काम करने की तस्वीर एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

वायरल तस्वीर एवं वीडियो के संदर्भ में जब जानकारी की गई तो यह पता चला कि यह वीडियो उक्त मार्ग पर ठकुराइन खेड़ा गांव के पास का है, जहां पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नाबालिक बच्चों द्वारा साफ सफाई का काम कराया जा रहा हैद्य वायरल वीडियो में कार्य कर रहे बच्चे से जब उसका नाम पूछा गया तो उसने अपना नाम नहीं बताया परंतु जब उसका पता पूछा गया तो उसने बताया वह फैजाबाद का रहने वाला है और उसकी उम्र 15 वर्ष है। इस संदर्भ में यह संवाददाता ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार सिंह से दूरभाष के माध्यम से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि अगर ऐसा हो रहा है तो मामले की जांच कर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही की जाएगी।

## कांग्रेस प्रदेश सचिव ने सुनी लोगों की समस्याएं

- रायबरेली वासियों को राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत की दी बधाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के मेल्थुवा, घूरी, थुलरई, पूरे वादे, विन्नवा, तिवारीपुर आदि गांव में चौपाल, नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत के लिए आप सबको बधाई,राहुल गांधी जी देश की आवाज हैं और हम लोग के लिए सौभाग्य की बात है कि राहुल गांधी जी रायबरेली से सांसद हैं। आज जिस तरह मोदी सरकार देश के लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है,हम सबको सावधान रहने की जरूरत है।

श्री सिंह ने कहा कि इतनी गर्मी में बिजली जिस तरह कट रही है,उससे हमारी ऊंचाहार की जनता बहुत परेशान है। छुट्टा जानवर जिस तरह किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं,सरकार को किसानों से कोई लेना-देना नहीं है,मोदी सरकार में किसानों पर लगातार अत्याचार हो रहा है।

श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है,मैं लगातार ऊंचाहार की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का प्रयास कर रहा हूं। आज ऊंचाहार में लोगों को पीने के पानी की समस्या,सड़कों की समस्या से जूझना पड़ रहा है,लेकिन यहां के विधायक को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार का विकास कराया जाए ।इसके बाद श्री सिंह ने मतीनगंज निवासी तौसीफ(19)व अर्सलान(18) की नहाने गये दोनों बच्चों की गंगा नदी में डूबने से मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## बजरंग दल के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- अयोध्या धाम मंदिर के पास अवैध रूप से संचालित मीट की दुकान को लेकर आक्रोश
- उपजिलाधिकारी ने कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले के डीह ब्लॉक में स्थित अयोध्या धाम मंदिर के पास अवैध रूप से संचालित मीट की दुकान के कारण मंदिर परिसर में गंदगी की समस्या गंभीर रूप से बढ़ गई है।

इन दुकानों से मांस के अवशेष आवारा कुत्ते मंदिर परिसर और मंदिर के भीतर ले जाते हैं, जिससे मंदिर की स्वच्छता और पवित्रता प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश है। बजरंग दल के जिला संयोजक सुरेश सिंह ने कई बार स्थानीय पुलिस को इस मुद्दे के बारे में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। जिसके चलते स्थानीय लोगों में निराशा और रोष व्याप्त है।

बजरंग दल के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी सलोंन अभिषेक कुमार को ज्ञापन सौंपा और इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मीट की दुकान के कारण न केवल मंदिर परिसर में गंदगी फैल रही है, बल्कि धार्मिक स्थल की पवित्रता भी भंग हो रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए अवैध मीट की दुकान को तुरंत हटाने की आवश्यकता है।उप जिला अधिकारी सलोंन अभिषेक कुमार ने बजरंग दल के ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि मंदिर परिसर की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखी जा सके। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने उप जिलाधिकारी के इस आश्वासन का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

## कुएं में बाइक मिलने से मचा हड़कंप



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बुधवार सुबह तकरीबन 11:00 बजे के आसपास दुर्गापुर मजरे बन्नावा गांव में बछरावा लालगंज मार्ग से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर खेतों में एक कुए में ग्रामीणों ने एक बाइक देखी। कुए में बाइक देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरीके से कुएं में डूबा हुआ था। पर पिछला हिस्सा साफ दिखाई दे रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाइक को कुएं से बाहर निकाला है। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने में पहुंचा दिया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि वाहन संख्या के हिसाब से मालिक का पता लगाया जा रहा है। जांच पूर्ण होने के बाद स्थितियां स्पष्ट हो पाएंगी।

## आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने व कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग



- क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से कराया अवगत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष रायबरेली अशोक कुमार सिंह समेत संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रायबरेली जनपद के उपजिलाधिकारी लालगंज नवदीप शुक्ला से मुलाकात कर लालगंज तहसील व क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उपजिलाधिकारी लालगंज ने पदाधिकारियों को अस्वस्थ किया कि क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को प्रमुखता के साथ निस्तारित किया जाएगा। तत्पश्चात संस्था के पदाधिकारियों ने नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालगंज संजय कुमार से मुलाकात किया व क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने व कानून व्यवस्था दुरुस्त करने का अनुरोध किया। उस समय संस्था के संरक्षक कैप्टन राकेश बहादुर सिंह, कैप्टन तेज बहादुर सिंह, जिला प्रभारी रायबरेली सौरभ त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष अमरेन्द्र शर्मा समेत संस्था के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## आमने-सामने से भिड़ी बाइक एक गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहे बुजुर्ग को बाइक सवार नशेड़ी ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तिलंगा का पुरवा निवासी बनवारी पुत्र बद्री उम्र लगभग 90 वर्ष अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहा था जैसे ही वह जोहव नटकी गांव के पास पहुंचा तभी नशे में धुत तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर पीछे सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग के पैर की उंगलियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वही हाथ और पैर में गंभीर रूप से छोटे आई वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया घटना करने वाले नशेड़ी युवक को जरा भी चोटे नहीं आई वही ग्रामीणों ने नशेड़ी युवक को पड़कर जमकर धुनाई की इस बाबत कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## व्यापारिक समस्याओं को लेकर जल्द अधिकारियों को सौंपा जायेगा ज्ञापन : राहुल भदौरिया

- नगर क्षेत्र की जनता को जल्द मिलेगी डेड बाडी फ्रीजर की सुविधा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



व्यापार मंडल की बैठक में नगर के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिसमें व्यापार में उत्पन्न हो रही अड़चनो को दूर करने का संकल्प लिया गया।

व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक नगर के चिकमंडी स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि नगर के खराब सड़को व जाम से व्यापार प्रभावित हो रहा है। कई बार चेतावनी देने के बाद भी अधिकारियों ने इस समस्या का निदान नही कराया। व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही अधिकारियों से मिलकर इस समस्या से फिर अवगत करायेगा। इसके बाद भी यदि हल न किया गया तो मजबूरन व्यापार मंडल आंदोलन के लिये बाध्य होगा। प्रभारी अनिल गुप्ता ने कहा कि नगर क्षेत्र की जनता को जल्द ही डेड बाडी फ्रीजर की सौगत व्यापार मंडल की ओर से मिलेगी। जिसमें शव को बिना खराब हुए कई दिनो तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। युवा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर करूणा शंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, नसीर अहमद, निसार अहमद, सौरभ सिंह, मनोज सिंह, रामू प्रजापति, संतोष मिश्रा, विपिन वर्मा, आजम सिद्दकी, धर्मराज, आयुष कौशल, सुरेश कुमार, पंडित चोरी, रवी राय, अभिषेक सोनी, सचिन सिंह, अभिनव सोनी, अखिलेश सिंह, ओमी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## तीन माह से पेंशन न प्राप्त करने वाले 199 पेंशनर की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना कोषागार में तत्काल कराएं उपलब्ध : भावना श्रीवास्तव

जनपद रायबरेली वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव ने कहा है कि मा0 वित्त मंत्री उ0प्र0 शासन एवं निदेशक, कोषागार निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा जनपद के 199 पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जाये। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का भौतिक एवं विधिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रहे कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है, जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा जिलाधिकारी द्वारा राजस्व बकाये की भांति की जायेगी। उन्होंने कहा कि कोषागार द्वारा नवीन प्रारूप पर आई0डी0 कार्ड जारी करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है, जिस हेतु पेंशनर भौतिक रूप से उपस्थित होकर अथवा आवेदन कर आई0डी0 कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा विगत तीन माह से जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान प्राप्त न करने वाले विभागवार पेंशनरों के बारें बताया है कि बेसिक शिक्षा विभाग से - 78 पेंशनर, युवा कल्याण विभाग से - 1, माध्यमिक शिक्षा से 6, लोक निर्माण विभाग - 6, पुलिस - 6, राजस्व - 6, शिक्षा - 1, स्वास्थ्य - 1, जिला




विकास - 1, नलकूप - 2, सिंचाई - 3, वाणिज्यकर - 1, पीएसी - 1, पंचायत राज - 1, परिवार कल्याण - 1, कृषि - 1, संग्रह - 1 एवं बिजली विभाग से 3 पेंशनरों की जानकारी दी है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कहा है कि समस्त पेंशनर निम्न प्रक्रियाओं में से किसी भी माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर पेंशन का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं तथा उक्त पेंशनरों में किसी भी पेंशनर का देहान्त होने पर उनके परिजनों का दायित्व है कि वह उनकी मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार में उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया है कि कोषागार में बैंक पासबुक के साथ भौतिक रूप में उपस्थित होकर, जीवन प्रमाण पोर्टल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से, सम्बन्धित बैंक द्वारा डाक के माध्यम से प्रेषित कराकर एवं निकटतम डाकघर द्वारा पोस्टमैन के माध्यम से प्रस्तुत करा सकते हैं।

## सरकार की ऋण योजनाओं में रूचि न लेने पर बैंकों के विरुद्ध डीएम ने जतायी नाराजगी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न विभागों की ऋण योजना यथा प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोज़गार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय प्रगति में सुधार लाये तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान न करने वाले बैंकों के राज्य मुख्यालय को भी अवगत करा दिया जाय। जबकि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बैंकों से नियमित समन्वय कर पात्र लाभार्थियों को ऋण दिलाकर उन्हे स्वावलम्बी बनाया जाय। डीएम ने बैंक अधिकारियों को सचेत किया कि कार्यशैली में सुधार न पाये जाने पर नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## लोकतंत्र की दरकार

देश में लंबे चले चुनाव अभियान और चुनाव परिणाम के बाद अस्तित्व में आयी 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो चुकी है। राजग की लगातार तीसरी बारी गठबंधन सरकार के रूप में सामने आई है। निश्चित रूप से इस बार विपक्षी गठबंधन पिछले दशक के मुकाबले ज्यादा मजबूत बनकर उभरा है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले राहुल गांधी का विपक्ष का नेता चुना जाना साफ बताता है कि आने वाले दिनों में राजग सरकार की राह आसान नहीं रहने वाली। इस संक्षिप्त सत्र के दूसरे दिन लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सत्ता–पक्ष व विपक्ष के बीच जो तनातनी सामने आई, वह पिछले सात दशकों के मुकाबले अभूतपूर्व है। विपक्ष एक ओर लोकसभा उपाध्यक्ष पद दिने की मांग कर रहा था, तो सत्ता पक्ष ऐसा करने को तैयार नहीं था। जाहिर इस टकराव के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने की स्थितियां बनी हैं। हालांकि, राजग सरकार के पास चुनाव पूर्व गठबंधन के चलते पूर्ण बहुमत है, लेकिन विपक्ष इस चुनाव को अपनी एकजुटता के रूप में एक प्रतीकात्मक दबाव के रूप में दिखाना चाहेगा। बहरहाल, बेहतर होता कि लोकसभा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर चयन सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सहमति से होता। इसी तरह नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाने के लिये नियुक्त प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर भी सत्ता पक्ष व विपक्ष में तनातनी देखी गई। वरिष्ठता के क्रम में इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस की दावेदारी की गई थी। बहरहाल, 18वीं लोकसभा की शुरुआत में ही पक्ष–विपक्ष के बीच तनातनी की शुरुआत स्वस्थ लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत तो कदापि नहीं है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि 17वीं लोकसभा के दौरान टकराव के चलते तमाम सत्रों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में घुसपैठ के मामले में बहस की मांग पर कथित दुर्व्यवहार हेतु 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। जिसमें 95 लोकसभा सदस्य थे। उम्मीद की जानी चाहिए 18वीं लोकसभा में वैसे दृश्य फिर न देखने को मिलें। जनता अपने प्रतिनिधियों को इस लिये चुनकर संसद में भेजती है ताकि वे उसके इलाके के विकास को नई दिशा दे सकें। लेकिन पहले दिन विपक्षी नेताओं द्वारा संसद में संविधान की प्रतियों के साथ एकजुटता दर्शाना और कतिपय सत्तारूढ़ दल के सांसदों के शपथ ग्रहण के दौरान नारेबाजी को देखकर लगता है कि विपक्ष ज्यादा मुखर होकर सरकार के लिये चुनौती पेश करता रहेगा। बहरहाल, किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सरकार सहमति से चले। विपक्ष भी जिम्मेदार भूमिका में नजर आए। कुल मिलाकर हंगामे, बहिष्कार व नारेबाजी के बजाय रचनात्मक व गरिमामय भूमिका की दरकार है। स्वस्थ लोकतंत्र की दरकार है कि सरकार के निर्णयों में हर छोटे–बड़े राजनीतिक दल की भागीदारी हो। सत्तारूढ़ दल को भी इस बात का बखूबी अहसास होना चाहिए कि इस बार विपक्ष मजबूती के साथ लोकसभा में उपस्थित हुआ है। उसके साथ वैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता है जैसा कि राजग सरकार के पिछले दो कार्यकालों में नजर आया था। ऐसे में राजग सरकार को विपक्षी सहयोग से सदन को चलाना होगा। विपक्ष की भावनाओं के साथ मित्रवत व्यवहार ही सरकार की कार्यशैली को रवानगी देगा। अन्यथा लगातार टकराव की स्थिति बनी ही रहेगी। जिससे सत्तापक्ष व विपक्ष को लगातार बचने का प्रयास करना होगा।

# नेता विपक्ष की कार्यशैली से देश परखेगा राहुल का सियासी ज्ञान

**डॉ. रमेश ठाकुर**

सोलहवीं और 17वीं लोकसभा में नंबरों के लिहाज से कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी पिछड़ गई थी कि उसे नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे कब बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दारोमदार जनता के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही।

भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा। हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृत्ति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है।

तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है। जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे। 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि लच्छेदार बातों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला।

बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें



**अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। पर, इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही, वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे। सियासी मैदान में डटे रहे। खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उनपर थोड़ा भरोसा जताया है। खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती। कोई भी हार सकता है।**

सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं। इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है। उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलने पर एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है। वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था।

अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। पर, इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही, वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे। सियासी मैदान में डटे रहे। खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उनपर थोड़ा भरोसा जताया है। खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती। कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बात ही है। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है।

ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े शूरमा धराशायी हो गए। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय ओहदा संभालने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडी गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से 25 जून की देर शाम को अर्जी भेज दी थी। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब हुआ है। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य हैं। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद मां सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का ओहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपये से ऊपर होती है। इसके अलावा नेता विपक्ष ईडी निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्च पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है।

नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका में रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समक्ष सबसे ज्यादा रहेगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

**विचार**

# कांग्रेस की दक्षिण रणनीति से जुड़ा है वायनाड से प्रियंका का चुनाव लड़ना

**कल्याणी शंकर**

कांग्रेस पार्टी ने अटकलों और प्रत्याशाओं की झड़ी के बीच वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को मैदान में उतारकर एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह सीट उनके भाई राहुल गांधी द्वारा रायबरेली को बरकरार रखने और वायनाड से हटने के फैसले के बाद खाली हुई है। दोनों ही सीटों पर उन्होंने लोक सभा आम चुनाव में जीत हासिल की थी। अगर कांग्रेस की यह रणनीति सफल होती है, तो यह प्रियंका, उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। इसने जनता और राजनीतिक वर्ग के बीच उत्साह और संदेह को जन्म दिया है।

जब प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की गयी, तो उन्होंने कहा, श्मुझे वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में खुशी हो रही है और मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस न हो। ...मैंने अपने परिवार की राजनीतिक विरासत और दक्षिण में गांधी परिवार की मौजूदगी को जारी रखने के लिए वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला किया। मेरी दादी इंदिरा गांधी का वायनाड के लोगों से गहरा रिश्ता था



और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे और मजबूत बना पाऊंगी। राहुल और उनकी मां सोनिया ने कई सालों तक कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया और सांसद के तौर पर काम किया। वायनाड में होने वाला आगामी चुनाव प्रियंका के लिए एक अहम परीक्षा होगी। वास्तव में यह उनकी पहली अग्निपरीक्षा होगी। भाजपा समेत पूरा देश उनके प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेगा। राजनीतिक परिवार में जन्मी प्रियंका ने अपनी मां के चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है।

उन्होंने 2004 में राजनीति में प्रवेश करने वाले अपने भाई के लिए भी प्रचार किया था। 2014 और 2019 में ऐसी अफवाहें थीं कि प्रियंका वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं। 2024 के चुनावों से पहले उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य वंशवाद की भाजपा की आलोचना का मुकाबला करने के लिए तीन गांधी को मैदान में उतारने से बचना है। गांधी परिवार ने 2024 के चुनावों को कांग्रेस के लिए एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखते हुए अपना विचार बदल दिया। उन्होंने तय किया कि प्रियंका को केरल कांग्रेस सांसद के रूप में चुनावी राजनीति में उतारने का यह सही समय है। यह एक सुरक्षित सीट है।

**अपनी दादी इंदिरा गांधी से मिलती-जुलती प्रियंका 2019 में राजनीति में आने के बाद से ही सुर्खियों में हैं। वह कांग्रेस पार्टी की महासचिव बनीं और उन्होंने पार्टी के प्रचार में अहम भूमिका निभायी। प्रियंका को 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संख्या लगभग दोगुनी करने और पार्टी में नयी जान फूंकने का श्रेय दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में, प्रियंका गांधी अपना प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करती रहीं। जब उनकी देखरेख में 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया, तो उन्हें जवाबदेह नहीं ठहराया गया। उन्होंने विधानसभा चुनावों के दौरान पंजाब में भी खराब प्रदर्शन किया था।**

अपनी दादी इंदिरा गांधी से मिलती-जुलती प्रियंका 2019 में राजनीति में आने के बाद से ही सुर्खियों में हैं। वह कांग्रेस पार्टी की महासचिव बनीं और उन्होंने पार्टी के प्रचार में अहम भूमिका निभायी। प्रियंका को 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संख्या लगभग दोगुनी करने और पार्टी में नयी जान फूंकने का श्रेय दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में, प्रियंका गांधी अपना प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करती रहीं। जब उनकी देखरेख में 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया, तो उन्हें जवाबदेह नहीं ठहराया गया। उन्होंने विधानसभा चुनावों के दौरान पंजाब में भी खराब प्रदर्शन किया था। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में उनके व्यापक प्रचार को राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सफलता का श्रेय दिया गया। 2024 में, प्रियंका ने देश भर में पार्टी के प्रचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। उन्होंने 108 जनसभाएं कीं, रोड शो में भाग लिया और 16 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रचार किया। वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला प्रियंका के लिए चुनौतियों और अवसरों का अनूठा संग्रह प्रस्तुत करता है। एक ओर उन्हें वंशवाद की राजनीति के मुद्दे पर भाजपा के हमलों का सामना करना पड़ सकता है, एक बाधा जिसे उन्हें चतुराई और लचीलेपन के साथ पार करना होगा। दूसरी ओर, यह उन्हें खुद को साबित करने और एक नए निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ने का सुनहरा अवसर देता है, एक ऐसा मौका जिसे उन्हें दृढ़ संकल्प के साथ भुनाना होगा। उत्तरी केरल में स्थित वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में 14.6लाख मतदाता हैं। पिछले चार चुनावों में इसने लगातार कांग्रेस के सांसदों को चुना है, जो पार्टी के लिए एक ठोस समर्थन का संकेत देता है। इस निर्वाचन क्षेत्र में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) का भी व्यापक समर्थन है, जिसमें मुस्लिम और ईसाई मतदाता लगभग 60 प्रतिशत हैं। आईयूएमएल प्रियंका का समर्थन करेगी। अगर प्रियंका जीतती हैं, तो गांधी परिवार के तीनों सदस्य भारतीय संसद में होंगे। इससे पार्टी के भीतर परिवार की स्थिति मजबूत हो सकती है, लेकिन ऐसी स्थिति विरोधियों के हमले भी आमंत्रित करेंगे। भारतीय राजनीति में, केरल में प्रियंका की उम्मीदवारी कांग्रेस पार्टी द्वारा दक्षिण में अपने समर्थन आधार को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो संभावित रूप से इसके क्षेत्रीय गतिशीलता को नया आकार देगा। कांग्रेस पार्टी दक्षिण के महत्व को स्वीकार करती है और वहां अपनी उपस्थिति को मजबूत करने का लक्ष्य रखती है। राहुल उत्तर पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जबकि प्रियंका दक्षिण पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

# मोदी की हठधर्मिता से अध्यक्ष का चुनाव

भारत के संसदीय इतिहास में लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की बजाय परस्पर सहमति से बिठाने की परम्परा रही है। इसका कारण यह है कि इस पद पर बैठने के बाद कोई भी व्यक्ति दलगत हितों एवं प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठ जाता है। इसलिये इस बेहद महत्वपूर्ण पद के लिये ऐसे व्यक्ति का चुनाव किया जाता है जो न केवल सदन के नियमों का जानकार हो, स्वयं पर्याप्त समय उसने लोकसभा में सदस्य के रूप में गुजारा हो तथा उसके सभी दलों के साथ व्यक्तिगत तौर पर अच्छे सम्बन्ध हों। सदन के भीतर यह पद प्रधानमंत्री से भी ऊंचा होता है जो सरकार को भी आदेश देता है। सदन के कामकाज को लेकर उसकी बात अंतिम होती है जो सत्तारुढ़ व विपक्ष दोनों के लिये ही मान्य व अकाट्य होती है। जिस प्रकार पिछले दो कार्यकालों में प्रधानमंत्री ने समस्त संवैधानिक नियमों, परम्पराओं एवं रुढ़ियों को ध्वस्त किया है उससे भारत की संसद भी नहीं बची। दोनों ही सदनों (लोकसभा व राज्यसभा) की उज्ज्वल परम्पराओं को जिस प्रकार से मोदी व उनकी सरकार ने मैला किया है, उससे लोकतंत्र को इसी मुकाम पर पहुंचना था कि लोकसभा को यह दिन देखना पड़ रहा है जिसमें अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हो रहा है। सत्ता दल यानी भाजपा तथा उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) की ओर से पिछले अध्यक्ष ओम बिरला को ही फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। उल्लेखनीय है कि यह दूसरा मौका है जब लोकसभा में इस पद के लिये पक्ष-विपक्ष ने अपने-अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। देश के पहले आम चुनाव के बाद बनी प्रथम लोकसभा में (1952) कांग्रेस ने जीवी मावलंकर तथा विपक्ष ने शंकर शांताराम मोरे को इस पद के लिये उम्मीदवार बनाया था। मावलंकर ने 394-55 से जीत हासिल की थी।

अपने स्वभाव के मुताबिक मोदी एवं उनके रणनीतिकार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों से राय-मशविरा किये बगैर ही बिड़ला को उन्हें खड़ा किया है। स्वाभाविकतरू प्रतिपक्ष इंडिया गठबन्धन आंख मूंदकर उन्हें समर्थन नहीं दे सकता। उसकी ओर से कांग्रेस के अत्यंत वरिष्ठ सदस्य के. सुरेश को प्रत्याशी घोषित किया गया है। सुरेश केरल की मावेलिक्कारा सीट से 8 बार चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे हैं। वे एक दलित नेता हैं जो पहली बार 1989 में जीते थे और 2009 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में श्रम व रोजगार मंत्री भी रहे। वे इस समय सदन में सर्वाधिक बार जीतने वाले सदस्यों में से एक हैं। उम्मीद तो यही थी कि के सुरेश को ही उनकी वरिष्ठता को देखते हुए प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता जो नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते। इस निर्णय के साथ ही मोदी-शाह ने संकेत दे दिये थे कि वे पहले जैसे निरंकुश होकर सत्ता चलाएंगे। इस पद को लेकर वैसा ही हुआ। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से समझौते की कोशिश की परन्तु बात बनी नहीं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल एवं द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के टीआर बालू के साथ उनकी चर्चा तो हुई पर वह निष्फल सिद्ध हुई। दोनों ने राजनाथ सिंह के कक्ष के बाहर आकर कहा कि सत्ता पक्ष उनकी मांग के अनुसार सदन का उपाध्यक्ष पद भी विपक्ष को देने हेतु तैयार नहीं है। ऐसे में सहमति का सवाल ही नहीं उठता। इसके साथ ही तय हो गया कि दोनों पक्षों के प्रत्याशियों के बीच मतदान के जरिये नये लोकसभाध्यक्ष का नाम तय होगा। बुधवार की सुबह 11 बजे मतदान होगा। विपक्ष को यह भी शिकायत है कि सुरेश की वरिष्ठता को नजरंदाज किया गया। उनकी बजाय भतृहरि मेहताब को प्रोटेम अध्यक्ष बनाया गया जिन्होंने सदस्यों को शपथ दिलाई। विपक्ष की यह शिकायत इसलिये भी वाजिब कही जा सकती है कि सुरेश ने तो लगातार एक ही दल (कांग्रेस) में रहते हुए 8 बार जीत दर्ज की है जबकि मेहताब 7 बार के सांसद हैं जिनमें से पहले 6 बार उन्होंने बीजू जनता दल से चुनाव लड़कर विजय हासिल की थी। बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गये थे। वैसे सातवीं बार, परन्तु भाजपा की टिकट पर पहली बार वे जीते हैं। विपक्ष की यह पहली नाराजगी नहीं है। इसके पहले जब प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिये उपाध्यक्षों का जो पैनल बनाया गया उस पर भी भाजपा ने विपक्ष से राय नहीं ली। इसका नतीजा यह हुआ कि विपक्षी दलों से पैनल के लिये जो तीन लोग निर्धारित किये गये थे उन्होंने यह पद सम्हालने से इंकार कर दिया।



## राशिफल

**मेष :-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**वृषभ :-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

**मिथुन :-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कर्क :-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी।

**सिंह :-** राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्या :-**भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक :-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनु :-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**कुंभ :-** नकारात्मक चिंताओ को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव। घरेलू जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मीनः-** व्य किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

# आपातकाल की यादें, तानाशाही का खतरा व संविधान की रोशनी

**डॉ. दीपक पाचपोर**

सोमवार की सुबह जब 18वीं लोकसभा के दरवाजे नवनिर्वाचित सदस्यों के लिये खुले, तब उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नयी शुरुआत करेंगे, वह इस मामले में कि अगर पिछले दो कार्यकाल के बाद उन्हें राजनीतिक घटनाक्रम ने यह अवसर दिया है कि वे लगातार तीसरी बार देश का सर्वोच्च पद प्राप्त कर पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर सके हैं, तो उन्हें उनके जैसा बनने की नये सिरे से कोशिश करनी चाहिये।

घटनाक्रम ही क्योंकि उनके नेतृत्व व चेहरे के आधार पर लड़े गये चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटें 303 से घटकर 240 रह गयीं। देखें तो जनादेश उनके विपरीत है। उम्मीद इसलिये कि अब उनकी सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं है। तेलुगु देशम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के समर्थन पर वह टिकी है। बड़े बहुमत से सत्ताधीश का निरंकुश हो जाना तो समझ में आता है लेकिन जो व्यक्ति एक नहीं दो-दो दलों के समर्थन की बैसाखियों पर टिका हो, वह यदि पुराने ढर्रे पर चलना चाहे तो उसका गिरना तय है। यदि मोदी को यह डर भी नहीं है तो यह अपने आप में खतरनाक संकेत हैं क्योंकि ऐसा शासक या तो सब कुछ मैनेज कर चुका होता है या उसके




हाथ बड़े हथियार होने का अंदेशा है। बहरहाल, मोदीजी ने सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के सामने दिये अपने भाषण में उन्हीं तीन-चार तरह की बातें कहीं, जो कहने के वे आदी हैंय और जिन्हें सुनने का देश कान पकने तक आदी हो चुका है। इतिहास के दुखद व कटु प्रसंगों को सन्दर्भ से काटकर पेश करने में महारत हासिल किये बैठे मोदी ने अपनी तीसरी पारी का प्रारम्भ उसी अंदाज में करते हुए संदेश देने की कोशिश की है कि वे अल्पमत में होने के बावजूद न तो अपना लहजा बदलेंगे और न ही नकारात्मकता उनके स्वभाव से जायेगी। 10 साल तक स्वच्छंदतापूर्वक शासन करने वाले मोदी ने आपातकाल की याद दिलाई और चेतावनी दी कि अगले कई वर्षों तक कोई तानाशाह बनने की नहीं सोचेगा। दरअसल, वे अपनी ही अघोषित तानाशाही के अपराध भाव से ग्रस्त हैं इसलिये खुद को क्लीन चिट देने की प्रक्रिया में 50 वर्ष पहले के इमरजेंसी को याद कर रहे हैं। दूसरे, वे इससे भी परेशान हुए होंगे कि जब वे शपथ ले रहे थे तब विपक्षी दलों के सदस्य उन्हें संविधान की प्रतियां दिखा रहे थे। वैसे भी 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के वक्त सीढ़ियों को माथा टेककर संसद भवन में प्रवेश करने वाले मोदी दूसरे कार्यकाल के समापन तक पहुंचते-पहुंचते संविधान की बजाय राजतंत्र के प्रतीक सेंगोल को आत्मसात कर चुके थे। अब एक बात साफ हो गई है कि दूसरी बार (2019) की तरह नहीं लेकिन पहली बार जैसा भी बहुमत लेकर यदि मोदी आ जाते तो वे वह सारा कुछ करने में जुट जाते जो उनसे पहले के दो कार्यकालों में करना रह गया था।

**घटनाक्रम ही क्योंकि उनके नेतृत्व व चेहरे के आधार पर लड़े गये चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटें 303 से घटकर 240 रह गयीं। देखें तो जनादेश उनके विपरीत है। उम्मीद इसलिये कि अब उनकी सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं है। तेलुगु देशम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के समर्थन पर वह टिकी है। बड़े बहुमत से सत्ताधीश का निरंकुश हो जाना तो समझ में आता है लेकिन जो व्यक्ति एक नहीं दो-दो दलों के समर्थन की बैसाखियों पर टिका हो, वह यदि पुराने ढर्रे पर चलना चाहे तो उसका गिरना तय है। यदि मोदी को यह डर भी नहीं है तो यह अपने आप में खतरनाक संकेत हैं क्योंकि ऐसा शासक या तो सब कुछ मैनेज कर चुका होता है या उसके हाथ बड़े हथियार होने का अंदेशा है। बहरहाल, मोदीजी ने सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के सामने दिये अपने भाषण में उन्हीं तीन-चार तरह की बातें कहीं, जो कहने के वे आदी हैं और जिन्हें सुनने का देश कान पकने तक आदी हो चुका है। इतिहास के दुखद व कटु प्रसंगों को सन्दर्भ से काटकर पेश करने में महारत हासिल किये बैठे मोदी ने अपनी तीसरी पारी का प्रारम्भ उसी अंदाज में करते हुए संदेश देने की कोशिश की है कि वे अल्पमत में होने के बावजूद न तो अपना लहजा बदलेंगे और न ही नकारात्मकता उनके स्वभाव से जायेगी।**

हां, 370 और 400 का उनका लक्ष्य पूरा हो जाता तो जिस संविधान को विपक्ष के सांसद लहरा रहे थे और जिसकी प्रतियां दिखाते हुए राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार का एक बड़ा हिस्सा गुजारा, वह कूड़ेदान के हवाले कर दिया गया होता। जब चुनावों में इसके संकेत मिलने लगे थे कि भाजपा व उसका गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) लक्ष्य से दूर ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनकी सत्ता बचनी भी मुश्किल हो रही है, तब कहीं खुद मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहना शुरू किया कि सरकार बनाने के बाद उनका संविधान बदलने का कोई इरादा नहीं है। इसका कारण यह था कि लोगों तक यह बात पहुंच गयी थी कि भाजपा उस संविधान को बदलने जा रही है जिसके कारण दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं आदि के अधिकार सुरक्षित हैं। इसे बचाने के लिये ही इंडिया का न केवल गठन हुआ बल्कि वह एकजुट भी बना रहा। जेडीयू के नीतीश कुमार और राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी द्वारा ऐन चुनाव के पहले एनडीए खेमे में चले जाने के बावजूद इंडिया ने मजबूती से चुनाव लड़ा और उसने लोकसभा में मोदी-भाजपा को पूर्ण बहुमत से काफी दूर रोक लिया। यह तो सच है कि मोदीजी पहले के मुकाबले काफी कमजोर होकर संसद में लौटे हैं परन्तु भारत का लोकतंत्र अभी खतरे से पूरी तरह से बाहर नहीं निकला है। मोदीजी अभी आपातकाल की यादें दिलाकर लोगों को डराने की कोशिश कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि लोग पूरा तथ्य जाने बिना ही उनकी हां में हां मिलाएं और उस परिवार (गांधी) तथा पार्टी (कांग्रेस) के प्रति घृणा करते रहें जो आपातकाल लागू करने के जिम्मेदार थे। वह 50 वर्ष पहले की बात थी और उसे देखने-समझने वाली पीढ़ी के ज्यादातर लोग गुजर चुके हैं या जिन्होंने उसे देखा था वे पिछले दस साल से मोदी का शासनकाल भी देख चुके हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# व्यापारियों की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण : प्रभारी मंत्री

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग बंधु, विकास कार्यों, कानून व्यवस्था जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस,आकांक्षात्मक जनपद, विकास खंडों की कार्य योजना, जनपद में राजस्व संग्रह (जीएसटी, आबकारी, स्टांप, परिवहन, खनन) की स्थिति एवं वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए तथा ट्रांसफार्मर ख़राब होने पर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदला जाए। और कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और गौशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाये तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए।उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी समिति के द्वारा निर्मित जो भी रोड 08 वर्ष पुराने हैं उनकी मरम्मत कराकर गड्ढा मुक्त कराएं।

> प्रभारी मंत्री ने विकास भवन सभागार में लिया विकास कार्यों का जायजा

जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत खोदी गई पाइप लाइन से जो रोड क्षतिग्रस्त हुई है, उन रोडो का तुरंत मरम्मत कार्य कराया जाए। उद्यान अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि हाईटेक नर्सरी में नई पौध के पेड़ किसानों को दिए जाएं तथा स्ट्रॉबेरी पौध की खेती के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के साथ सरलता पूर्वक व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाए ।मंत्री जी नें सभी अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा की किसी भी कार्यालय में बिचौलिया या बाहरी व्यक्ति नहीं कार्य करना चाहिए यदि किसी कार्यालय में या किसी अधिकारी के साथ बाहरी व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जितने भी विरासत के मामले हैं उनको तुरंत निस्तारित कराएं।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराया जाये तथा सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण अवश्य करायें तथा जनपद में स्थापित सभी हेल्थ एटीएम चालू कराएं ।

उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पात्र कृषक को किसान सम्मान निधि का लाभ जरूर दिया जाए, इस कार्य में कोई भी लापरवाही ना की जाए। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने में जो भी सड़क खराब हुई है उन्हें तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 14 पर्यटन स्थल पर जल्द कार्य प्रारंभ करवाया जाए ।उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापक टाइम से विद्यालय में उपस्थित होने चाहिए तथा स्कूल में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाए।

इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा एपीओ के माध्यम से ग्राम पवा के किसान रामगोपाल को प्रभारी मंत्री जी के द्वारा लोडर वाहन की चाबी दी गई।समाज कल्याण विभाग के द्वारा पांच लोगों को पारिवारिक लाभ दिया गया सितारा बेगम, देवकी, चंद्रकली, रेखा, रामदेवी इन सभी लोगों को माननीय मंत्री जी द्वारा प्रमाण पत्र दिये गए।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत कुल 105 स्वयं सहायता समूह का सीसीएल एक करोड़ सत्तावन लाख पचास हजार मात्र कि धनराशि के चेक प्रभारी मंत्री के द्वारा लाभार्थियों वितरित किये गये।

इस अवसर पर एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में स्थापित सभी जिला चिकित्सालयो मे स्थित रक्तकेन्द्रो मे ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट (रक्त पृथक्कीकरण) इकाई की स्थापना किये जाने के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय स्थित रक्त केन्द्र जनपद महोबा में क्र्ष्ट.स्. (ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का लोकार्पण / शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सर?कार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिह द्वारा फीता काटकर एवं शिलालेख का अनावरण कर यूनिट में लगी कम्पोनेंट सेपरेट करने वाली मशीन का बटन दबाकर किया।रक्त केन्द्र में स्थापित ब्लड कम्पोनेंट यूनिट से जनपद वासियो को पी.आर. बी. सी. प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, की सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध रहेगी, यूनिट के शुभारम्भ पर रक्त केंद्र के टेक्निकल सुपरवाइजर शरद चन्द्र एवं परामर्शदाता नदीम द्वारा मंत्री को यूनिट में स्थापित मशीनो की जानकारी दी गयी। ब्लड कम्पोनेन्ट युनिट के भव्य उद्?घाटन? के मौके पर जनपद के माननीय विधान परिषद् सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता शशांक गुप्ता, सहयोगी सस्थान की नेहा चन्सौरिया सहित भाजपा महोबा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा उद्घाटन से पूर्व ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण कर मंत्री का स्वागत किया।इस अवसर पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, उप जिलाधिकारी महोबा जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण में प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में यूनिसेफ द्वारा ब्लाक सभागार चरखारी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सचिव प्रधानो को आज जागरूक किया गया । एडीओ/सचिव रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि

संचारी रोग नियंत्रण 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिसमें 11जुलाई से हर घर दस्तक अभियान में आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान चलाया जाएगा।

यूनीसेफ के माध्यम से जन गोष्ठी, संवाद अभियान चलाकर संचारी रोग सर्दी जुखाम, खांशी,बुखार, मलेरिया आदि से बचाव के प्रति जागरुक किया जायेगा। यूनिसेफ बीएमसी वीरेंद्र कुमार ने प्रधानों को संचारी रोग से बचाव अभियान की जानकारी दी, जिसमें गांव में स्वच्छता व साफ सफाई रखने के लिए टिप्स दिए गए।

ग्राम प्रधानों से कहा गया कि वह अपने अपने गांव में ग्रामीणों को , गलियों व घर में सफाई करने के लिए जागरूक करें और छतों पर जमा एवं ठहरे हुए पानी में मच्छरों के लार्वा ना विकसित होने पाएं इसके लिए साफ सफाई के साथ दवाओं का छिडकाव करें।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार वर्मा,शादाब रजा खान,शुऐब नसीम दुर्रानी, शिवांक यादव,आदित्य सिंह हिमांशु अग्रवाल, ग्राम प्रधान लुहारी भान सिंह, ग्राम प्रधान अनघौरा डा मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आकर बाबा-नाती झुलसे

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मझगवां थाने के टोला रावत गांव में छप्पर डालते समय ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे का पाइप छू जाने से वृद्ध करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथ ही सीढ़ी पकड़ कर खड़ा नाती भी झुलस गया। गांव के बृजभान सीढ़ी लगाकर घर का छप्पर ठीक कर रहा था। तभी छप्पर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे का पाइप टच होने से वह करंट की चपेट में आ गया। साथ ही सीढ़ी पकड़े 8 वर्षीय नाती रितेश पुत्र बासुदेव भी झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि वृद्ध का पेट जला है। व बालक के हाथ पैर मामूली रूप से झुलसे है। जिनका इलाज कर दिया गया है। वहीं अमगांव निवासी 55 वर्षीय तुलसा रानी पत्नी टुटिया पंखे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आ गई।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के करगवां निवासी दीपक जगभान ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### महिला के साथ मारपीट कर तोड़ा हाथ

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया। घायल के भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद गौरिहार के सिचहरी गांव निवासी गौरव पुत्र रामकिशोर अनुरागी ने बताया कि तीन दिनों से उसके जीजा व जीजा की मां सोभा देवकरण निवासी गोहानी थाना राठ उसकी बहन कीर्ति के साथ कमरे बंद करके बेहरमी से मारपीट कर रहे हैं और दहेज में बाइक की मांग कर रहे हैं। जब उसे फोन द्वारा सूचना मिली तो वह बहन को लेने मंगलवार को उसके घर पहुंचा। तब ससुरालियों ने बहन को भेजने से इंकार कर दिया। बताया कि मारपीट से उसकी बहन के शरीर में चोटें आईं हैं और उसका हाथ टूट गया है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### बालिका करंट लगने से घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी लड़की के विद्युत करेंट की चपेट में आने से परिजनों ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। क्षेत्र के जमरेही उपर गांव निवासी लड़की गुड़िया देवी पुत्री फूलचंद्र को विद्युत आपूर्ति के दौरान करेंट लग जाने से परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना की सूचना अस्पताल द्वारा थाना पुलिस को दी गई है।

### पेयजल आपूर्ति न होने से पानी को तरस रहे लोग

**कुरारा( हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बा कुरारा के भोली रोड स्थित कांशीराम आवासीय को पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप की मोटर पंप फुंक जाने से कालोनी में निवास करने वाले लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। भौली रोड के पास कांशी राम आवास बने हुए हैं। इनमे सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। इनके पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप लगा हुआ है। जिसका मोटर पंप दो दिन पूर्व जल गया था। जिसको अभी तक ठीक नही कराया गया है। इस कालोनी के वाशिंदों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगे हैंड पंप भी खराब पड़े हैं। लोग पेयजल के लिए दूर दूर तक जाने को मजबूर हो रहे हैं। कालोनी निवासी रामू गुप्ता,विनोद तिवारी, राकेश, आदि ने बताया कि पेयजल आपूर्ति न मिल पाने से खेत में लगे निजी नलकूप से पेयजल की व्यवस्था करना पड़ रहा है। कालोनी के वाशिंदों ने नलकूप का मोटर पंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** तीन साल पहले दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद आरोपी गुलामुद्दीन निवासी ग्राम रागौल थाना मौदहा जिला हमीरपुर की जमानत लीगल एंड डिफेंस काउन्सिलग द्वारा कराया गयी है। डिफेंस काउन्सिलग के चीफ आनन्द कुमार सक्सेना ने बताया कि 14 अक्टूबर–2021 को पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी की दुकान वह किराए पर लिए थी जब मैं दुकान में रात में अपनी माशूम पुत्री के साथ सो रही थी तो आरोपी ने बुरी नियत से पीड़िता के मुंह में कपडां ठूस कर उसके साथ दुष्कर्म किया इस पर थाना मौदहा पॉलिस के द्वारा विवेचना कर आरोपी गुलमुद्दीन के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र प्रस्तुत करते हुए गुलमुद्दीन को जेल भेज दिया आरोपी द्वारा अपने मुक़दमे की जमानत पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव / अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीतांजलि गर्ग द्वारा लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल सिस्टम को जमानत प्रथनापत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया जिस पर चीफ लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल के आनंद कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल श्री फिरोज़ आलम व सत्यम के द्वारा प्रथनापत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसकी बहस व तर्को को सुनकर ज़िला एव सत्र न्यायाधीश श्री विष्णु कुमार शर्मा द्वारा बंदी गुलमुद्दीन की जमानत स्वीकृत की गई ।

## प्रधान ने सार्वजनिक स्थान पर शौचालय का कराया निर्माण, एसपी से शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान ने सार्वजनिक स्थान पर शौचालय निर्माण कराए जाने के खिलाफ पुलिस अधीक्षक सहित थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान श्री मती गायत्री देवी शिवहरे पत्नी ललितमोहन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव निवासी रामगोपाल यादव पुत्र स्वामीदीन सार्वजनिक स्थान पर शौचालय का निर्माण कर रहा है।मना करने पर वह नही मान रहा है।गांव निवासी बब्बू द्वारा इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। लेकिन वह नहीं मान रहा है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के अकस्मात मृत्यू पर की गई शोक सभा



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी जी की सड़क दुर्घटना में हुई अकस्मात मृत्यु पर आज जिला कांग्रेस कमेटी महोबा द्वारा जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी के नेतृत्व में कैम्प कार्यालय चरखारी मैं शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शोक सम्वेदना प्रकट की. बैठक में जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक सरवर, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष अली अख्तर, पूर्व जिला महासचिव अखण्ड भारत मिश्रा, राकेश राजपूत, हनीफ अहमद बाबा आदि उपस्थित रहे।

## लेखपाल के खिलाफ रिटायर्ड फौजियों ने धरना दे की नारेबाजी

> एक सप्ताह पहले लेखपाल - रिटायर्ड फौजी से हुई थी मारपीट

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज न होने पर सेवानिवृत्त फौजियों का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना प्रदर्शन में पूर्व फौजियों ने जमकर नारेबाजी की।

छोटी जुल्हैटी मोहल्ला निवासी रिटायर्ड फौजी शिवमंगल अपनी पत्नी बीनू देवी के नाम प्लाट में दाखिल खारिज कराने के लिए लेखपाल शिवपाल से कई बार मिन्नत की। लेकिन सुविधा शुल्क की मांग को लेकर लेखपाल पूर्व फौजी को रजिस्ट्री में आख्या लगवाने के लिए टरकाता रहा। 20 जून को शिवमंगल रजिस्ट्री फॉर्म में आख्या लगवाने के लिए लेखपाल के पास तहसील पहुंचा। जहां पर दोनों में विवाद हुआ और मारपीट हो गई। लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। फौजी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज न करने से नाराज पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जो दूसरे दिन भी जारी रहा। पूर्व फौजियों ने कहा कि जब तक लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं होती तब तक वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। धरने के दूसरे दिन जागेश्वर प्रसाद, उदेश राजपूत, समीम मोहम्मद, जानकी प्रसाद, महेश यादव, राम भरोसे, उदेश कुमार, सुनील सिंह, जयकरण, लल्लू सिंह, श्याम बिहारी मौजूद रहे।

## छत से गिरे युवक की पांच दिन बाद मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



मझगवां थाने के गौहानी गांव में पांच दिन पहले छत से गिरकर घायल युवक की मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गाव के हेमराज ने बताया कि 46 वर्षीय पिता राजेश गुरुवार को छत से गिरकर घायल हो गए थे। घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया था। इलाज के बाद घर लेकर आए। मंगलवार को युवक की हालत बिगड़ गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए।जहां डॉ अखिलेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

## सूरत में मजदूरी करने गए हमीरपुर के युवक की चाकू गोदकर हत्या

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मजदूरी करने सूरत गए एक मजदूर को हमीरपुर के ही कुछ लोगों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। सूरत पुलिस ने हत्या के मामले में एक दंपती को गिरफ्तार भी कर लिया है। मंगलवार की देर रात मृतक का शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सदर कोतवाली के चूरामन डेरा मुहल्ला निवासी नेवेंद्र कुमार ने बताया कि करीब 25 दिन पहले उसका 24 वर्षीय भाई शीलू कुमार पुत्र लल्लू निषाद सूरत मजदूरी करने गया था। रविवार को उसे तीन चौकड़ी थाना प्रभारी का फोन आया कि उसके भाई की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई।

इस घटना से बाद से पूरे परिवार में अफरा तफरी मच गई। नेवेंद्र ने बताया कि शीलू सूरत में रहकर मजदूरी करता था। वह कपड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में टीएफओ लाइन में



काम करता था। बीते 25 दिन पूर्व वह घर से अकेला गया था। मृतक के भाई का आरोप है कि हमीरपुर के ही कुछ और लोग भी वहीं रहकर मजदूरी करते थे। जिन्होंने उसकी हत्या की है।

इस घटना से परिजन बेहाल हैं। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का और अविवाहित था। वह सूरत की तीन चौकड़ी एरिया में किराए पर रहता था। मंगलवार की देर रात शव हमीरपुर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां का रो रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत पत्नी व दो बच्चे गंभीर, झांसी रेफर

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**




जरिया थाने के कछवां कलां गांव के पास दो बच्चों के साथ मामा के घर से लौट रहे बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां तीनों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरिया थाने के करियारी गांव निवासी 25 वर्षीय घायल रेखा ने बताया कि जनपद महोबा के रैपुरा गांव निवासी मामा माखन के घर मंगलवार को गई थी। जहां पर हनुमान जी का प्रसाद चढ़ाया गया था। बुधवार को अपने 30 वर्षीय पति खेमचंद पुत्र हरिकृष्ण प्रजापति, 4 वर्षीय पुत्र गिरीश और 2 वर्षीय पुत्री वैष्णवी के साथ बाइक से घर लौट रही थी। लौटते समय शाम करीब 5 बजे जरिया थाने के कछवाकलां गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में खेमचंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी रेखा बुरी तरह घायल हो गई और पुत्र गिरीश का दाहिना हाथ शरीर से अलग हो गया। सिर पर गंभीर चोट आईं हैं।सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रेखा और दोनों बच्चों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी कर अपनी पत्नी और बच्चों का पालन पोषण करता था। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि वाहन की जानकारी की जा रही है।

## घर की सफाई करते समय करेंट की चपेट में आने से 9 माह की गर्भवती महिला की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम चंद्र पुरवा में बुधवार को घर में झाड़ू लगाते समय 9 माह की गर्भवती महिला कूलर में बह रहे करेंट की चपेट में आने बेहोश होकर गिर पड़ी, आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव के शमद खान ने बताया कि उसकी पत्नी शमीना (26) बुधवार को सुवह घर में झाड़ू लगा रही थी रही थी, उसी समय कूलर छू गया तो वह करंट की चपेट में आ जाने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी, यह देख घर में अफरा तफरी मच गई, आनन फानन में उसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर ले जाया गया गया जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा शमीना को मृत घोषित कर दिया गया, डॉक्टर के अनुसार शमीना 09 माह से गर्भवती भी थी। पति ने बताया कि 30 जून तक डिलेवरी होनी थी, पांच वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी, मां के गर्भ में पल रहा यह उसकी पहली संतान थी मां के साथ उसका भी अंत हो गया है, घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंची थाना सुमेरपुर की पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों को शव गांव ले जाने से रोक दिया था यह कहकर कि मायके पक्ष के आने पर ही पोस्टमार्टम का फैसला किया जायेगा, तभी अंतिम संस्कार कराया जाएगा समाचार लिखे जाने तक पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।

## रयान इंस्टीट्यूट के छात्रों ने एएमयू की प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों आयोजित हुई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 11वीं एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को देर रात घोषित हुआ।

जिसमें मौदहा कस्बे के दर्जनों छात्रों ने सफलता पाकर अपने माता-पिता सहित गुरूजनो का नाम रौशन किया है। जिसके उपरांत कोचिंग अध्यापको ने उत्तीर्ण मेधावियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी।बुधवार को कस्बे में संचालित रयान इंस्टीट्यूट निरंतर पिछले कई वर्ष से क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए छात्र छात्राओं को निखारने का काम कर रही है, जिसके बाद नतीजा आने पर इंस्टीट्यूट के अध्यापक खुशी से गदगद हैं।

जिसमें पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 11वीं एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा सफलता का परचम लहराया है। जिसमें छात्र मुदस्सिर मकसूद ने 11वीं में आल इंडिया रैंक 394 एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग में आल इंडिया रैंक 30 हासिल कर परिवार सहित कोचिंग का नाम रौशन किया है। वहीं मोहम्मद तमकीन वारसी ने डिप्लोमा इंजीनियरिंग में 198 रैंक हासिल कर सफलता पाई है।

इसी तरह आसिया मुश्ताक, ऐजान अफजल, अक्शा तबरेज, मोहम्मद शफी, मोहम्मद शाद, आरिफा, रोहन वर्मा ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार सहित कोचिंग को गौरवान्वित किया है। उत्तीर्ण सभी मेधावियों का रयान इंस्टीट्यूट के संचालक फरीद अहमद (बाबू जी) एवं समस्त अध्यापकों द्वारा फूल माला पहना मुंह मीठा कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक मुजीब अहमद, आमिर खान, मोहम्मद अहमद, जकीर अहमद, आसिफ रियाज़, तौफीक अहमद व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## ई-पास मशीनों का सर्वर गायब

> राशन कार्ड का केवाईसी कार्य ठप्प, कोटेदार परेशान

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।**



बेईग-ई-पास मशीनों में सरवर न आने से लोगों के राशन कार्ड की केवाईसी का कार्य ठप पड़ा हुआ है वही राशन विक्रेता भी सरवर न आने से परेशान है। बताया जाता है कि वाहन ने इसी माह की 21 तारीख से सभी राशन कार्डों के केवाईसी अनिवार्य कर दिया है और इसके लिए गांव के राशन विक्रेता को जिम्मेदारी सौंप गई है लेकिन बेईग-ई-पास मशीनों में सर्वर नहीं आ रहा है जिसके चलते लोग केवाईसी के लिए कोटेदारों के यहां चक्कर काट रहे हैं, तहसील में करीब 80 प्रतिशत कार्ड धारकों की केवाईसी नहीं है वही आपूर्ति विभाग में केवाईसी न कराने पर राशन देने पलर अगले महीने से रोक लगा दी है।

## घूसखोर लेखपाल भेजा गया जेल

> तहसील में पसरा रहा सन्नाटा

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।**




मंगलवार को तहसील क्षेत्र के सरगाव सर्किल मैं तैनात लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम ने एक प्लांट के नापने में 50000 की रिश्वत लेते पकड़ा आज बुधवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया आया, उधर लेखपाल के घूस लेते हुए पकड़े जाने पर बुधवार को तहसील में सन्नाटा फैला नजर आया। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के भदरस गांव के एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका प्लांट अमौली में है जिसकी नाप करने के लिये कहा तो वह 50 हजार रूपए की मांग कर रहा है,इसी के एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया और लेखपाल पंकज कुमार को घूस लेते हुए लगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया, उधर बुधवार को तहसील के आफिस खुले जरुर पर सन्नाटा फैला नजर आया, दोपहर बाद तहसील दार व एसडीएम ने लेखपालों की बैठक कर बरासत और भूमि पैमाइस के मामलो की समीक्षा की।

# चोरी की योजना बनाते किशोर सहित नौ गिरफ्तार

**70 लाख कीमत की चंदन की लकड़ी बरामद**



**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

स्वाट,सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डकैती,चोरी की योजना बना रहे 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार व 1 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया।उनके कब्जे से चन्दन की लकड़ी (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 70 लाख रुपये), स्मैक,अन्य उपकरण व तमंचा मय कारतूस बरामद किये गये।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में स्वाट,सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर डकैती,चोरी की योजना बना रहे अभियुक्तो अरकाश पुत्र अजय कुमार,अजय कुमार पुत्र कोचिस,जलबाज पुत्र अजय कुमार, खेलवर पुत्र जानी, संजू पुत्र मन्टु,एलवर पुत्र अर्जुन,अर्जुन पुत्र कुंजीलाल, जरकास पुत्र दरकास को आज ओबरी जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया तथा 1 बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर लिया गया। अभियुक्तो की निशादेही पर ओबरी जंगल से चन्दन की लकड़ी के 5 बोटे व कब्जे से कुल 590 ग्राम अवैध स्मैक,1 अदद तमंचा .12 बोर व 3 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर,3 अदद नाजायज चाकू,2 अदद लकड़ी काटने की आरी,8 अदद आला नकब,3 अदद लकड़ी का डण्डा,4 अदद गुलेल,1 अदद सफेद धातु की सिल्ली बरामद किया गया। थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 562/2024 धारा 399/402 भादवि, 3/4/25 आर्म्स एक्ट व 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं तथा कस्बो,गांव आदि में घूम फिरके रेकी करते हैं तथा योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देते हैं। अभियुक्तो द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र से चन्दन के 3 हरे पेड़ काटे गए थे जिस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगग पर मुअसं 557/2024 धारा 379/411 भादवि व 4/10 वन संरक्षण अधिनियम पंजीकृत है। चोरी की घटना से प्राप्त चांदी के जेवरात की सिल्ली बना लिया था और इसको बेचना चाह रहे थे किन्तु इसे बेच नहीं पाए थे। अभियुक्त घटना कारित करने के उपरान्त प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लेते हैं तथा सामान को चलते फिरते लोगों को सस्ते दामों पर बेंच देते हैं। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी की जा रही है।पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा पुलिस टीम को 20,000 रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

**अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वालि पुलिस टीम मे स्वाट टीम से उप निरीक्षक अजय सिंह प्रभारी स्वाट टीम, उप निरीक्षक अभिमन्यु सिंह,हेड कांस्टेबल बलवन्त सिंह, जितेन्द्र बहादुर सरोज,दीनानाथ शुक्ल, कांस्टेबल प्रवीण शुक्ल,अंकित तोमर, अभय कुमारअभिषेक राजवंशी, नितिन कुमार,कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार व थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी थाना कोतवाली नगर,उप निरीक्षक मृदुल मयंक पाण्डेय, सुग्रीव यादव, उप निरीक्षक मुकेश, कांस्टेबल विनय जायसवाल,सुनील कुमार, नरसिंह, विशाल विश्वकर्मा शामिल थे।

## अज्ञात चोरों ने दो भैंस चुराई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बीती रात अज्ञात चोर दरवाजे पर बंधी दो कीमती भैंस खोलकर रफूचक्कर हो गए। सुबह परिजनों की आंख खुली तो खूटे से भैंस गायब देखकर उनके होश उड़ गए। इधर उधर काफी खोजबीन के बाद भैंस का कोई सुराग न लगने के बाद स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक लोनीकटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद निवासी मंगली प्रसाद पुत्र सादानंद त्रिवेदी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि बीती रात अपने परिजन के साथ छत पर सोए हुए थे इसी बीच मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर दरवाजे पर बंधी मेरी दो भैंस खोलकर रफूचक्कर हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर इधर उधर काफी खोजबीन किया लेकिन सुराग नहीं लग सका। स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# प्रधानपति पर विकास अधिकारी ने लगाए आरोप

**सहायक अधिकारी को गालियां देकर असलहे की नोक पर फंसाने की दी धमकी**

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जांच दौरान तमाम कमियां मिलने से नाराज़ प्रधान पति ने सहायक अधिकारी को कार्यालय प्रांगण के अंदर घुसकर गालियां देते हुए असलहे की नोक पर विभिन्न धाराओं में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने जैदपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा आरोपी प्रधान पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकरा मुर्तजा का है जहां योगी सरकार में दबंग प्रधान पति की दादगीरी व दबंगई का एक मामला सामने आया है। बताते चलें कि जिला पंचायत राज अधिकारी बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड हरख के टिकरा मुर्तजा सहित कई अन्य पंचायतों की जांच की गयी थी।जांच के बाद टिकरा मुर्तजा मे अनेक कमियां मिली।

जिसे लेकर प्रधान पति मो इसरार का क्रोध आसमान छूने लगा। गुस्साये प्रधान पति विकास खण्ड हरख कार्यालय के अंदर घुसकर सहायक अधिकारी पंचायत राजेंद्र कुमार यादव को असलहे की नोक पर मार्फीन व विभिन्न केस मे फंसाकर जेल भेजवाने की धमकी के साथ कुछ जरूरी सरकारी अभिलेखों को भी फाड़कर जान से मारने की धमकी दे डाली। जिससे सहायक अधिकारी पंचायत राजेन्द्र कुमार के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने के साथ मानसिक तनाव व दबंग प्रधान से भयभीत होकर अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे सहायक अधिकारी ने उक्त आरोप लगाते हुए थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देकर बताया कि प्रधान पति दबंग व्यक्ति होने के साथ कई मुकदमो में वंछित व गैंगेस्टर धाराओ मे संलिप्त है। जिससे उसके ऊपर कोई भी घटना घटित हो सकती है।पुलिस द्वारा प्रधान पति मो इसरार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने अपर आयुक्त जेपी गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**उतरौला , बलरामपुर।** लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने मंडल आयुक्त देवीपाटन मंडल को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त जेपी गुप्ता को सौंप कर तहसील क्षेत्र ग्राम पेड़रिया में नवनिर्मित राजकीय इण्टर कॉलेज भवन को माध्यमिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर शैक्षिक संचालन कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि अति पिछड़े तहसील उतरौला के ग्राम पंचायत पेड़रिया में प्रदेश सरकार के द्वारा विगत एक दशक पूर्व वर्ष 2013-14 में लगभग 3.5 करोड़ की लागत से एक राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज स्वीकृत किया गया था। कालेज निर्माण कार्य का ठेका कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को आवंटित हुआ था। विविध कारणों से निर्माण कार्य वर्ष 2016-17 से रुक गया था।

# आत्माघाती प्रयास के मामले में मजिस्ट्रीरियल जांच के आदेश



**बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को राजू पुत्र सुधई निवासी ग्राम सोनपुर थाना रेहरा बाजार द्वारा गांव के निवासी विपक्षियों जो कि पुलिस के कार्मिक हैं, उनके द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने, पीड़ित की प्राइवेट भूमि पर जबरन रास्ता सृजित करने का दबाव बनाने एवं प्रयास करने तथा इस प्रकरण में कई बार स्थानीय थाना पुलिस एवं जनपदीय पुलिस उच्चाधिकारियों से मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने के पश्चात भी तथा कथित रूप से स्थानीय पुलिस के पक्षपात पूर्ण रवैए से आहत होकर कलेक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास किये जाने का प्रकरण सामने आया है, जिसे तत्परता के कारण तुरन्त रोक लिया गया।

घटना की निष्पक्ष जांच के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मजिस्ट्रियल जांच तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही के आदेश दे दिए हैं। जिलाधिकारी ने यह आदेश दिए हैं कि घटना के लिए दोषी कोई भी व्यक्ति चाहे वह पुलिस विभाग में की क्यों न हो। ऐसे व्यक्तियों को कानून के तहत दण्डित किया जाएगा। मामला थाना रेहरा बाजार अन्तर्गत ग्राम सोनपुर निवासी राजू पुत्र सुधई का है। पीड़ित राजू ने शपथ पत्र पर अपने बयान में कहा है कि उसके खेत के रास्ते पर विपक्षी कन्हई थाना रेहरा बाजार में पुलिस चौकीदार है तथा उसका भाई गुरुचरन थाना रेहरा में ही कान्स्टेबल है।

उनके द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा कर पीड़ित के सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया तथा पीड़ित की निजी प्राइवेट जमीन पर भी जबरन कब्जा कर रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित राजू पुत्र सुधई ने शपथपत्र पर अपने बयान में कहा है कि उसके द्वारा रेहरा बाजार थाने में बार-बार मामले की शिकायत की गई। पीड़ित के बयान के मुताबिक गुरुचरण डायल 112 में ड्यूटी करता है और जब भी उसके द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचित किया जाता है तो पुलिस कोई कार्यवाही करने के बजाय उल्टा उसी को प्रताड़ित करती है और अपमानित करती है।

# घर की सफाई कर रही महिला की बिजली करंट लगने से मौत

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने मृतक मंजू के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

घर की सफाई के दौरान करंट की चपेट मे आयी महिला की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। मृतका के पति की चार वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना मे मृत्यु हो चुकी है। विद्युत करंट से हुई मौत के चलते तीन नाबालिग बच्चो के सिर से मां बाप का साया सिर से उठ गया।

बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम दहेजिया निवासी 32 वर्षीय मंजू पत्नी स्वर्गीय प्रवेश कुमार घर के निर्माण मे लगी स्टरिंग खुलने के बाद साफ-सफाई कर रही थी घरेलू पानी सप्लाई के लिए मोटर लगा हुआ था। जिसमें कही तार कटा हुआ था उसमें बिजली उतर रही थी मिट्टी गिली होने के कारण मंजू बिजली की चपेट में आ गई। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मंजू की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतक मंजू के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मां की मौत से बेसहारा हुए नाबालिग**

करंट की चपेट मे आने से मृतक मंजू देवी के तीन नाबालिग़ बच्चो के सिर से माँ बाप का साया खत्म हो गया है मृतक मंजू के पति प्रवेश कुमार का 4 वर्ष पूर्व बछरावा मे हुई दुर्घटना मे मौत हो गयी थी आज करंट से माँ की मौत होने से 10 वर्षीय विनय कुमार , 7 वर्षीय रिया 7 वर्षीय, 4 वर्षीय राज बेसहारा हो गये। पिता की मौत से बेखबर बच्चो का माँ की मौत से रो रोकर बुरा हाल है।

## खबरें एक नजर में

### खेत की बेरन देखने गए युवक की बाइक चोरी

**मसौली, बाराबंकी।** आवारा पशुओं से खेत में लगी धान की बेरन देखने गये युवक की बाईक चोरी हो गई है। पीड़ित ने मसौली पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दहेजिया निवासी सुनील कुमार कुमार पुत्र रामआधार गोंडा बहराइच हाईवे पर उमाकांत गुप्ता की फैक्ट्री के निकट खेत में धान का बेरान को देखने मोटर साईकिल नंबर यूपी 41 बी ई 1073 से गये थे जिसे हाइवे के किनारे खड़ी कर दिया था खेत से वापस आने पर बाईक लापता थी पीड़ित सुनील कुमार ने बाईक चोरी की तहरीर थाना मसौली मे दी है।

### एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी ने मेलारायगंज गौशाला का राजस्व कर्मियों के साथ निरीक्षण किया एवं गौशाला के सेवादारों को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार की शाम उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द कुमार तिवारी ने राजस्व कर्मियों के साथ मेलारायगंज स्थित गौशाला का निरीक्षण किया एसडीएम ने गौशाला संचालक प्रधान प्रतिनिधि माजिद हाशमी को निर्देशित किया कि गोवंशों को भूसा हरा चारा पानी नियमित रूप से देने एंव यदि पशु बीमार पड़े तो उसे तुरन्त पशु-चिकित्सक को बुलाकर उपचार करावें। इस मौके पर लेखपाल पान्डेय, माजिद हाशमी आदि मौजूद रहे।

### तहसील परिसर में वाटर कूलर संग हैंडपंप खराब

**कालपी (जालौन)।** तहसील में फरियादियों के लिए पीने के पानी की बड़ी समस्या है। प्रशासन द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर भी महीनों से खराब पडा है जिससे यहां आने वाली जनता को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। इस वर्ष गर्मी में शासन का आपदा एवं राहत विभाग भी लोगो को विभिन्न माध्यमों से इस भीषण गर्मी से बचाव और उपचार के तरीके भी बताता रहता है लेकिन गर्मी से राहत के तहसील परिसर में कोई खास इंतजाम नहीं है। आलम यह है कि तहसील में आने वाली जनता को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए तहसील प्रशासन ने परिसर में वाटर कूलर लगवाया था जिससे फरियादी अपनी प्यास बुझाते थे लेकिन गत वर्ष यह वाटर कूलर खराब हो गया था लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा न तो इसे दुरुस्त कराया गया न ही नया लगाया गया।

### मार्ग दुर्घटना में घायल को सीएचसी में कराया भर्ती

**कालपी(जालौन)।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। चिकित्सीय सूत्रों के अनुसार बीती दोपहर को मार्ग दुर्घटना में घायल युवक चंद्रशेखर पुत्र कुंवरलाल निवासी सिकरी थाना चुर्खी को घायलावस्था में उसकी बहन के द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल युवक का चिकित्सीय टीम के द्वारा उपचार किया गया। उल्लेखनीय हो कि इस माह मार्ग दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है।

# विद्युत फाल्ट से 11 घंटे गुल रही बिजली, उपभोक्ता बेहाल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**जेई विशांत वर्मा ने बताया एल टी लाइन को ठीक कर बिजली चालू कर दी गई**

मंगलवार की देर रात्रि 440 केवी विद्युत लाइन केबिल में फाल्ट आने के कारण कस्बा शाहबपुर सहित ग्रामीण अंचल मे करीब 11 घंटे बिजली गुल रही इस दौरान उपभोक्ता गर्मी से बेहाल रहे। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रामनगर तिराहा पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पल्हरी फीडर रसौली से ग्राम शहावपुर को सप्लाई होती है। मंगलवार की रात्रि गांव में 440 केवी के विद्युत लाइन के केबिल में फाल्ट आ जाने से कस्बा शहावपुर की बिजली गुल हो गई थी। रात में उपभोक्ताओं की तमाम प्रयास करने के बाद भी जिम्मेदारों ने ध्यान नही दिया। सुबह बुधवार को केबिल बदलने के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। भीषण गर्मी के चलते छोटे बड़े सभी लोग रात भर परेशान रहे और तो और उपभोक्ता एक एक बूंद पानी और मोबाइल चार्जिंग के लिए दर-दर भटकते रहे। कस्बा शहावपुर में करीब दस हजार की आबादी है। करीब 18 सौ उपभोक्ता की संख्या है। जिनको करीब 11 घण्टे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो गई।जे ई विशांत वर्मा ने बताया एल टी लाइन में खराबी आयी थी जिसको ठीक करा कर बिजली चालू कर दी गई है।

# कलयुगी पुत्र ने मां के साथ की मारपीट

**जालौन (उरई)।** जमीन न करने को लेकर बेटे ने मां के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं शीघ्र ही जमीन नाम न करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर निवासी प्रेमा देवी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अभी जमीन का बंटवारा नहीं किया है। वह चाहती हैं कि जो कोई उनकी देखभाल करे वह जमीन उसके नाम करेंगी। लेकिन नारायणदास चाहता है कि जमीन उसके नाम कर दी जाए। जबकि वह अभी ऐसा नहीं चाहती हैं। जमीन नाम न करने पर वह अक्सर विवाद करता रहता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह उनके पास आया और जमीन उसके नाम करने का दबाव बनाने लगा। जब उन्होंने ऐसा करने से इंकार किया तो उसने गाली, गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर जब परिवार के अन्य लोग बचाने के लिए आए तो वह शीघ्र जमीन नाम न करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को करें जागरुक : डीजे

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द की अध्यक्षता में एवं उनके विश्राम कक्ष में मानसिक स्वास्थ्य पुर्नविलोकन समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में राजीव कुमार प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अ0सुदन मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य, डॉ. दिनेश कुमार श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सदस्य, डॉ. सौरभ मिश्रा मनोचिकित्सक द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य सामन्जस्य स्थपित कर नियमित अन्तराल पर मानसिक स्वास्थ्य के जागरूकता के लिए शिविरों का आयोजन करे एवं पम्पलेट के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य का प्रचार-प्रसार करें, जिससे आमजनमानस को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकें। उक्त बैठक में डॉ. दिनेश कुमार श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय बाराबंकी में मानसिक स्वास्थ्य की काउंसिलिंग के लिए काउंसिलिंग केन्द्र स्थपित है। जिसका नम्बर-9455033379, 14416, टोल फ्री नम्बर-1800-891-4416 है जिसके माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श ली जा सकती है। इसके अतिरिक्त विश्व औषधि दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये जागरूकता कार्यक्रम जिला चिकित्सालय, बाराबंकी में आयोजित किया गया। जनपद न्यायाधीश के द्वारा नशे से पीड़ित व्यक्तियों को समाज में मुख्य धारा से जोड़ने के लिये एवं नशे से छुटकारा दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, काटे 22 चालान

**रामपुरा (जालौन)।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ इराज रजा के निर्देशानुसार रामपुरा थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग हुई जिसमें दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, हेलमेट, और चार पहिया वाहनों का सीट बेल्ट न लगाने वाले बाइस वाहनों के चालान थाना अध्यक्ष योगेंद्र पटेल के द्वारा किए गए एवं थानाध्यक्ष द्वारा नगर में भीड़भाड़ वाले इलाके में पैदल गस्त कर वाहनों की चेकिंग की गई साथ में अपील करते हुए कहा गया की कोई भी संरक्षक, पिता अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने को न दें, वाहन देकर नाबालिकों का भविष्य खराब ना करें नाबालिक बच्चा यदि वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है।

# सड़क हादसे में भाजपा नेत्री के शिक्षक पति की मौत

**दूसरे बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत**

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

दो दिन पूर्व बाइकों की आपसी भिडंत में भाजपा नेत्री के शिक्षक पति की मौत हो गई थी और भाजपा नेत्री को इलाज के लिए उच्च संस्थान रेफर किया गया था। वहीं, हादसे में दूसरे बाइक सवार की भी इलाज के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया।

सोमवार की देर शाम करीब सात बजे मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी छत्रसाल इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रेम कुमार झा (50) पुत्र लल्लूराम झा उनकी पत्नी संगीता झा (46) भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री के साथ चरसौनी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह रोड पर पहुंचकर चुर्खी रोड पर आगे बढ़े तभी उरगांव मोड़ के पास ही सामने से आ रहे बाइक सवार से उनकी टक्कर हो गई थी। हादसे में प्रेमकुमार झा की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, गंभीर रूप से घायल पत्नी संगीता झा को उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया था। हादसे में दूसरे बाइक सवार जितेंद्र कुमार नगाइच (45) निवासी हथना बुजुर्ग थाना सिरसाकलार को भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें भी पहले मेडिकल कॉलेज फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। मंगलवार को ग्वालियर में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

बुधवार को उनके शव का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हथना बुजुर्ग में किया गया। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र की शादी नहीं हुई थी। वह उरई में अपने भाई के साथ टाइल्स की दुकान पर बैठते थे। वहीं जालौन रोड पर किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को वह गांव में किसी से मिलने आए थे और शाम को मिलकर वह वापस लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

## पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक बंटवारे को लेकर परिवार के ही व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के ही भीकम सिंह पारिवारिक बंटवारे को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। जिसके चलते वह उनके परिवार से रंजिश मानते है और आए दिन विवाद करते रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि बंटवारे को लेकर बुधवार की सुबह भीकम सिंह विवाद कर रहे थे। जब उसने रोकना चाहा तो गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसे पिटता देख आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो वह शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# दोस्ती बनाकर रुपये ने लिए उधार चेक बाउंस होते ही युवक घर से भागा

**पीड़ित की शिकायत पर एसपी के आदेश पर जांच में जुटी पुलिस**

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

गांव में पेमेंट बैंक संचालित करने व प्रोपर्टी डीलिंग का काम करने वाले दो युवकों ने गांव के एक व्यक्ति से 10 लाख 57 हजार रुपये उधार ले लिए। रुपये वापस मांगने पर एक लाख 36 हजार रुपये वापस कर दिए। शेष रुपयों के भुगतान के लिए चेक दे दी। बैंक में चेक लगाने पर चौक बाउंस हो गई। इसके बाद जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो पूर्व योजना बनाकर युवक घर से भाग गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी राघवेंद्र सिंह गांव में कृषि कार्य के अलावा दूध डेरी चलाते हैं। उनके गांव के धीरज कुमार व नीरज कुमार गांव में फिनो पेमेंट बैंक व जन सुविधा केंद्र का संचालन करते थे। इसके अलावा प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करते थे। उन्होंने राघवेंद्र सिंह के साथ दोस्ती कर ली और उन्हें विश्वास में लेकर कई बार में 10 लाख 57 हजार 950 रुपये उधार ले लिए। आवश्यकता पड़ने पर जब राघवेंद्र सिंह ने युवकों से अपने रुपये वापस मांगना शुरू किए तो पहले तो उन्होंने एक लाख 36 हजार रुपये वापस कर दिए। इसके बाद शेष नौ लाख 21 हजार 950 रुपये की 3 चौक दे दीं। पीड़ित का आरोप कि जब उन्होंने इन चौक को बैंक में भुगतान के लिए लगाया तो चौक बाउंस हो गई। चौक बाउंस होने पर जब उन्होंने इसकी शिकायत की और बाकी रुपये मांगे तो पहले तो वह बहाने बनाते रहे इसके बाद पूर्व निर्धारित योजना बनाकर धीरज 30 मई को गांव में संचालित केंद्रों को बंद करके कहीं बाहर भाग गया।

# विकास कार्यों का डीएम ने किया लोकार्पण



**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आरआरसी सेंटर, अमृत सरोवर तालाब, निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खाद्यान्न स्मार्ट मॉडल शॉप, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री द्वारा डकोर विकास खंड के ग्राम ऐरी रमपुरा में विकास कार्यों का लोकार्पण किया था। जिसके बाद अब तक विकास कार्यों का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए, बताते चलें कि विगत वर्षो में मुख्यमंत्री ने ग्राम ऐरी रमपुरा में जनसभा को सम्बोधित किया था। जहां उन्होंने ग्रामीणों को राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दी थी।

जिसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। गांव में बनने वाले राजकीय हाईस्कूल के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को 20 नवंबर 23 को सौंपा गया था जिसकी लागत 2.428 करोड़ है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। जिसकी लागत 2.16 करोड़ है। ग्राम ऐरी रमपुरा पहुंचे जिलाधिकारी ने इन निर्माण कार्यों की पड़ताल की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान एक दीवाल तिरछी पाई गई।

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ।**
**निविदा सं0-10446/22-3 (निविदा), दिनांक 20-06-2024**

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-24 के लिए कार्यादेश तिथि के अनुसार (01 वर्ष) हेतु अवध वन प्रभाग लखनऊ के अन्तर्गत कुकरैल पिकनिक स्पाट फेस-1 में निम्न विवरण के अनुसार ठेके का संचालन हेतु निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | स्थल का नाम | ठेका का नाम |
|---|---|---|
| 1. | कुकरैल पिकनिक स्पाट फेस-1 | वाहन स्टैण्ड |
| 2. | | आइसक्रीम |
| 3. | | गुब्बारा |

1- निविदा प्रपत्र नियम व शर्तों सहित दिनांक 29-06-2024 से 04-07-2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।

2- सभी निविदायें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग 21/475 इन्दिरानगर, लखनऊ के कार्यालय दिवस में दिनांक 06-07-2024 को अपरान्ह 05.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी। निर्धारित समय के पश्चात् किसी भी प्रकार से भेजी गई निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। दिनांक 08-07-2024 को पूर्वान्ह 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3- प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदाएं प्रस्तुत करनी होगी।

4- रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट निविदा प्रपत्र के साथ केवल राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाक विभाग द्वारा निर्गत एन0एस0सी0 निर्धारित अर्नेस्टमनी के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ के नाम बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य है।

5- निविदा सम्बन्धी विवरण विभागीय वेबसाइट http://forest.up.nic.in पर भी उपलब्ध होगा।

6- प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ को किसी भी निविदा को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

7- निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्ते मान्य होने की दशा में ही निविदा भेजी जाये।

www.upgov.nic.in
Upid-216596 Date-25.06.2024

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
अवध वन प्रभाग, लखनऊ।

# इस बार दो श्रेणी में होगा परीक्षा केन्द्रों का चयनः डीएम

- डीएम ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार परीक्षा केन्द्रो का चयन दो श्रेणी में किया जाना है। श्रेणी ए में समुचित आवश्यक आने वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज राज्य/केन्द्र के विश्वविद्यालय/पॉलिटेक्निक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय मेडिकल सम्मिलित होगें। श्रेणी बी में ऐसे ख्याति प्राप्त तथा सुविधा सम्पन्न वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाये ही सम्मिलित होगीं, जो पूर्व में संदिग्ध व विवादित या काली सूची में न रही हों। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो, आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन नगरीय क्षेत्र के 10 किमी के व्यास में मुख्य मार्ग पर स्थित हो।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित समिति के सदस्यो को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा निकट भविष्य में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस के चयन परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी शासनादेश को गहनता से अध्यनन कर लें। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व कोषागार से शासन द्वारा निर्धारित दूरी एवं मानकों के अनुरूप आने वाले परीक्षा केंद्रों का चयन कार्य 27 जून तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर सूची उपलब्ध करायी जाये। परीक्षा केंद्र की किसी भी दशा में निगेटिव रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु कड़े इंतजाम किये जायें। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ट्रेजरी में अलग कक्ष की व्यवस्था की जाए। कक्ष की डबल लॉक में और उसकी सीसीटीवी प्रत्येक समय निगरानी की व्यवस्था की जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में भूमिका निभायें नागरिक



संचारी रोग नियंत्रण पर कर्मचारियों की बैठक लेते जिला मलेरिया अधिकारी उदयप्रताप सिंह

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण के लिये 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि इसके लिये सभासदों व टाउन कर्मचारियों को अपनी अहम भूमिका निभानी पड़ेगी समधन नगर पंचायत बैठक हाल में बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण पर एक बैठक का आयोजन जिला मलेरिया अधिकारी डाक्टर उदयप्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण पर स्थानीय सभासद व टाउन कर्मचारी जनता के बीच जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करे जिला मलेरिया अधिकारी ने बैठक में कर्मचारियों को कीटनाशक एंटीलार्वा छिड़काव फागिंग कराने की गतिविधियों की जानकारी दी गई साथ ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर तालग्राम एमओ आईसी, बीएमसी श्रीमती नशीबा ख़ान, सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चंद्र के अलावा टाउन कर्मचारी विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, हनीफ अली, बकार अहमद, आलोक शाक्य, अताउल्ला अली, रियाज़ अहमद, आदि मौजूद रहे।

# कस्बा में बाल श्रम रोकने के लिए चलाया अभियान

- सघन चेकिंग अभियान के दौरान तीन बच्चों को कराया गया श्रम मुक्त



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, भिक्षावृत, अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी ए.एच.टी.यू. जनपद डॉ संसार सिंह के निर्देशन में ए.एच.टी.यू. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय हमराह काश 1011 हिमेश रावत तथा अरविन्द्र नेगी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी छिबरामऊ, श्रम विभाग टीम द्वारा कस्बा छिबरामऊ में बस स्टैण्ड, पश्चिम बाईपास मार्केट, होटल, ढाबो, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, मैडिकल स्टोर मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, भिक्षावृत एवंम नशा मुक्त हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 03 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया और लोगो को बाल श्रम एंव भिक्षावृत रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।



## किसान पंचायत के लिए कार्यकर्ताओं को किया रवाना

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट की नोएडा में होने वाली किसान पंचायत के लिए कार्यकर्ताओं को झडी दिखाकर रवाना किया गया बलराज भाटी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बलराज के आवाहन पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरभ सिंह एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की समस्त टीम एवं जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह की जनपदीय टीम एवं जनपद फर्रुखाबाद जनपद मैनपुरी जनपद औरैया के पदाधिकारियों की टीम को जनपद नोएडा में होने वाली महा पंचायत हेतु प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश संतोष पाठक द्वारा झंडी दिखाकर महापंचायत हेतु रवाना किया गया प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश संतोष पाठक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण महापंचायत में सामिल होने नहीं जा सके उनके द्वारा झंडी दिखाकर महा पंचायत में सम्मिलित होने के लिए समस्त पदाधिकारी को अपने-अपने निजी वाहनों से रवाना किया गया।

## बम बम भोले के उद्घोष के साथ अमरनाथ रवाना हुये श्रद्धालु



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं नें श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बम बम भोले के गगन भेदी जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने विधि विधान से आरती उतार कर मंगल कामना करते हुये रवाना किया। बीती शाम नगर के तिर्वा रोड से बाबा श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने से पूर्व श्रद्धालुओं ने पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित सैकड़ो नागरिकों के साथ नगर में विशाल शोभा यात्रा निकालकर डीजे की धुनों पर हर हर महादेव, भूखे के अन्य प्यासे को पानी, जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सहित अन्य भक्ति गीतों पर गगन भेदी जयकारे लगाए। इस दौरान कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने आरती उतारकर श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया। इस दौरान दीपक गुप्ता, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू, संदेश गुप्ता हीरो, प्रदीप गुप्ता, मोनू गुप्ता, अमन कठेरिया, सचिन शर्मा, नवल गुप्ता, भूरा कठेरिया सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# चालक को झपकी आने से एलपीजी गैस भरा टैंकर पलटा

- कन्नौज मार्ग पर फगुहा गांव के निकट हुआ हादसा
- घायल चालक को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर फगुहा गांव के निकट बुधवार की सुबह एक एलपीजी गैस से भरा टैंकर अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे की जानकारी पर सीओ तिर्वा, कोतवाल तिर्वा भारी पुलिस बले के साथ मौके पर पहुंच गए। हादसे में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

मथुरा से एलपीजी गैस को एक टैंकर में भरकर चालक मनोज (30) पुत्र पप्पू नेपाल जा रहा था। बुधवार की सुबह जब वह टैंकर लेकर तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर फगुहा गांव के निकट पहुंचा, तभी अचानक चालक को नींद आ गई। जिससे टैंकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। एलपीजी टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। टैंकर में फंसे चालक मनोज को बाहर निकाला। हालत गंभीर होने पर उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को उठाकर सड़क के किनारे खड़ा करा दिया। जिससे बाद दोबारा यातायात शुरू हो सका।

## अखण्ड प्रताप ने रचा कन्नौज में इतिहास

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के छात्र अखण्ड प्रताप सिंह चैहान ने जेईई मैन में 99.6 प्रतिशत अंक लाकर ऑल इण्डिया रैंक में 4372 वां रैंक हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हे बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि तिर्वा कस्बे के निवासी अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र विवेक सिंह चैहान उनके विद्यालय में इंटरमीडिएट के छात्र थे। उन्होने बर्ष 2024 में आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। यह पहली बार है कि कन्नौज जिले के किसी छात्र ने 99.6 अंक हासिल किए हैं। अखण्ड प्रताप सिंह ने कन्नौज का गौरव बढ़ाया है। उनके इस कीर्तिमान से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के शिक्षकों के अलावा उनके माता-पिता की मेहनत का भी काफी योगदान है। विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व अध्यक्ष की बेटी का केरल में प्रोफेसर के पद पर चयन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की बेटी का केरल में प्रोफेसर के पद पर चयन होने से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर या बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार शाक्य एडवोकेट पुत्री मैं अपने परिवार का नाम रोशन करते हुए पटकटल केरल में प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर पूरे परिवार का राम रोशन किया अधिवक्ता समाज ने पुत्री के उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिह यादव, शिवनाथ सिह यादव, पूर्व महासचिव चन्द्रजीत सिह यादव, सन्दीप दीक्षित,राजीव कुमार दीक्षित, नेम सिह यादव, लालबहादुर यादव,ओमेन्द यादव सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बडौरा निवासी काजल पुत्री हनीफद्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के ग्राम भैंसरोली निवासी आसिफअली पुत्र दलगीर अली के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन पति आसिफअली, ससुर दलगीर अली, सास रोसना बेगम द्वारा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपयों की मांग की गई। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर विगत 22 जून को उक्त गणों ने अभद्रता व मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रौरा निवासी प्रशांत कुमार शर्मा पुत्र महेंद्र कुमार शर्मा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीती शाम वह घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के शोभित, विमलेश, पूनम आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### रास्ते के विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रास्ते में निकलने को विवाद को लेकर युवक के साथ मोहल्ले के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला अशफ़ाकउल्ला खान नगर निवासी मोहम्मद कदीर पुत्र मोहम्मद अनीस द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीती शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी मोहल्ले के ही एसान, एतियाम, शब्बीर, गोलू ने रास्ते में निकलने के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### विटामिन ए सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में बुधवार को जनपद मुख्यालय स्थित महिला चिकित्सालय पीपीसी में विटामिन ए सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ 9 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है। विटामिन ए की कमी से बच्चे लगातार बीमार पड़ते हैं और शिशु मृत्यु दर में भी बढ़ोतरी होती है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पीपीसी की महिला चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शाखा प्रबंधक से अभद्रता कर की गाली-गलौज

- आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की फगुहा शाखा का मामला
- शाखा प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्टा गांव में स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में बुधवार की दोपहर एक ग्रामीण ने शाखा प्रबंधक से अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर शाखा प्रबंधक से हाथापाई भी कर दी।

शाखा प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की फगुहा शाखा के शाखा प्रबंधक प्रदूम मित्तल पुत्र महेश मित्तल ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार को रीना यादव एक चैक से 12 हजार रूपए निकालने आई थी, लेकिन चैक में हस्ताक्षर सही न होने पर उनको मना कर दिया गया। इसपर उनके पति आशीष कुमार यादव गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे।

विरोध किया, तो उनके साथ अभद्रता कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 92 बोटा हरे सगौन की लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार ने अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार जनपद बलरामपुर व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व में बुधवार को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा तीन नफर अभियुक्तगण 1. अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड नं0 15 रामलीला मैदान थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर उम्र करीब 52 वर्ष , 2. कल्लू पुत्र ताहिर खान निवासी वार्ड नं0 05 पुरानी बाजार थाना पचपेड़वा जनपद - बलरामपुर उम्र करीब 57 वर्ष 3. घनश्याम विश्वकर्मा पुत्र राम समुझ विश्वकर्मा नि0 खजुरिया थाना पचपेड़वा जनपद - बलरामपुर उम्र करीब 49 वर्ष के पास 92 बोटा हरे सगौन के पेड़ की लकड़ी बरामद कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अकोढ़ी दुबे की गलियों में लगा कूड़े का अम्बार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**जालौन (उरई)।** सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी गांव की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। गांव की सफाई व्यवस्था में तैनात सफाई कर्मचारी औपचारिकता निभा रहे हैं। गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने के बाद भी जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी व एडीओ पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। इसके बाद भी ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी सचिव व एडीओ पंचायत मूक दर्शक बने हुए हैं जिससे ग्रामीणों में नाराजगी पनप रही है। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में गांव में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए सफाईकर्मी तो नियुक्त किया गया है।

# फार्मेसी परीक्षा में 50 परीक्षार्थी रहे, गैर हाजिर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित एमएम आईटी पॉलिटेक्निक में चल रही फार्मेसी की वार्षिक परीक्षा बुधवार को दो चरणों मे संपन्न हुई। चार कॉलेजों की परीक्षा का केंद्र एमएम आईटी पॉलिटेक्निक में बनाया गया।

केंद्र अधीक्षक उमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि चार फॉर्मेसी कॉलेजों का परीक्षा सेंटर पॉलिटेक्निक में आया है।

तीसरे दिन सुबह 9 से 12 बजे प्रथम पाली में पंजीकृत 194 में से 151 ने परीक्षा दी। 43 अनुपस्थित रहे। 2 से 5 बजे द्वितीय पाली में 128 पंजीकृत में से 121 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 7 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र अधीक्षक ने बताया कि कड़ी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। जिसमें साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी छिबरामऊ, अग्रिम कॉलेज ऑफ फार्मेसी चांदापुर, समृद्धि कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कोमिल सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी कॉलेजो के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान सहायक केंद्र अधीक्षक अंकित द्विवेदी, नीरज कुमार, आंतरिक उड़नदस्ता रामसजीवन, उदय सिंह सहित आदि मौजूद रहे।



एमएम आईटी अनौगी में परीक्षा देते परीक्षार्थी

# पुलिस ने पोल में उतरे करंट से बालक को बचाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली के बाहर खड़े आम के पेड़ के नीचे आम बीन रहा बालक अचानक किनारे खड़े विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा आनन-फानन में बचाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

मंगलवार की दोपहर स्थानीय कोतवाली परिसर के बाहर खड़े आम के पेड़ के नीचे आम उठा रहा 08 वर्षीय कमलेश पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला गोपाल नगर अचानक विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिसे देख कोतवाली के कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार, अमन सिंह, मोनू कुमार के प्रयासों से बचाते हुए बालक के हाथ पैरों को मला गया और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां बालक के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उधर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने पुलिस कर्मियों के कार्य की सराहना की है।



अस्पताल में मौजूद बालक व पुलिस

# निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण करायेंः डीएम

- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक, डीएनए व्यापारियों की सुनी समस्याएं दिए निस्तारण के निर्देश
- बैठक में विद्युत ट्रिपिंग, जल भराव, पार्किंग की व्यवस्था व अतिक्रमण हटाने आदि पर ही परिचर्चा



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में विद्युत ट्रिपिंग, जल भराव, पार्किंग की व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने आदि समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की हुई। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाजार में शौचालय बनाया जाये तथा उसके रख रखाव हेतु किसी की ड्यूटी भी लगायी जाये, जिससे शौचालय साफ-सुथरा बना रहे। उन्होने निर्देश दिये कि निवेश मित्र पोर्टल पर शिकायत आने पर संबंधित विभाग शिकायत का निस्तारण समय से करायें। उन्होने कहा कि ओडीओपी योजनान्तर्गत अच्छे लोगो को शामिल करें, जिससे लोग लगन के साथ कार्य कर इस योजना का लाभ अधिक लें सकें। कहा कि कारखाना अधिनियम 1948 सहपठित उप्र कारखाना नियमावली 1950 के अन्तर्गत जनपद में संचालित विनिर्माण ईकाइयों का पंजीकरण अधिक से अधिक कराया जाये। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि लाखन चौराहे के पास तारो का जंजाल बहुत फैला है, जिसे अंडरग्राउण्ड करके अथवा सुशोभित ढंग से तारो को ठीक किया जाये। उन्होने नगर पालिक को निर्देशित किया कि लाखन चौराहे के आस-पास पार्किग की व्यवस्था हेतु चिन्हांकन कर स्थल की सूचना उपलब्ध करायें। निर्देश दिये कि गुरसहायगंज में सप्ताहिक बंदी का कढ़ाई से पालन किया जाये। उन्होने कहा कि 29 जून को नगर पालिक परिषद कन्नौज में पुर्वान्ह 11बजे दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस को व्यापारी कल्याण दिवस को भव्य रुप से मनाया जायेगा।

व्यापारी कल्याण मंडल, व्यापारिक संगठनों तथा अन्य व्यापार मंडल/संगठनों द्वारा अपने उद्यमियों, व्यवसायिकों व स्वयं सहायता समहों द्वारा इस अवसर पर ओडीओपी स्टॉल लगाते हुये उत्पादो का प्रचार-प्रसार व विक्रय कार्य किया जाये एवं प्रदर्शनियां भी लगायी जाये। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि इस अवसर पर बच्चो के कार्यक्रम भी कराये जायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं जिले के प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

# सीएमओ साहब क्या एक्सपायरी दवाओं से भागेगा टीबी रोग

## इससे पूर्व भी दी गयी थी एक्सपायरी दवा, जिसे खाकर महिला की बिगड़ी थी तबियत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सरकार देश को टीबी मुक्त बनाने का भले ही सपना संजो रही है, लेकिन अधीनस्थ सरकार के सपनों को शायद पूरा होने नहीं देंगे, क्योंकि टीबी के मरीजों को एक्सपायरी दवायें जो बांटी जा रही हैं। ऐसा ही एक मामला थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव करनपुरदत्त में देखने को मिला।

जहां महिला ममता का टीबी का इलाज करीब तीन महीने से चल रहा है। यहां पर वह अपने बच्चों के साथ रहती है, जबकि उसका पति धर्मेंद्र दिल्ली में नौकरी करता है। ममता को दवायें गांव की आशा रामवती लाकर देती है।

ममता ने पूछने पर बताया कि वह आठ दिन की दवा लेकर आशा से आती थी। जब दवा नही मिली, तो उसका पति धर्मेन्द्र आशा रामवती के घर पहुंचा। आशा ने जो दवा दी थी, वह मार्च माह में एक्सपायर हो चुकी है। पति धर्मेन्द्र नें बताया कि पूर्व में भी एक्सपायर दवा दी गयी। जिसकी जानकारी ना होने पर जब ममता ने खाई, तो उसकी तबियत भी बिगड़ी। धर्मेन्द्र नें लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। मामले की जाँच करायी जायेगी।


जानकारी देती मरीज महिला

### बात करने पर सीएमओ ने नहीं उठाया फोन

अमृतपुर। जब इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार से बात करनी चाही, तो उनको फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठा। यह कोई पहला मामला नहीं है कि जब मुख्य चिकित्साधिकारी का फोन न उठा हो, इससे पूर्व भी दर्जनों बार खबरों को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन मुख्य चिकित्साधिकारी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। इससे जाहिर है कि सीएमओ अपने काम के प्रति कितने लापरवाह है।

# पुल की रेलिंग तोड़ते हुए रामगंगा में गिरा डंपर

- दो चालक घायल, जनपद शाहजहांपुर जा रहा था डंपर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामगंगा पुल पर ट्रक को बचाने में डंपर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ता हुआ रामगंगा में जा गिरा। इस दौरान दो चालक घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव उजरामऊ निवासी 35 वर्षीय धीरेंद्र पुत्र बलवीर अपने दोस्त चालक 27 वर्षीय सत्यम पुत्र विजय श्रीवास्तव गांव हथौड़ा थाना रौजा जिला शाहजहांपुर के साथ इटावा से डंपर लेकर शाहजहांपुर जा रहा था। जैसे ही चालक धीरेंद्र थाना राजेपुर क्षेत्र में रामगंगा पुल पर डंपर लेकर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाने में डंपर अनियंत्रित होकर ट्रेनिंग तोड़ता हुआ रामगंगा में जा गिरा।

स्थानीय लोगों की मदद से चालक धीरेंद्र और सत्यम को बाहर निकाला गया।

दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आकाश बंसल ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक धीरेंद्र और सत्यम को लाया गया है। दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।


रामगंगा में गिरा डंपर

# युवक ट्रैक्टर से गिरकर हुआ घायल, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना व कस्बा नवाबगंज निवासी 25 वर्षीय सानू पुत्र बृजेश ट्रैक्टर से शमशाबाद ढाईघाट गंगा तट पर गया हुआ था। युवक सानू उसी ट्रैक्टर पर बैठकर वापस नवाबगंज जा रहा था, तभी शमशाबाद के पास ही ट्रैक्टर ने ब्रेकर के पास ब्रेक लगाई। जिससे ट्रैक्टर पर बैठा युवक सानू ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने घायल युवक सानू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मामले पर बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक सानू को लाया गया है। हालत गंभीर है। भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।


सीएचसी में भर्ती घायल

# शहर के 11 निर्धारित मार्गों पर ही दौड़ेंगे 1100 ई-रिक्शा

- ट्रैफिक पुलिस ने तैयार किया रूट चार्ट, नगर पालिका को भेजी आख्या


सड़क पर दौड़ रहे ई-रिक्शा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर में बेतरतीब दौड़ने वाले ई-रिक्शा के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रुटचार्ट तैयार किया है। अब इन्हीं मार्गों पर ई-रिक्शा फर्राटा भरेंगे।

रुटचार्ट में गुरुगाँव देवी मन्दिर से तिकोना चौकी बजरिया मार्ग होते हुए तकिया नशरत शाह होते हुए रेलवे स्टेशन, काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया से टाउनहाल तिराहा तिकोना चौकी से बजरिया होते हुए नवाब दिलावरजंग पल्ला होते हुए महादेवी प्रतिमा के पास से रेलवे स्टेशन तक, रेलवे स्टेशन से चलकर आईटीआई चौराहा से लाल गेट फब्बारा से कादरी गेट तिराहा, रेलवे स्टेशन से रेलवे रेलवे रोड होते हुए चौक चौराहा नाला मछरटटा से साहबगंज चौराहे तक, रेलवे स्टेशन से से आईटीआई चौराहा लालगेट फब्बारा से होकर बस अड्डा लाल दरवाजा, टाउनहाल से पक्का पुल चौराहा गुदड़ी नाला से नाला मछरट्टा होते हुए साहबगंज चौराहा से कादरीगेट, रेलवे स्टेशन से आईटीआई चौराहे होते हुए श्याम नगर भोपतपट्टी से होते हुए सातनपुर मंडी मार्ग से सेंट्रल जेल तक, जसमई पुलिस चौकी से रेलवे स्टेशन से आईटीआई चौराहा, लाल गेट होकर बस अड्डे तक, रेलवे इस्टेशन से आईटीआई चौराहा, लाल गेट कादरी गेट तिराहा होते हुए पांचाल घाट, बस अड्डे लाल दरवाजे से बढ़पुर मन्दिर होते हुए आवास विकास लोहिया अस्पताल, बस अड्डे से लाल गेट फब्बारा होते हुए आईटीआई चौराहा, मदारबाड़ी नितगंजा तिराहा, घुमना व एसबीआई गली रेलवे रोड पर आकर चौक होकर चौक से पक्कापुल होते हुए टाउन हाल तक जायेंगे। यातायात प्रभारी रजनेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर नगर पालिका ईओ को भेजी गयी है। आख्या पर संस्तुति मिलते ही रुट व्यवस्था लागू कर दी जायेगी। जिससे जाम से निजात मिलेगी।


बरसात के पानी में मस्ती करते बच्चे

# गरज-चमक के साथ बरसे मेघा, बच्चों ने की मस्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते कई दिनों से बन रहे मेघों ने आज झमाझम वारिश की। हालांकि फर्रुखाबाद की अपेक्षा फतेहगढ़ में ज्यादा वारिश हुई। वहीं गर्मी से बेहाल बच्चों ने बरसात के पानी में जमकर मस्ती की। बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया।

जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से बादल बन रहे थे, लेकिन बरसात नहीं हो रही थी। बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे करीब एक से डेढ़ घंटा झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। इससे जहां लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली, वहीं बच्चों ने बरसात का जमकर लुत्फ उठाया और खूब मस्ती की। बरसात से कई नालियों का कचरा सड़क पर आ गया। शहर के निचले मोहल्लों में पानी भर गया। शाम तक बादल छाये रहे। रात में भी बरसात होने की सम्भावना जतायी जा रही है। वहीं इस बरसात से किसानों को भी फायदा हुआ है। वहीं बरसात ने बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर दी। बिजली हर 10 से 15 मिनट में ट्रिपिंग करती रही।

# वृक्षारोपण के लिए चलाया जाये जनजागरण अभियानः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 2024-25 में पौधरोपण पर चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अमृत सरोवरों पर सरोवर की पटरी छोड़कर छोटे से बड़े के क्रम में तीन लाइनों में वृक्षारोपण करें। सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष अपनी मांग पोधों के अनुसार डीएफओ को उपलब्ध करा दें। 01 से 07 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है।

सभी विभागों के अधिकारियों के द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लगाये गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। सभी स्कूलों में बच्चों व कार्यालयों में कर्मचारियों को पौधों को गोद दिया जाये। इस वर्ष 3709240 पौधे लगाने का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है। इस वर्ष पौधरोपण की थीम पेड़ लगाओ, पेड़ बचायो व माँ के नाम एक वृक्ष होगी।

परिवहन, रेलवे, रक्षा व वित्त विभाग द्वारा अभी तक कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं की गई है। जिलाधिकारी द्वारा कल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये व जनजागरण अभियान चलाया जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंगा किनारों व गंगा घाटों पर प्रदूषण न फैले। इसके लिए नियमित रूप से भ्रमण कर मॉनिटरिंग की जाये। जनपद में चल रहे छापेखानों में कितने का पानी गंगा नदी में जा रहा है इसकी सूचना जीएम डीआईसीडीएफ ओ को उपलब्ध कराएं। जिले के बड़े स्नान घाटों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश डीपीओ जिला गंगा समिति को दिए गए। इस अवसर पर डीएओएसीएमओ, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते जिलाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव दारापुर निवासी नितेश उम्र 24 वार्षीय पुत्र शिवराज बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज की ओर आ रहा था। रास्ते में बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससें बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है।

### पत्नी घर नहीं आयी, तो युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पत्नी के घर जाने से मना करने पर पति ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी अनिल का दो दिन पूर्व पत्नी सर्वेश कुमारी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। अनिल ने शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर दी। महिला पति से नाराज होकर कंपिल के गांव निजामुद्दीनपुर स्थित बहनोई दुर्विजय के घर चली आयी। बुधवार सुबह अनिल पत्नी को घर ले जाने के लिए दुर्विजय के घर आया। महिला ने उसके साथ जाने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर अनिल ने गांव से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित बाग में आम के पेड़ पर साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। खेत पर काम करने गए ग्रामीणों ने शव लटका देख मामले की सूचना स्वजनों को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। शव देख स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक हलवाई का काम करता था। मृतक के दो पुत्र विपिन, पवन, तीन पुत्रियां स्नेहा सुभि व आकांक्षा हैं। मृतक दो भाईयों में सबसे बड़ा था। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### पुत्र ने पिता को किया घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव बरखेड़ा निवासी जवाहर लाल ने दी तहरीर में बताया कि उनके दो पुत्र हैं। दोनों के बीच जमीन का बंटवारा कर दिया है। इसके बाद भी छोटा बेटा मोहित आए दिन गाली-गलौज करता रहता है। छः दिन पूर्व जवाहरलाल अपनी नातिन व पत्नी के साथ घर के दरवाजे पर बैठे थे। उसी समय मोहित आया और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। विरोध करने पर टकोरा मारकर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव भरमई निवासी नेमवती उम्र 28 वर्षीय पत्नी सुरेन्द्र कुमार की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### युवक ने गृहकलह के चलते पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नई वस्ती निवासी भानू उम्र 35 वर्षीय पुत्र महेश ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### करंट लगने से महिला की हालत बिगड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव छतरई निवासी रागिनी (28) पत्नी इन्द्रेश कुमार को घर पर करंट लग गया और वह गिरकर अचेत हो गयी। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहां उसका उपचार जारी है।

# मेरी लाज जूही शाह बाबा उम्र भर निभाना


फातिहा पढ़ते अकीदतमंद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

हजरत बाबा जूही शाह का 66 व उर्स बड़े हर्षोल्लास के साथ कुल होने के साथ मुकम्मल हो गया। यह उर्स 25 जून से 27 जून तक चलेगा। जिसमें आए बाहर से मशहूर कब्बालों ने अकीकदमंदों के बीच छटा बिखेरी।

हजरत जूही शाह बाबा के उर्स में दूसरे दिन मंगलवार को नगर के नई बस्ती रोड स्थित ताडसा बाबा गागर नादर जुलूस शाम 4.00 बजे पहुंचा। 4.00 से 5.00 तक बाबा के दरबार में चादरपोशी की गई और तावररूक तकसीम किया गया। इसके बाद जूही शाह बाबा की दरगाह पर बाद नमाज इशा कव्वाली का प्रोग्राम महफिले शमा का आयोजन किया गया।

शमशाबाद के मंसूर मतलूब महारूफ कव्वालों ने अपने कलाम पेश करते हुए कहा सरला मकां से तलब हुई और बेखुद किए देते हैं अंदाज हिजाबाना आ दिल में तुझे रख लूं। अलीगढ़ के कव्वाल शमीम अनवर ने आईना बनकर तेरे सामने आया हूं। और आसिफ सुल्तानी कव्वाल ने सरकार आए और इमाम हुसैन का वाक्या सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। पीरतरीकत खलीफा हुजूर सैयद अतीक मियां के जानसीन सैयद अतीक मियां व सज्जादा नसीन मुशीर अहमद कादरी व उनके मुरीदीन रात भर कव्वालों को इनाम इकराम से हौसलाआफजाई करते रहे। तीसरे दिन बुधवार को 1.00 बजे कुल होकर उर्स का समापन कर दिया गया। इस मौके पर डॉ अरशद मंसूरी, दिनेश बाजपेई,धनेश गौड़, तौहीद, तमहीद, शैलू वर्मा, जमीर अहमद, बब्बन, हरिओम, शिवकांत मिश्रा, मुन्ना वर्मा, आसिफ मंसूरी, सनी याद, नफीस, मुकीम, आमिर, आसिफ, पप्पू गंगवार, दीपक गुप्ता, सुमित पांडेए, जयवीर शाक्य, मिराज, प्रवेश यादव आदि भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# ससुराल में आए युवक ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या का किया प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला मैनपुरी थाना बिछ्वा क्षेत्र के गांव ऊबरीखेड़ा निवासी अनुज सक्सेना की 8 साल पहले थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव अठसैनी पहाड़पुर निवासी मंगूलाल की पुत्री संगीता से शादी हुई थी। अनुज पत्नी संगीता के साथ मारपीट करता था। इसलिए पत्नी संगीता अपने बच्चों को लेकर मायके में रह रही थी।

अनुज सक्सेना 12 दिन पहले ससुराल में ही रुका हुआ था। ससुर मांगूलाल ने बताया कि दामाद अनुज सक्सेना ने कहा था मेरी पत्नी संगीता को मेरे साथ भेज दो अपने साथ ले जाएंगे नहीं तो ससुराल में इसी चौखट पर प्राण त्याग देंगे, तभी देर रात अनुज सक्सेना ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसमें अनुज सक्सेना गंभीर रूप से झुलस गया। ससुराल वालों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी सूचना पर पुलिस ने गांव में जाकर जांच पड़ताल की है। अनुज सक्सेना को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि आग से झुलसे युवक अनुज सक्सेना को लाया गया है। हालत गंभीर होने पर वर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।


वर्न वार्ड में भर्ती मरीज

# करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** टिल्लू पम्प का प्लग लगाते समय महिला को करंट लग गया। स्वजन आनन फानन में महिला को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे।

गांव भटमई निवासी सुरेंद्र कुमार की 38 वर्षीय पत्नी नामवती बुधवार दोपहर कपड़े धोने के लिए घर में लगे टिल्लू पम्प का प्लग लगा रही थी। उसी समय महिला को करंट लग गया। महिला गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़ी। स्वजन आनन-फानन में महिला को सीएचसी कायमगंज ले गए।

जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। शव घर पहुचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के दो पुत्र सुमित व नवनीत हैं।

# विहिप बजरंग दल के शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बांटी दवाइयां


शिविर में दवाई वितरित करती चिकित्सीय टीम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा सप्ताह शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर में किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह शिविर में सीएचसी शमसाबाद की स्वाथ्य टीम पहुंची। इस दौरान टीम ने कैंप लगाकर मरीजों को देखकर दवाइयां वितरित कीं। दवाई का इस्तेमाल किस प्रकार करना है, आदि की पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। शिविर में सैकड़ों की संख्या में दवाई लेने के लिए मरीज पहुंचे। इस मौके पर ग्राम प्रधान सहित स्वास्थ्य टीम, विश्व हिंदू बजरंग दल नगर मातृ शक्ति संयोजिका सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बताते चलें कि शिविर 24 जून को शुरु हुआ था। जो 30 जून तक चलेगा। बताते चलें कि संक्रामक बीमारियों के चलते पदाधिकारियों ने सीएमओ को पत्र सौंपकर स्वास्थ्य टीम भेजने की मांग की थी।

# सतो, रजो एवं तमो गुणों का परित्याग करने वाला ही परम वैरागी : पं. सुनील महाराज

- श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने जयकारे लगाकर पुष्प वर्षा के मध्य जमकर नृत्य किया और भगवान श्रीकृष्ण-राधा के साथ गुलाल लगाकर होली खेली।

गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में आयोजित श्रीमद् भागवत प्रवचन समारोह के समापन अवसर पर नैमिषारण्य से पधारे गीता भागवत मर्मज्ञ पंडित सुनील महाराज ने रामायण की चौपाई तृण सम सिद्धि तीन गुण त्यागी, कहिय तात सोई परम विरागी की व्याख्या करते हुए कहा कि सतो, रजो एवं तमो गुणों का परित्याग करने वाला ही परम वैरागी होता है और जो वैरागी होता है वही योगी कहलाता है। बाल योगेश्वर श्री कृष्ण भगवान की लीलाओं एवं सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर आचार्य पंडित सुनील महाराज ने श्रोता भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मित्र धर्म को निभाना सुदामा चरित्र से सीखना चाहिए। आचार्य ने कहा कि जो अपनी परीक्षा, संत की समीक्षा और भगवान की प्रतीक्षा करता है उसका कल्याण हो जाता है। आचार्य पंडित अशोक शुक्ला ने कहा कि माता, पिता की सेवा, चारों धामों की यात्रा से बड़ी है।

माता पिता व्यक्ति के लिए भगवान स्वरुप ही हैं। प्रस्तुत भजन गोविन्द मेरो है गोपाल मेरो है श्री बांके बिहारी नन्दलाल मेरो है पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जमकर नृत्य किया तथा जयकारे लगाये।

मुख्य यजमान मूकबधिर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज सक्सेना व उनक धर्म पत्नी अलका सक्सेना रहे। उन्होंने साधु संतों का स्वागत सत्कार किया। दण्डी स्वामी जगदेव महाराज के सानिध्य में आयोजित भागवत समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रमला राठौर, सभासद अनिल तिवारी, संजीव सिंह राठौर, अंकुर दुबे, प्रदीप चौहान, निशीत सक्सेना, सुनीला तिवारी, आचार्य विष्णु दयाल दीक्षित ने व्यवस्था संभाली।


भागवत कथा की अमृत वर्षा करते पंडित सुनील महाराज

# इग्नू के सहायक निदेशक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

▸ नशा निरोधक दिवस पर नशा मुक्ति की दिलायी शपथ



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते सहायक निदेशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के सहायक निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने बुधवार को डीएन कालेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू केंद्र पर चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में परीक्षार्थियों एवं स्टॉफ के साथ नशा मुक्ति संबंधित शपथ दिलायी। उन्होंने दोनों पालियों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और नकल मुक्त वातावरण की सराहना की। कीर्ति विक्रम सिंह ने बताया कि लखनऊ ने पिछले लगभग 36 वर्षों से प्रगति की है। मुक्त एवं दूरस्त शिक्षा प्रणाली के माध्यम द्वारा 300 से अधिक पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा संचालित किये जा रहे है। परास्नातक डिग्री, स्नातक डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स सम्मलित है। डीएन कालेज फतेहगढ़ पर हिन्दी, अंग्रेजी, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास एवं अर्थशास्त्र एवं समाज शास्त्र, एमए, एम काम, एमएसडब्लू, बीए, बी-कॉम, बीबीए, बीएसडब्लू जैसे डिप्लोमा, भोजन एवं पोषण प्रमाण पत्र तथा प्राथमिक विद्यालय गणित के प्रमाण उपक्रम उपलब्ध है। जुलाई में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। अभ्यार्थियों को अपना फार्म ऑनलाइन भरना है। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत विद्यार्थी दो डिग्री कोर्स एकसाथ कर सकते है। इनमें एक फेस-टू-फेस, मोड में तथा इग्नू की दूरस्त शिक्षा के माध्यम से कर सकते है। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार तिवारी इग्नू की प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग पद्धति के बारे में बताया कि 30 जून तक आप ऑन लाइन फार्म भर सकते है। इस दौरान डॉ. रामनरेश सिंह, विनय बाथम, प्रियांशु सिन्हा, सरस पाठक, शीतल, आशुतोष पाण्डेय, आदित्य कुमार, रणवीर सिंह, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

# काटे जा रहे बिजली कनेक्शनों के विरोध में भाकियू नेताओं ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**



धरने पर बैठे भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन (भानू) द्वारा बिजली विभाग राजेपुर का घेराव किया गया। किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई। किसान यूनियन ने गर्मी को देखते हुए बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए काटे जा रहे कनेक्शन के खिलाफ धरना देकर एसडीओ को बुलाया।

साथ ही जेई ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया। भाकियू नेताओं ने किसानों की समस्या को देखते हुए आरोप लगाया कि बिजली विभाग द्वारा भीषण गर्मी में कनेक्शन काटे जा रहे है। ना कि समस्या का समाधान किया जा रहा है। भाकियू संगठन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए धरना देकर राजेपुर पावर हाउस का घेराव किया। घेराव का नेतृत्व युवा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ बबलू व नेत्रपाल सिंह ने किया। बिजली विभाग के एसडीओ व जेई को बुलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया गया एवं चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि गर्मी को देखते हुए कनेक्शन न काटे जाये। बीच-बीच में थोड़ा-थोड़ा बिल जमा करने की राहत दी जाये। इस मौके पर मेघराज सिंह सोमवंशी, शिवपाल सिंह, विपिन सिंह, गंगा विष्णु पंडित, सामंत सिंह, आकाश सिंह राठौड़, मनजीत सिंह मोनू, शिवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जिस रूट से निकले ताजिए उसी रूट की विद्युत आपूर्ति हो बंद

**जालौन, उरई।** ताजिए निकलने के दौरान पूरे नगर की बिजली बंद कर दी जाती है। जिससे नगर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ताजिया व छड़ निकालने के दौरान समय भी अधिक कर लिया जाता है। नगर के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित समय में ही ताजिया और अलम का जुलूस निकालने एवं जिस रूट पर ताजिए हों उस फीडर की बिजली बंद करने एवं ताजिए निकलने के बाद फीडर को चालू करने की मांग की है। नगर के अशफाक राईन, कमाल उद्दीन, वसीउर्रहमान, बृजमोहन कुशवाहा, चंद्रकिशोर द्विवेदी, शैकीन राईन, अमरचंद्र, भगवानदास तिवारी आदि ने एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मोहर्रम का महीना शुरू हो चुका है।

# डीएम ने ली शादी अनुदान योजना स्वीकृति समिति की बैठक



शादी अनुदान योजना समिति की बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 1199 लोगों को अनुदान का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष 600 की धनराशि प्राप्त हो गई है।

01 अप्रैल से आवेदन पोर्टल पर शुरू हो गये है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी खंड विकास अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि शासनादेश के अनुसार समस्त आवेदनों की जांच करा ली जाये, कोई भी पात्र छूटे नहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सभी आवेदन को क्रॉस चेक कर ले। अगली बैठक में आवेदित हर पात्र-अपात्र आवेदन की डिटेल प्रस्तुत की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जन प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



डीएन कालेज में वृक्षारोपण करते सहायक निदेशक कीर्ति विक्रम सिंह

## सहायक निदेशक ने डीएन कालेज में किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय में लखनऊ से इग्नू सहायक निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इग्नू अध्यारत्न केंद्र के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार तिवारी के निर्देशन में वृक्षारोपण हुआ। विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में भाग लिया। डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा कि प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए वृक्षारोपण करें। पौधों से हमें वातावरण शुद्ध व जलवायु मिलती है। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पौधे लगाये। उन्होंने पर्यावरण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. रामनरेश सिंह, विनय बाथम, प्रियांशु सिन्हा, सरस पाठक, शीतल, आशुतोष पाण्डेय, आदित्य कुमार, रणवीर सिंह, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने शाहू जी महाराज की मनायी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शाहू जी महाराज की जयंती मनाते शिक्षक

शाहू जी महाराज की जयंती कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय टिलिया में मनायी गई। प्रधानाध्यापक विनोद गंगवार की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

उन्होंने कहा कि शाहू जी महाराज का जन्म कोलापुर जिले के कागल गांव के घाटगे शाही मराठा परिवार में 26 जून 1874 को जयश्रीराव और राधाबाई के यहां यशवन्तराव घाटगे के रुप में हुआ।

जयसिंह राव घाटगे गांव के प्रमुख थे। दस साल की उम्र में उनकी शिक्षा उनके पिता द्वारा पर्यवेक्षित की गई। वह कोलापुर रियासत राज्य के राजा शिवाजी चतुर्थ की विधवा रानी आनंदी बाई ने अपनाया था। उनका जोर शिक्षा पर था। उन्होंने विभिन्न छात्रावास स्थापित किये। पिछड़ी जातियों के गरीब और मेधावियों के लिए छात्रवृत्ति पेश की। वैदिक स्कूलों की स्थापना की। 1916 में उन्होंने निपानी में दक्कन रायट एसोसिएशन की स्थापना की। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विचार रखे।

# पूर्व प्रधानाचार्य ओमदत्त द्विवेदी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ स्व. द्विवेदी के निधन पर शिक्षक समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बतायी उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला

अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन संस्था के संरक्षक ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री के ब्रह्मपुरी स्थित आवास पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओमदत्त द्विवेदी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

स्व0 द्विवेदी के निधन पर शिक्षक समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बतायी। उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। उनकी सेवा व योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता राममुरारी शुक्ला ने की। संचालन मुन्नू सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र, वीके श्रीमाली, रामनिवास अग्निहोत्री, राजेश निराला, आलोक शंकर दुबे, रामाधार पाण्डेय, शीलचन्द्र पाण्डेय, उमेश चन्द्र गंगवार आदि सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।

# सफाई मजदूर संघ ने मांगों को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन




नगर पालिका परिषद के बाहर विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि के नेतृत्व में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बैकलाक संविदा ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाये। ठेका सफाई कर्मचारियों का शासनादेश के तहत 410 का भुगतान बोर्ड प्रस्ताव के माध्यम से कराने के आदेश किये जाये। संविदा सफाई कर्मचारियों का 1 जनवरी 2024 देय जुलाई 2024 के वेतन किश्त लगाने व 1 जनवरी से 5 माह का एरियर भुगतान करने का आदेश दिया जाये। स्थानीय सफाई कर्मचारियों का समय मान वेतन मान का लाभ 10.16 एवं 26 वर्ष में प्रदान किया जाये। जिन सफाई कर्मचारियों का समय मान वेतनमान वेतन नहीं लगाया गया, उसे तत्काल लगाया जाये। वहीं दूसरे ज्ञापन में दर्शाया कि नगर पालिका के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की तैनाती हुई है। तब से उनके द्वारा कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार अभी तक मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा बैकलाक सफाई कर्मचारियों को वार्डों में नहीं भेजा गया था। जिससे यह प्रतीत होता है कि मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के द्वार बैकलाक सफाई कर्मचारियों से प्रतिमाह धन उगाही की जा रही है। मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया जाये कि वह तत्काल बैकलाक कर्मचारियों को वार्डों में भेजे, ऐसा न हुआ तो संगठन द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस मौके पर नीरज बाल्मीकि, नंदकिशोर, रामलखन, अजय, राधेश्याम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूसा मण्डी में कूड़े के ढेर में मरी पड़ी बछिया, क्षेत्र में फैली बदबू



कूड़े के ढेर में पड़ी मरी बछिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला भूसामण्डी में तीन दिन से कूड़े के ढेर में मरी गाय की बछिया पड़ी है। स्थानीय लोग बदबू के कारण परेशान है। सफाई नायक रणवीर, काऊ हेल्प डेस्क प्रभारी सुनीता को इसकी सूचना दी गई। उसके बावजूद भी मरी हुई बछिया को उठाया नहीं गया। बदबू के कारण आसपास के लोग परेशान है। बारिश होने के कारण आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल गयी है। भूसा मण्डी के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण बदबू का दंश भूसा मण्डी के लोगों को झेलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। शीघ्र ही मरी हुई बछिया को नहीं उठाया गया तो नगर पालिका के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ शिकायत की जायेगी।

# आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में विद्यालय के विकास पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य

विद्या भारती पूर्वी भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दतिया गेट झांसी में चल रहे 10 दिवसीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के छठवें दिन बुधवार को जनपद फर्रुखाबाद के लोगों ने प्रशिक्षण वर्ग में आचार्यों की भूमिका एवं विद्यालय का विकास आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। क्षेत्रीय गणित प्रमुख संतोष ने आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के छठे दिन सैद्धांतिक सत्र में विद्यालय विकास में आचार्य की भूमिका के विषय पर कई जिलों से उपस्थित आचार्य प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विकास में शिक्षक का विशेष महत्व होता है। एक छात्र के विकास में शिक्षक के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। एक छात्र के जीवन में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अगले शैक्षिक सत्र में विजय प्रधानाचार्य द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा विषय पर प्रयोग सामग्री एवं गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को बहुत ही रोचक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ-साथ 8 जिलों से आए हुए वैदिक गणित संकुल प्रमुखों एवं सह संकुल प्रमुखों की बैठक प्रांतीय संगठन मंत्री रजनीश की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में संकुल प्रमुखों के साथ-साथ प्रांतीय वैदिक गणित प्रमुख आशीष दीक्षित एवं अतुल बाजपेई भी उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या कल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद मिश्र, प्रेमप्रकाश, भगवान सिंह सेंगर, शिवकरन, अजय कुमार दुबे, शिव सिंह, रत्नेश अवस्थी, राजबहादुर आदि मौजूद रहे।

# नीम करोरी मंदिर परिसर को पॉलीथिन मुक्त बनाने की विमल यादव ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



चौकी इंचार्ज को ज्ञापन सौंपते विमल यादव

कृष्ण वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव विमल यादव ने नीम करोरी मंदिर परिसर में पॉलीथिन को प्रतिबंधित करने की मांग की है। स्थानीय दुकानदार फूल व प्रसाद पॉलीथिन में बेंचते है।

ऐसे में मंदिर परिसर के पास बड़ी संख्या में पॉलीथिन पड़ी रहती है। जो पर्यावरण के साथ-साथ आसपास की जगह को प्रदूषित करती है।

मंदिर परिसर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए नीम करोरी मंदिर चौकी इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि दुकानदारों पर पॉलीथिन में सामान बेंचने पर प्रतिबंध लगाया जाये तो मंदिर परिसर में पॉलीथिन आदि कूड़ा करकट नहीं जमा होगा। इस कार्य की सभी लोगों ने सराहना की। उन्होंने अपने साथियों के साथ चौकी पहुंचकर चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र सौंपा। चौकी इंचार्ज ने आश्वासन दिया कि सभी दुकानदारों को बुलाकर बात रखी जायेगी।

उसके बाद नहीं माने तो कार्यवाही अमल में जायेगी। विमल यादव की इस मांग को लेकर आसपास क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की।

## देवनगर चौराहे पर महिला का गिरा पर्स सिपाही ने वापस लौटाया

**जालौन (उरई)।** गांव से अस्पताल दिखाने आई महिला का पर्स चौराहे पर गिर गया। महिला का पर्स पुलिसकर्मी को मिल गया। पुलिसकर्मी ने महिला को तलाश कर उसे पर्स वापस लौटा दिया है। पर्स पाकर महिला के चेहरे पर खुशी झलक आई। थाना रामपुरा के ग्राम धूता निवासी पूनम पत्नी अनिल कुमार बीमार चल रही थी। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे वह सीएचसी में इलाज के लिए आई थी। इसी दौरान उसका पर्स देवनगर चौराहे पर गिर गया। देव नगर चौराहे पर मौजूद पुलिस के जवान शिवेंद्र सिंह को महिला का पर्स मिल गया। महिला के पर्स में रुपयों के साथ अन्य सामान रखा था।

## जमीनी विवादों को निपटारा करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी: एसडीएम

**कालपी (जालौन)।** अब सुशील कुमार सिंह परगना के नये हाकिम होंगे। बुधवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर कामकाज भी शुरू कर दिया है। उप जिलाधिकारी के रूप में यहा तैनात हुए सुशील कुमार सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं है वर्ष 2023 में वह इस तहसील के तहसीलदार भी रह चुके हैं और यही तैनाती के दौरान ही एसडीएम के पद पर प्रोन्नत हुए थे।

विदित हो कि मंगलवार शाम जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिले में प्रशासनिक फेरबदल किया था जिसके तहत यहा पर तैनात हेमन्त पटेल को इसी पद पर उरई का उप जिलाधिकारी बनाया है और यहां पर सुशील कुमार सिंह को भेजा है।

# पहली ही बारिश में रोडवेज परिसर के गेट पर भरा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रोडवेज प्रांगण में भरा बरसात का पानी

पहली ही बारिश में रोडवेज परिसर में पानी भर गया। स्थानीय रेडी वाले ठेली लगाते थे। उस जगह पर पानी ही पानी दिखायी दिया। एक घंटे की बारिश में रोडवेज बस स्टैण्ड पर पानी जमा हो गया। पूर्व में बनाये गये रोडवेज बस स्टैण्ड पर फुटपाथ पर जब ब्रिक बिछाई गई तो जगह नीची जगह में पानी भर जाता था।

इसका ध्यान न रोडवेज के अधिकारियों ने दिया और न ही ठेकेदार ने। जिस कारण रोडवेज बस स्टैण्ड पर पानी भर जाता है। सवारियां को पानी में घुसकर बसों पर बैठने जाना पड़ रहा है। रोडवेज विभाग की लापरवाही के कारण इसका नुकसान सवारियों को उठाना पड़ता है। बच्चे भी पानी में घुसकर बस में बैठ पाते है। स्थानीय रेडी वाले भी उसी पानी में घुसकर अपनी ठेली लगाते है। पहली बारिश में ही रोडवेज के मुख्य द्वार पर पानी ही पानी दिखायी दिया।

# चार खाद्य कारोबारियों का हुआ चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच करती टीम

अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विक्रय व भण्डारण करने पर तथा बिना पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने पाये जाने पर चार खाद्य कारोबारियों का चालान कर दिया गया।

आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम व खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से डीएम के निर्देश पर 25 जून व 26 जून को सहायक आयुक्त (खाद्य) सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार व डॉ. शैलेन्द्र रावत ने छापेमारी अभियान चलाया था। टीम ने फर्रुखाबाद स्थित स्टेट बैंक के पास सूरज पाल पुत्र हरपाल को बिना पंजीकरण किये खाद्य कारोबार करते पाये जाने पर तथा अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विक्रय/भण्डारण करने के कारण एफएसडीए एक्ट 2006 की धारा-56 के अन्तर्गत चालान की संस्तुति की गई। आवास विकास स्थित नीलकंठ स्वीट्स के पास राजेन्द्र कुमार पुत्र देवीदयाल को बिना पंजीकरण किये खाद्य कारोबार करते पाये जाने पर तथा अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विक्रय/भण्डारण/विनिर्माण करने के कारण एफएसडीए एक्ट 2006 की धारा 58 व धारा-56 के अन्तर्गत चालान की संस्तुति की गई।

आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल के गेट के पास राहुल सक्सेना पुत्र प्रेमचन्द्र सक्सेना व प्रमोद पुत्र होतेलाल को अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विक्रय/भण्डारण/ विनिर्माण करने के कारण एफएसडीए एक्ट 2006 की धारा-56 के अन्तर्गत चालान की संस्तुति की गई।

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे ट्रेविस हेड, सूर्यकुमार को छोड़ा पीछे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ते हुए बुधवार को जारी टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, आईसीसी पुरुष टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में एक नया नंबर एक खिलाड़ी आ गया है, भारत के सूर्यकुमार यादव लंबे समय तक शीर्ष पर बने रहने के बाद दूसरे स्थान से खिसक गए हैं। भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार दिसंबर 2023 से पुरुषों की टी-20आई रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहे। लेकिन टी-20 विश्व कप 2024 में हेड के प्रदर्शन ने उन्हें नंबर एक स्थान हासिल करने में मदद की।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड ने टी20 विश्व कप 2024 के अपने आखिरी सुपर आठ मैच में भारत के खिलाफ 76 रनों की पारी खेली। हालांकि, हेड का यह प्रयास बेकार गया और ऑस्ट्रेलिया को भारत से 24 रनों से हार का सामना करना पड़ारैंकिंग में सूर्यकुमार यादव दूसरे, इंग्लैंड के फिल साल्ट तीसरे, पाकिस्तान के बाबर आजम चौथे और मोहम्मद रिजवान पांचवें स्थान पर खिसक गए।


## इंग्लैंड के खिलाफ सेमी फाइनल मुकाबले से पहले गुयाना पहुंची टीम इंडिया

**जॉर्जटाउन।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मैच से पहले बुधवार को गुयाना पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक छोटी सी क्लिप शेयर की, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, स्पिनर अक्षर पटेल और अन्य खिलाड़ी सेमीफाइनल मैच से पहले गुयाना पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रशंसकों के एक समूह ने मेन इन ब्लू का स्वागत किया। बीसीसीआई ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए गुयाना पहुंच गई है।

# जम्मू-कश्मीर के पर्यटन उद्योग में बड़े पैमाने पर आया बदलाव

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि पिछले साल श्रीनगर में हुई सफल और शांतिपूर्ण जी-2 कार्य समूह की बैठक यूटी की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने और एक समय संघर्षरत पर्यटन उद्योग से दाग हटाने में महत्वपूर्ण मोड़ थी।



उन्होंने कहा कि जी-20 बैठक के बाद विदेशी और घरेलू पर्यटक बड़ी संख्या में जम्मू-कश्मीर आने लगे। प्रसिद्ध डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर पर्यटन विकास सम्मेलन-2024 को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर के पर्यटन उद्योग में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है।

उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के एक समय बीमार पर्यटन क्षेत्र को वास्तविक बढ़ावा देने के लिए पिछले साल श्रीनगर में हुई सफल और शांतिपूर्ण जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक महत्वपूर्ण मोड़ थी। यहां कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वाले लोग जम्मू-कश्मीर के पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में जी-20 वर्किंग ग्रुप की बैठक के बाद विदेशी और घरेलू पर्यटकों के आगमन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले साल श्रीनगर में पर्यटन कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वालों ने कश्मीर की मेहमाननवाजी और सुंदरता की बहुत प्रशंसा की थी।

उन्होंने जो बातें फैलाईं, उसका नतीजा हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि भले ही पर्यटन क्षेत्र जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में योगदान देता है, लेकिन कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भी यूटी की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए रोजगार पैदा करने की बहुत बड़ी क्षमता है। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि मैं कुछ युवाओं से मिला, जिन्होंने अपनी सरकारी नौकरी बीच में ही छोड़ दी और कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में अपना भविष्य संवार दिया। उन्होंने कहा कि आज वे दर्जनों अन्य युवाओं को भी रोजगार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्मित टैटू ग्राउंड की वजह से श्रीनगर जल्द ही लाखों पर्यटकों की मेजबानी करेगा।

श्रीनगर के पोलो व्यू के बारे में एलजी ने कहा कि उन्होंने बाजार के दुकानदारों से मुलाकात की और उन्हें पता चला कि पर्यटकों की भीड़ के कारण उनका कारोबार तीन गुना बढ़ गया है। उपराज्यपाल ने बैठक में भाग लेने वालों और हितधारकों से आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, ग्रीष्मकालीन पर्यटन, इको-पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, बर्ड वॉचिंग और कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक रोड मैप के साथ आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत में 130 मिलियन डॉलर का विवाह उद्योग है और जम्मू-कश्मीर सबसे अच्छा विवाह स्थल है। मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर को इस विशाल उद्योग से अपना हिस्सा मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा की तुलना में जम्मू-कश्मीर को सबसे सस्ती बिजली मिल रही है।

# लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और तपस्या को कभी भुलाया नहीं जा सकता : साय

एजेंसी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बुधवार को अपने निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री साय को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को मुख्यमंत्री निवास में सपरिवार आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है। हमारा यह दायित्व है कि एक पीढ़ी की कुर्बानी और संघर्ष की कहानी का क्रम अगली पीढ़ी तक बना रहे। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने अपने सम्बोधन में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब हम सड़कों पर निकलते थे, तो लोग मुंह फेर लेते थे। लोग बात करने से कतराते थे।

### लोकतंत्र को बचाने के लिए सेनानियों ने कष्ट उठाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) ने काफी कष्ट उठाया, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए, जहां उनके साथ बर्बरता की गई, उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया था। जिन परिवारों में कमाने वाले जेल गए ऐसे कई परिवार बरबाद हो गए। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे हैं। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उनका त्याग बहुत बड़ा है।

# डॉक्टरों की टीम ने लेजर तकनीक से कराया स्वस्थ बच्चे का जन्म

**मोनोकोरियोनिक जुड़वा बच्चों के भ्रूण से अविकसित भ्रूण को किया अलग**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स, लखनऊ के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करते हुए जटिल जुड़वा गर्भावस्था की समस्या का समाधान लेज़र तकनीक का उपयोग करके किया है। डॉक्टरों ने 36 वर्षीय महिला के गर्भ में पल रहे मोनोकोरियोनिक जुड़वा बच्चों के भ्रूण में से अविकसित भ्रूण को लेजर तकनीक द्वारा अलग कर स्वस्थ बच्चे को जन्म देने का मार्ग प्रशस्त किया। इस महिला का पूर्व में पांच बार गर्भपात हो चुका था। यह जटिल प्रक्रिया डॉ. प्रतिमा राधाकृष्णन, फीटल मेडिसिन एक्सपर्ट, बेंगलुरु के कुशल मार्गदर्शन में डॉ. अदिति अग्रवाल, निदेशक भ्रूण चिकित्सा, शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स द्वारा पूरी की गई।

इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने वाली डॉ. अदिति अग्रवाल, डायरेक्टर फीटल मेडिसिन, शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स, लखनऊ ने बताया, दुर्भाग्य से, महिला के गर्भ में विकसित हो रहे जुड़वा भ्रूण में से एक भ्रूण बिना सिर के विकसित हो रहा था, इस स्थिति को मेडिकल साइंस में अक्रेनिया कहते हैं। उन्होंने बताया, इस जटिल स्थिति का समाधान करने के लिए, हमने लेज़र तकनीक का उपयोग करके असामान्य भ्रूण को अलग करने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में लेज़र बीम का उपयोग करके अविकसित भ्रूण को रक्त आपूर्ति करने वाली नसों को बंद कर दिया गया। यह एक दुर्लभ मामला था। डॉ. प्रतिमा राधाकृष्णन ने कहा, मोनोकोरियोनिक जुड़वां एक ही प्लेसेंटा को साझा करते हैं और इस कारण से कुछ जटिलताएं हो सकती हैं। ये संरचनात्मक रूप से सामान्य भ्रूण होते हैं। फीटोस्कोपिक लेजर और इंटरस्टिशियल लेजर इन जटिलताओं को हल करने में मदद कर सकते हैं और एक स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित कर सकते हैं। हर भ्रूण का जीने का अधिकार होता है और उन्हें निश्चित रूप से एक मौका दिया जाना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### पाकिस्तान में लू से 25 लोगों की मौत, हजारों बीमार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में पिछले तीन दिन में भीषण गर्मी के दौरान लू लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी और हजारों लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव दल और स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी है। चिकित्सकों ने बताया कि तेज गर्मी के कारण कई मरीजों के शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) हो गयी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। स्थानीय मीडिया ने अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों से पहले से पीड़ित कुछ लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में रखा जा रहा है। पाकिस्तान के मौसम विभाग के अनुसार, पिछले तीन दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका मुख्य कारण शहर में समुद्री हवा का रुक जाना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार शाम को कराची में समुद्री हवाएं फिर से चलेंगी, जिससे तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी।

### स्टेट बैंक ने बॉन्ड के माध्यम से जुटाए 10 हजार करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** देश और सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉन्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। बैंक ने यह राशि 7.36 फीसदी की देय कूपन दर पर जुटाई है।एसबीआई ने बुधवार को नियामक फाइलिंग में बताया कि उन्होंने बॉन्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। बैंक ने बताया कि कुल 19,884 करोड़ रुपये से अधिक की 143 बोलियां मिली हैं। इसमें निवेश करने वाले निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स क्षेत्र से थे। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्जदाता बैंक के मुताबिक ये बॉन्ड इंफ्रा प्रोजेक्ट में फंडिंग के लिए जारी किया गया है। एसबीआई के मुताबिक सालाना 7.36 फीसदी की देय कूपन रेट पर ये बॉन्ड जारी किया गया है। बैंक के मुताबिक इसमें 5 हजार करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले करीब चार गुना अधिक अभिदान मिला है। इसको निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बैंक ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### प्रतिबंधित बिट क्वाइन से 6 करोड़ से अधिक का कारोबार

**काठमांडू।** नेपाल में प्रतिबंधित क्रिप्टो करेंसी बिट क्वाइन से 6 करोड़ से अधिक का कारोबार करने वाले एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस एसपी नवराज अधिकारी ने बताया कि नेपाल पुलिस के विशेष ब्यूरो की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर छापा मार कर बिट क्वीन के कारोबारी भारतीय नागरिक बिहार के पूर्वी चम्पारण जिला निवासी 38 वर्षीय निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया है। वह काठमांडू के ब्रह्मचौक में प्रतीक इंटरप्राइजेज नाम से एक दफ्तर खोल कर बिट क्वाइन का कारोबार कर रहा था। ब्यूरो के एसपी अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान उसके पास से 20 लाख रुपये नकद बरामद किये गए हैं। उन्होंने बताया कि बरामद दस्तावेज से यह भी पता लगा है कि इस दफ्तर से प्रतिबंधित क्रिप्टो करेंसी के जरिए 6 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया गया है।

### पाक में आतंकी संगठन टीटीपी के दो कमांडर गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी संघीय कैबिनेट के ऑपरेशन आज्म-ए-इस्तेहकम को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में जारी आतंकवादी गतिविधियों में पड़ोसी मुल्क भारत का हाथ है। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने बुधवार को क्वेटा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों नसरुल्ला उर्फ मौलवी मंसूर और इदरीस उर्फ इरशाद को गिरफ्तार किये जाने की घोषणा की। बलूचिस्तान के गृहमंत्री लैंगोव ने कहा कि आतंकवादी नसरुल्ला और इदरीस को मुश्किल अभियान के बाद गिरफ्तार किया जा सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) भारत के हाथों खेल रहे हैं। दोनों पड़ोसी मुल्क के इशारे पर पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### दो सरकारी अस्पतालों में दलाल गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के दो बड़े सरकारी अस्पतालों में लम्बे समय से सक्रिय दलाल गिरोह का पर्दाफाश बुधवार को पुलिस ने किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसएसकेएम और कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को भर्ती कराने और अन्य चिकित्सकीय सुविधायें प्राप्त करने के लिये दलालों द्वारा मोटी रकम लिये जाने की कई शिकायतें मिली थी। इसी आधार पर बुधवार को भवानीपुर और बउबाजार थाने की पुलिस ने एक साथ एसएसकेएम और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया।भवानीपुर थाने की पुलिस ने एसएसकेएम परिसर से सचिन सरदार, बंटी प्रसाद और राकेश मल्लिक को गिरफ्तार किया। वहीं, बउबाजार पुलिस ने मेडिकल कॉलेज परिसर से कृष्णा पंडित और उत्पल दास नामक शख्स को गिरफ्तार किया।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी, सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.80 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार में शेयर बाजार अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा और फिर आज के कारोबार का अंत भी क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड के साथ हुआ। दिन के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के अलावा बाकी पूरे समय शेयर बाजार लगातार हरे निशान में बना रहा। आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही टेक और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई।

# नी रिप्लेसमेंट रोबॉट मीसो से घुटना प्रत्यारोपण में आएगी क्रांति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मेरिल ने, नी रिप्लेसमेंट रोबॉट मीसो को लॉन्च करके भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। यह रोबॉट मेड इन इंडिया है ये तकनीक रोबोटिक सर्जरी में एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारत की ताकत को दर्शाती है।




मेरिल के हेड ऑफ मार्केटिंग, इंडिया एंड ग्लोबल मनीष देशमुख ने कहा, 'मेरिल को मिसो की लॉन्चिंग करते हुए खुशी हो रही है। इसमें भारत में रोबोटिक तरीके से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की क्षमता है। पिछले 20-25 साल में ऑस्टियोआर्थराइटिस के प्रति संवेदनशील लोगों की संख्या करीब 2.3 करोड़ से बढ़कर 6.2 करोड़ पर पहुंच गई है। दिल से जुड़ी बीमारियों के बाद ये भारत में दूसरी सबसे बड़ी डिजीज मॉडेलिटी हो गई है। घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की वास्तविक आवश्यकता और घुटना प्रत्यारोपण के लिए होने वाली कुल सर्जरी के बीच के अंतर को पाटने में रोबोटिक सर्जरी से मदद मिल सकती है। वर्तमान समय में भारत में रोबोटिक सर्जरी की लागत बहुत बड़ी चुनौती है। मीसो रोबॉट रियल टाइम डेटा को सर्जिकल प्लानिंग के साथ इंटीग्रेटेड करने की क्षमता रखता है। एडवांस्ड इमेजिंग और थ्रीडी मॉडलिंग के जरिए यह रोबॉट सर्जन्स को प्रीऑपरेटिव प्लानिंग और इंट्राऑपरेटिव प्लानिंग में मदद करता है। यह सुनिश्चित करता है कि हर एक सर्जरी को पूरी सटीकता के साथ अंजाम दिया जाए ताकि नी इम्पालंटेशन में, अलाइनमेंट और पोजिशनिंग बिल्कुल सही बैठे। मीसो की यही सटीकता बदले जाने वाले घुटने की ड्यूरेबिलिटी को बढ़ाएगा।

# आपातकाल पर लोकसभा अध्यक्ष का प्रस्ताव का सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान : शाह

**नागरिकों के अधिकार नष्ट कर छीन ली गई थी उनकी आजादी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1975 के आपातकाल पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे कांग्रेस सरकार के दमन और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष का सम्मान करार दिया।

अमित शाह ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि आज लोकसभा में 1975 के आपातकाल के विरुद्ध प्रस्ताव रखकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाबा साहब आम्बेडकर के संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस सरकार के दमन और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष को सम्मान देने का काम किया है, जिसका मैं हृदय से समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि



सदन ने आज आपातकाल रूपी उस अन्याय काल को याद करते हुए इंदिरा सरकार के शोषण और अत्याचार को सहने वाले गरीबों, दलितों और पिछड़ों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं, जब देश के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर उनकी आजादी छीन ली गई थी।

साथ ही, सदन ने इस बात पर दुःख जताया कि आपातकाल में कैसे पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था और इंदिरा सरकार ने कैसे हमारे संविधान की भावना को कुचलने का काम किया था। शाह ने कहा कि संसद के इस प्रस्ताव ने आपातकाल के काले कालखंड में संविधान में किये गए कई संवेदनशील संशोधनों से एक व्यक्ति के पास सारी शक्तियों का केन्द्रीकरण करने वाली कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को एक्सपोज करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा विपक्ष के लाखों नेताओं को अकारण डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में बंद करने की क्रूरताओं की निंदा करने का काम किया है। ज्युडीशियरी, ब्यूरोक्रेसी और मीडिया जैसे प्रमुख स्तंभों को आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर किया है।

संसदीय लोकतंत्र समाप्त करने वाली कांग्रेसी सोच की कभी पुनरावृत्ति न हो, इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को देश में कांग्रेस शासन में आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इस निर्णय को संविधान पर हमला बताया।

# वालमार्ट वृद्धि ने 58 हजार से ज्यादा एमएसएमई को किया सशक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वालमार्ट ने अपने सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि के माध्यम से भारत के 58,000 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को निशुल्क डिजिटल प्रशिक्षण, कारोबारी सलाह और पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप का अवसर प्रदान करते हुए डिजिटल रूप से सशक्त किया है।

वालमार्ट ने दिसंबर, 2024 तक 50,000 एमएसएमई को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को समय से पहले ही पार कर लिया है। इन अवसरों से एमएसएमई को कारोबारी विकास की अपनी क्षमता को अनलॉक करने में मदद मिली है और पूरे भारत में ग्राहकों तक उनकी पहुंच आसान हुई है। वालमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दृ सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टेड ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षित होने वाले एमएसएमई में हमने अद्भुत लचीलापन देखा है। इन एमएसएमई में बेहतरीन इनोवेशन के साथ-साथ अपने समुदायों के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता भी दिखती है। हम उनके विकास, समावेश को बढ़ावा देने और स्थायी प्रभाव डालने के सफर का हिस्सा बनकर रोमांचित अनुभव कर रहे हैं।' फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम एमएसएमई के बीच उनके कारोबार के हर पहलू में विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ है। हमारे मिशन के अनुरूप, हजारों एमएसएमई को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर सेलर के रूप में जुड़ने में सहयोग करते हुए हमें खुशी है कि हमने बाजार में उनकी पहुंच बढ़ाई है व ई-कॉमर्स की दुनिया में उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है। साथ ही हमने उनकी समृद्धि एवं कारोबारी विकास में भी योगदान दिया है।'

## पुणे में जीका वायरस से संक्रमित मिले डॉक्टर व उनकी बेटी, प्रशासन सतर्क

**मुंबई।** पुणे जिले के कोथरुड में एरंडवणे इलाके में जीका वायरस से पीड़ित दो मरीज मिले हैं, जिनमें 43 वर्षीय डॉक्टर और उनकी 13 वर्षीय बेटी हैं। पुणे नगर निगम की टीम इन दोनों के संपर्क आए लोगों की भी मेडिकल जांच कर रही है। साथ ही आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। कोथरुड इलाके में रहने वाले डॉक्टर को बुखार के साथ लाल चकत्ते के लक्षण दिखे थे। इसी वजह से उनके रक्त का नमूना 18 जून को परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया था। 20 जून को उनके रक्त नमूनों में जीका वायरस से संक्रमित होने की रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद डॉक्टर की बेटी में भी जीका वायरस के हल्के लक्षण दिखे। उसके रक्त के नमूने भी परीक्षण के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजे गए थे। रिपोर्ट के बाद वह भी जीका से संक्रमित पाई गईं।

# अपोलो अस्पताल में द विंची-एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से सर्जरी की सुविधा शुरू

**पीडियाट्रिक सर्जरी के लिए सर्वोत्तम है द विंची एक्स आई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने मेडिकल टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। हॉस्पिटल ने देश के सबसे एडवांस्ड रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम फिफ्थ जनरेशन द विंची-एक्सआई सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई है।

अपोलो हॉस्पिटल्स की इस उपलब्धि के साथ, उत्तर प्रदेश में सर्जरी के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई है। अपोलो हॉस्पिटल्स एनसीआर को छोड़कर पूरे उत्तर प्रदेश में द विंची-एक्सआई रोबोटिक सर्जरी शुरू करने वाला पहला निजी अस्पताल है। लॉन्च इवेंट में मीडिया को संबोधित करते हुए, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के एमडी




व सीईओ, डॉ. मयंक सोमानी ने हॉस्पिटल द्वारा द विंची-एक्सआई सिस्टम सर्जरी शुरू किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷दा विंची सर्जिकल सिस्टम ने लगभग तीन दशकों से रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी में अग्रणी भूमिका निभाई है और दुनिया भर में 1.4 करोड़ से अधिक सफल सर्जरी की हैं। हम इस क्रांतिकारी तकनीक को उत्तर प्रदेश में लाकर बहुत उत्साहित हैं, इससे जटिल सर्जरी को अधिक सटीकता और कम चीरों के साथ करने की हमारी क्षमता बढ़ेगी। द विंची-एक्सआई सर्जिकल सिस्टम से सर्जरी की शुरुआत से उत्तर प्रदेश में सर्जरी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यह नया रोबोटिक सिस्टम न केवल सर्जरी की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि इससे चिकित्सा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। डॉ. सोमानी ने कहा, ÷आज के मरीज सबसे उन्नत इलाज चाहते हैं और द विंची-एक्सआई सिस्टम हमें बिना बड़े चीरों के सर्जरी करने की सुविधा देता है, जिससे मरीज जल्दी ठीक होते हैं, शरीर पर सर्जरी के दाग कम पड़ते हैं और परिणाम भी बेहतर मिलते हैं।

# रेवफिन ने उत्तर प्रदेश में जागृति यात्रा अभियान की शुरुआत की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, रेवफिन ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ के ताज होटल में 26 जून 2024 को जागृति यात्रा अभियान की शुरुआत की। अपने रेवफिन भारत यात्रा कैंपेन की सफलता के बाद, इस नए अभियान के तहत जिम्मेदारी की सवारी पहल शुरू की गई है ताकि उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल का उद्देश्य 2030 तक सरकारी विभागों में 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों को लाने में राज्य सरकार के प्रयासों का समर्थन करना है।

जागृति यात्रा अभियान के तहत, एक ऐसा वातावरण विकसित किया जा रहा है जहां इलेक्ट्रिक वाहनों का विकास हो सके और भविष्य में स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान दिया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य



राज्य में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन तंत्र को बढ़ावा देना है।

जागृति यात्रा अभियान के तहत, इस रणनीति को उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में लागू किया जाएगा। ये शहर हैं लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, बहराइच, लखीमपुर और बरेली। रेवफिन के सीईओ, समीर अग्रवाल ने कार्यक्रम में एक आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए मजबूत निवेश और इलेक्ट्रिक वाहनों के पारितंत्र के विकास के उभरते अवसरों को प्रस्तुत किया।